उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि सोनी और उसके पति सतबीर का अपने पड़ोसी और उसके परिवार के सदस्यों के साथ कुछ मुद्दों पर झगड़ा हो गया था।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, सोनी के बाएं हाथ पर दो या तीन कट के निशान थे और पेट पर एक छोटा सा घाव था। उन्होंने बताया कि उसे डॉ. हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी (शाहदरा) ने कहा, आरोपियों का दावा है कि उसने खुद ही चोटें पहुंचाईं। डीसीपी ने कहा, सतबीर के बयान दर्ज किए गए और भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# आबकारी नीति : सीएम केजरीवाल की याचिका पर 15 को सुनवाई

● ईडी की गिरफ्तार और हिरासत में रखने के फैसले को दी चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने और उन्हें हिरासत में रखने के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से नौ अप्रैल को वैध करार दिए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर उच्चतम न्यायालय 15 अप्रैल (सोमवार) को सुनवाई करेगा।

शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची में केजरीवाल की याचिका भी शामिल है। उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री को बड़ा झटका देते हुए धनशोधन के मामले में उनकी गिरफ्तारी को वैध करार दिया था और कहा था कि बार-बार समन जारी करने के बावजूद जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास थोड़ा विकल्प बचा था। उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता की ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति बनाने और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है।

इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की किसी भी दंडात्मक कार्वाई से सुरक्षा देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद ही ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था। केजरीवाल को अदालत ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और वह अब तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# ‘आप’ से संविधान बचाने की जरूरतः भाजपा

● केंद्र की तुलना में केजरीवाल सरकार ने बेहद कम काम कियाः धनखड़

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ ने जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले आम आदमी पार्टी के नेता ही संविधान के लिए सबसे ज्यादा खतरा है क्योंकि वे जेल से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट होकर भी सत्ता में बने रहने की बात करने वाले केजरीवाल और उनके नेताओं से संविधान बचाने की जरुरत है।

दिल्ली चुनावी प्रभारी ने कहा कि दिल्ली में एक ऐसी पार्टी की सरकार है जो भ्रष्टाचार खत्म करने का नारा देकर सत्ता में आई थी और उसने जिस कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार विरोधी मुहीम चलाई थी आज सिर्फ दिल्ली ही नहीं पूरा देश देख रहा है कि वे कांग्रेस से साथ हाथ में हाथ पकड़े घूम रही हैं। नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी बांसुरी स्वराज एवं प्रदेश मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर उपस्थित थे। उन्होने कहा की गत 9 साल में दिल्ली मे केन्द्र सरकार की तुलना में अरविंद केजरीवाल सरकार ने नगण्य विकास कार्य किया है।

धनखड़ ने कहा कि आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे। राजनीतिक बयानों से मुख्यमंत्री केजरीवाल के ऊपर लगे आरोपों से छुटकारा नहीं मिलेगा।

### जेएनयू में छात्र संगठन 16 को करेंगे हड़ताल

**नई दिल्ली।** जेएनयू छात्र संघ ने शनिवार को यौन उत्पीड़न की शिकायत पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ‘निष्क्रियता’ सहित छात्रों से संबंधित मुद्दों पर उसके सदस्यों के साथ बैठक करने से इनकार करने के विरोध में 16 अप्रैल को हड़ताल का आह्वान किया है।

छात्रसंघ ने बताया ‘संगठन को सुझाव दें और प्रशासन से उसकी मांग करें’ अभियान शुरू किया है जिसमें छात्र समुदाय के प्रभावित करने वाले मुद्दों का एक मसौदा तैयार करने के लिए राय मांगी है। अन्य मांगों के अलावा, छात्र संघ ने यौन उत्पीड़न की घटना की शीघ्र जांच करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कविता ने पैसे देने की दी थी धमकीः सीबीआई

● जांच एजेंसी ने अदालत को बताया, बीआरएस नेता ने एससी रेड्डी दिए थे निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यहां की एक विशेष अदालत में कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने अरबिन्दो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के तहत उनकी कंपनी को आवंटित पांच खुदरा क्षेत्र के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को 25 करोड़ रुपए की राशि देने की कथित तौर पर धमकी दी थी।

सीबीआई के अनुसार, कविता ने रेड्डी से कहा था कि अगर वह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को पैसा नहीं देते हैं तो तेलंगाना और दिल्ली में उनके कारोबार को नुकसान पहुंचेगा। दिल्ली में कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आरोपी रेड्डी मामले में सरकारी गवाह बन गया है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। सीबीआई ने अभी तक उसके खिलाफ कोई आरोपपत्र दाखिल नहीं किया है। बीआरएस नेता कविता से हिरासत में पूछताछ का अनुरोध करते हुए सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता के जोर देने पर और आश्वासन पर, रेड्डी दिल्ली में शराब कारोबार से जुड़ा।

कविता ने रेड्डी को कथित तौर पर आश्वासन दिया था कि उनके दिल्ली सरकार में संपर्क हैं और शराब के कारोबार में उनकी मदद करेंगी। सीबीआई ने शुक्रवार को अदालत को बताया, कविता ने शरत चंद्र रेड्डी से कहा था कि शराब कारोबार करने के लिए आम आदमी पार्टी को प्रत्एक खुदरा क्षेत्र के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए का भुगतान करना है।

## संक्षिप्त समाचार



डॉ. भीमराव अम्बेडकर की फोटो पर पुष्प अर्पित करते लवली।

### बाबा साहेब को लवली ने पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती पर उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाकर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। डॉ. अम्बेडर ने जीवन भर दलितों और पिछड़ों के उत्थान तथा न्याय और समानता के अधिकारों के लिए जो लंबी लड़ाई लड़ी थी, जिसके कारण भारत जैसे विभिन्न संस्कृतियों और वर्गों वाले देश में सभी लोगों को सामाजिक समानता का अधिकार एक समान प्राप्त है। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के अलावा डॉ अम्बेडकर को श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सांसद रमेश कुमार और डॉ उदित राज, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, सुरेन्द्र कुमार, अमरीश गौतम, मालाराम गंगवाल, भीष्म शर्मा, जितेन्द्र कुमार कोचर, पूर्व निगम पार्षद चौ0 प्रेम कुमार, दीपक वशिष्ठ, नरेश शर्मा नीटू, चत्तर सिंह रछौया, अशोक भसीन, सतीश टांक, सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल व एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी शामिल थे।

### डॉ. अम्बेडकर सच्चे देशभक्त, राष्ट्रवादी थेः प्रो. सुमन

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर के विवेकानंद मूर्ति के निकट भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय संगोष्ठी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता आर्यभट्ट कॉलेज में प्रोफेसर के.पी. सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता फोरम के चेयरमैन प्रोफेसर हंसराज सुमन व मंच संचालन आर.के.सरोज ने किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, अविनाश, राज कुमार आदि छात्रों के अलावा बहुत से शोधार्थी भी उपस्थित थे ।

### युवक की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** द्वारका में 9 अप्रैल को मेट्रो स्टेशन के पीछे के जंगल में मिले अज्ञात शव और हत्याकांड मामले में पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड में आरोपी सुरेश गंगवार गिरफ्तार किया गया है। अपराध के हथियार में चाकू, खून से सने कपड़े और मोबाइल फोन की बरामदगी किया है। घटनास्थल के पास मृतक का सामान मिला और उससे मृतक की पहचान रायबरेली के 28 वर्षीय युवक आशीष कुमार पुत्र ओंकार सिंह के रूप में हुई थी। अंकित सिंह, डीसीपी द्वारका के देखरेख में इस हत्याकांड का खुलासा किया गया।

# बदला मौसम का मिजाज, अंधड़ के साथ बारिश से गिरा पारा

● राजधानी के हवाई अड्डे से 22 उड़ानों के मार्ग में किया गया परिवर्तन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में तेज अंधड़, बारिश और घने काले बादल छा जाने से अचानक मौसम का मिजाज बदल गया, इसके साथ ही लोगों को तपिश भरी गर्मी से राहत मिलने के साथ तापमान में गिरावट भी दर्ज किया गया। इसका असर राजधानी दिल्ली के साथ नोएडा, गुरुग्राम गाजियाबाद और आसपास के शहरों में तेज हवा चल रही है। ।

वहीं खराब मौसम के कारण शनिवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग परिवर्तन किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इनमें से नौ उड़ानों को जयपुर, आठ को लखनऊ दो को चंडीगढ़ और वाराणसी, अमृतसर तथा अहमदाबाद 1-1 भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि जिन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, उनमें इंडिगो की नौ उड़ानें, एयर इंडिया की आठ उड़ानें और विस्तारा की तीन उड़ानें शामिल हैं।

मार्ग परिवर्तन शाम तीन बजे से साढ़े छह बजे के बीच हुआ। राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) प्रतिदिन लगभग 1,300 उड़ानों की आवाजाही संभालता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन की शुरुआत में बहादुरगढ़, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और मानेसर सहित दिल्ली और एनसीआर क्षेत्रों में तेज़ हवाओं के साथ हल्की और मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की थी। दिल्ली और एनसीआर में बारिश के कारण कई हिस्सों में भारी ट्रैफिक जाम देखा गया। इससे पहले मौसम विभाग ने हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश के साथ गरज के साथ बारिश होने और तेज रफ्तार हवाओं के चलने का अनुमान जताया था।

वैज्ञानिक और क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, उत्तर पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण आसमान में बादल छाए रहेंगे और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जिससे राजधानी में तापमान में करीब 33 फीसदी तक गिरावट संभव है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर 18-19 अप्रैल तक रहेगा। उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल के बाद तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा।

आईएमडी ने रविवार को आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश के साथ 35 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान लगाया है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 33 डिग्री सेल्सियस और 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।



राजधानी में हुई झमाझम बारिश से बचती युवती।

# आर्टेमिस अस्पताल ने कनीना हादसे के घायलों से लिए 90 हजार वापस लौटाए

## हरियाणा सरकार के निर्देशों के तहत अस्पताल ने लौटाई यह राशि

### स्वास्थ्य मंत्री ने की थी घायल बच्चों का मुफ्त उपचार की बात

### उपचाराधीन बच्चों के स्वास्थ्य अपडेट की निरंतर मोनिटरिंग कर रहा जिला प्रशासन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के आर्टेमिस अस्पताल में उपचाराधीन कनीना स्कूल बस हादसे में घायल बच्चों का हालचाल जानने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

**कनीना** के पास स्कूल बस हादसे में घायलों के मुफ्त उपचार की घोषणा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने की थी, लेकिन गुरुग्राम के आर्टेमिस अस्पताल में भर्ती कराए गए तीन बच्चों के परिजनों से अस्पताल ने 90 हजार रुपये जमा करा लिए। इस मामले की जानकारी सामने आते ही सरकार हरकत में आई और इस विषय पर अस्पताल से बात कही। अब अस्पताल प्रबंधन ने बस हादसे में घायल उपचाराधीन बच्चों के अभिभावकों को अस्पताल में एडमिट करने के समय जमा की गई राशि लौटा दी है।

बता दें कि गुरुवार 12 अप्रैल को हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल क गुप्ता ने आर्टिमिस अस्पताल का दौरा कर चिकित्सकों से उपचाराधीन स्कूली बच्चों के उपचार की विस्तृत जानकारी ली थी। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए थे कि हादसे में घायल बच्चों के उपचार का पूरा खर्च हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिला के कनीना में 11 अप्रैल को हुए बस हादसे के उपरांत तीन अभिभावकों ने बच्चों को आपात हालात में आर्टिमिस अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं 12 अप्रैल को हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने अस्पताल का दौरा कर बच्चों को दिए जा रहे उपचार की जानकारी लेकर बच्चों के इलाज पर होने वाले खर्च को हरियाणा सरकार की ओर से वहन करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिला प्रशासन के संज्ञान में आया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से नियमित एडमिशन प्रक्रिया के तहत दो अभिभावकों से 50 हजार व 40 हजार की राशि बतौर एडमिशन चार्ज ली गयी थी।

### अस्पताल प्रबंधन ने कहा उन्हें बस हादसे की जानकारी नहीं थी

**अस्पताल** प्रबंधन ने इस मामले पर अपना पक्ष रखते हुए जिला प्रशासन को बताया कि एडमिशन के समय अस्पताल प्रबंधन को एडमिट किए गए बच्चों की बस हादसे की पूर्ण जानकारी नहीं थी। डीसी ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन ने जिला प्रशासन के दखल के बाद अपनी भूल स्वीकार कर दोनों अभिभावकों को जमा राशि लौटा दी है। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव व उनकी टीम तीनों बच्चों के इलाज की प्रक्रिया पर निरंतर नजर बनाए हुए है। वहीं बच्चों के अभिभावकों को आश्वस्त किया गया है कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिए वे निसंकोच जिला प्रशासन से संपर्क कर सकते।

आर्टिमिस अस्पताल के डिविजनल हेड आशुतोष शर्मा ने इस पूरे मामले में अस्पताल प्रबंधन का पक्ष रखते हुए बताया कि एडमिशन के समय कुछ राशि जमा करना नियमित उपचार प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन को जैसे ही हरियाणा सरकार के निर्देश मिले तत्काल प्रभाव से दोनों अभिभावकों की ओर से कुल 90 हजार की जमा राशि वापिस कर दी गयी है।

# गुरुग्राम में निजी स्कूलों की 795 बसों की जांच की, 184 के किए चालान

### रविवार को भी जारी रहेगा जांच का यह अभियान

### डीसी निशांत कुमार यादव ने स्वयं वाहनों के कागजात जांचे



गुरुग्राम में निजी स्कूलों की बसों के कागजात की जांच करते डीसी व बस में सिलेंडर की जांच करते पुलिसकर्मी।

**गुरुग्राम।** जिला में स्कूली बच्चों को सुरक्षित स्कूल वाहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीसी निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन में शनिवार को जिला में पांच स्थानों पर स्कूली बसों का सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शनिवार को जिला में 795 बसों की जांच की गई। जिसमें चेक लिस्ट के 24 बिंदुओं को पूरा न करने वाली 184 बसों का आरटीए व पुलिस विभाग द्वारा चालान किया गया।

जिला के 527 स्कूलों की 2600 बसों का यह जांच अभियान रविवार 14 अप्रैल को भी जारी रहेगा। डीसी ने जांच अभियान की गंभीरता के मद्देनजर शनिवार को स्वयं फील्ड में उतरकर जांच अभियान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्कूलों की बसों के कागजात भी चेक किए। वहीं बसों में उपलब्ध आपात उपकरणों की ड्राइवर व अटेंडेंट को कितनी जानकारी है, इसका डेमो भी देखा। बसों में लगाए गए स्पीड गवर्नर कितने कारगर हैं, इसकी जांच के लिए उन्होंने एक स्कूल बस में डीसीपी ट्रैफिक अनिल विज, एडीसी हितेश कुमार मीणा व एसडीएम मानेसर दर्शन यादव के साथ लघु सचिवालय से ताऊ देवीलाल स्टेडियम तक का सफर भी किया। डीसी ने बताया कि महेंद्रगढ़ में हुए बस हादसे के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी के तहत जिला में संचालित 527 स्कूलों की 2600 के करीब स्कूली बसों का दो दिवसीय जांच अभियान शुरू किया है। जिला में बसों की जांच के लिए पांच स्थान निर्धारित किए गए हैं। ये स्थान गुरुग्राम शहर में लघु सचिवालय की पार्किंग, लेजर वैली ग्राउंड सहित ताऊ देवीलाल स्टेडियम की पार्किंग इसी प्रकार पटौदी उपमंडल की स्कूल बसों को एचएसवीपी सेक्टर एक व सोहना उपमंडल में ताऊ देवीलाल स्टेडियम में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक समय निर्धारित किया गया था।

डीसी ने बताया कि शनिवार को अभियान के पहले दिन लघु सचिवालय की पार्किंग में मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव के नेतृत्व में 36 स्कूलों की 529 बसों की जांच की गई जिसमें 19 बसों में खामियां मिलने पर आरटीए व पुलिस विभाग द्वारा उनका चालान किया गया। लेजर वैली ग्राउंड में नगर निगम गुरुग्राम के जोन तीन के संयुक्त आयुक्त के नेतृत्व में 12 स्कूलों की 111 बसों की जांच कर 33 बसों का चालान किया गया। ताऊ देवीलाल स्टेडियम में नगर निगम गुरूग्राम के जोन चार के संयुक्त आयुक्त अखिलेश यादव के नेतृत्व में 9 स्कूलों की 53 बसों की जांच की गई जिसमें 39 बसों का चालान किया गया। सोहना में एसडीएम सोनू भट्ट के नेतृत्व में 11 स्कूलों की 41 बसों की जांच कर 37 बसों का चालान किया गया है।

# मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रही है: कमल यादव



भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिला अध्यक्ष कमल यादव।

### यादव ने जिला पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारियों से पिछले एक महीने के कार्यों का लिया फीडबैक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**चुनावी** अभियान को और गति देने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने जिला पदाधिकारियों, मोर्चो के अध्यक्ष और मंडल प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में कमल यादव ने सभी पदाधिकारियों से पिछले एक महीने में किए गए कार्यों का फीडबैक लिया और आगामी कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की।

जिला अध्यक्ष ने हर मंडल में 100-100 माइक्रो डोनेशन का कार्य करने की भी बात बैठक में कही। कमल यादव ने हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए सभी बूथों पर अधिक सक्रियता से काम करने के दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में कमल यादव ने बताया कि रविवार को बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती को भाजपा हर बूथ पर मनाएगी। जिला अध्यक्ष ने बाबा साहब की जयंती पर ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों पर पहुंचने का आग्रह किया।

बैठक में जिला महामंत्री रामबीर भाटी, सर्वप्रिय त्यागी, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, सुन्दरी खत्री, सचिव अवनीश राघव, पवन जांघू, निधि कोटिया, महेश वशिष्ठ, पीसी सैनी, कार्यालय सचिव यादराम जोया, सह कार्यालय सचिव ओम प्रकाश ठाकरान, सह-मीडिया प्रमुख पवन यादव, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन मित्तल, सह कोषाध्यक्ष जगतार सिंह, प्रवक्ता विपिन यादव, प्रदीप सैनी, आईटी प्रमुख सुमित वोहरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक निर्मल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महापुरुषों से प्रेरित होंगे युवा

जिला मीडिया प्रमुख गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि गुरुकमल में शनिवार को हुई बैठक में जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश सरकार शहीदों, संतों एवं महापुरुषों के नाम से बड़े बड़े प्रतिष्ठानों और संस्थाओं के नाम रख रही है। हरियाणा में भाजपा सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना चलाई है, जिसके तहत संत महापुरूषों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाए जाने की पहल की है, ताकि युवा पीढ़ी को संत महापुरुषों की जीवनी से समाज कल्याण की प्रेरणा मिले।

# ब्लैक फिल्म लगी कार रोकने के लिए कहा तो कांस्टेबल को टक्कर मार 100 मीटर तक घसीटा

## शहर के सेक्टर 4/7 चौक के पास की है घटना, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**लोगों** में पुलिस का खौफ खत्म होता जा रहा है या फिर कुछ लोग खुद को कानून से ऊपर समझते हैं। क्योंकि यहां सेक्टर 4/7 चौक के पास ब्लैक फिल्म लगी कार को जब यातायात पुलिस कर्मी ने रुकवाने का इशारा किया तो ड्राइवर ने उस पर कार चढ़ा दी। गनीमत रही कि वह कार के नीचे नहीं आया। चालक उसे घसीटते हुए 100 मीटर तक ले गया। आरोपी के खिलाफ न्यू कॉलोनी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। घायल कांस्टेबल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल अजय पाल ने न्यू कालोनी थाना में शिकायत देकर कहा कि वह शुक्रवार की शाम को अपने अन्य साथियों के साथ सेक्टर 4/7 चौक पर ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की होंडा सिविक गाड़ी चौक से सेक्टर-9 की ओर जाती हुई दिखाई दी। गाड़ी के शीशे पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी। उसने कार के ड्राइवर को रुकने का इशारा किया। इस पर ड्राइवर ने कार साइड में ले जाकर उसे टक्कर मार दी और वह कार के बोनट पर आ गया। कांस्टेबल के अनुसार उसने ड्राइवर को कार रोकने के लिए चिल्ला-चिल्लाकर कहा, लेकिन वह उसे कार के बोनट पर 100 मीटर तक ले गया। सामने जाम लगा होने के कारण उसने कार रोक दी। इसके बाद अन्य यातायात पुलिस पुलिसकर्मियों और लोगों ने कार चालक को पकड़ा। पुलिसकर्मी के घुटनों और बांहों में चोटें आई हैं। उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कांस्टेबल की शिकायत के बाद कार चालक के एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान सोनीपत जिले के गांव बरौना निवासी अमित के रूप में हुई है। जांच अधिकारी अवतार सिंह के अनुसार आरोपी कार चालक को जांच में शामिल होने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया। ट्रैफिक पुलिस ने उसका चालान जारी कर दिया है।

### डीजी हेल्थ के संभावित दौरे को लेकर चमकाया जा रहा अस्पताल

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल के बाहर-भीतर इन दिनों सफाई का काम विशेष तौर पर किया जा रहा है। पतझड़ के मौसम में पेड़ों से गिरने वाले पत्तों को भी निरंतर उठाया जा रहा है। साथ ही रात के समय अस्पताल परिसर के चारों तरफ बंद रहने वाली लाइट्स को भी दुरुस्त कर दिया गया है। चर्चाएं हैं कि हरियाणा के नए स्वास्थ्य महानिदेशक डा. रणदीप सिंह पूनिया का यहां निकट भविष्य में दौरा होगा।अस्पताल में सामान्य तौर पर सफाई व्यवस्था तो दुरुस्त रहती है, लेकिन इन दिनों सफाई का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के लिए बकायदा सीनियर नर्सिंग ऑफिसर (एसएनओ) की तैनाती की गई है। उनके नेतृत्व में यहां पर दिनभर सफाई व अन्य कर्मचारी अलग अलग कार्यों में जुटे नजर आते हैं।

# निजी स्कूल वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे बैठाने पर हो कार्यवाई: अभिभावक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**निजी** स्कूलों में अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने वाले अभिभावक वाहनों में क्षमता से अधिक विद्यार्थी बैठाने वाले वाहन को तुरन्त बंद किया जाए। स्कूलों में लगे विद्यार्थियों को लाने व लेकर जाने में लगे निजी वाहनों पर रोक लगे। निजी स्कूल वाहनों की हर माह प्रशासन द्वारा जांच करानी चाहिए। दो दिन पहले जिला महेन्दगढ़ में स्कूल बस पलटने से हुई दर्द नायक घटना से निजी स्कूलों में अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने वाले अभिभावकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई है। अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक प्रशासन से निजी स्कूलों द्वारा बरती जाने वाली लापरवाही की हर माह जांच कराने की मांग कर रहे है। ताकि उनके बच्चें निजी स्कूलों के वाहनों में आसानी से आ जा सके।



**निजी** स्कूलों में विद्यार्थियों को लेकर जाने वाहनों में क्षमता से अधिक विद्यार्थी नहीं होने चाहिए। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले वाहनों को पुलिस तुरंत जब्त करते हुए चालक और स्कूल मालिक के खिलाफ विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ करने का मामला दर्ज किया जाए।

( ज्योति गहलोत )



**निजी** स्कूलों में कॉमर्शियल वाहन ही विद्यार्थियों का लाने व छोड़ने के लिए उपयोग हो। निजी वाहनों पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि निजी वाहन चालक तेजी से चलाते हुए विद्यार्थियों की जिंदगी से खिलवाड़ करता है। उसे अधिक कमाई की लालच अधिक गति से वाहन चलाने के लिए मजबूर कर देता है।

( सुन्दरी )



**निजी** स्कूलों में लगे वाहनों की हर माह सुरक्षा के मापदंड को लेकर जांच होनी चाहिए। ताकि जिनी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का जीवन वाहन में सुरक्षित रह सके। खटारा वाहनों का उपयोग करने वाले स्कूल मालिक पर केस दर्ज कराया जाना चाहिए।

( अनिल भारद्वाज )

# खंड में 40 निजी स्कूलों के सैंकडों वाहनों हुई सुरक्षा जांच



शनिवार को सोहना के खेल स्टेडियम में निजी स्कूल वाहनों की जांच करते हुए।

### पांच अलग-अलग टीमों ने करीब 100 स्कूल वाहनों की जांच की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**उपायुक्त** के आदेश पर शनिवार को 40 निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों के वाहनों की जांच की गई। रविवार को 42 मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के वाहनों की जांच की जाएगी।

शनिवार को स्थानीय ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में उपायुक्त के आदेश पर खंड के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के वाहनों के जांच पड़ताल के लिए बुलाया गया। खंड के 82 मान्यता प्राप्त स्कूलों में से पहले दिन शनिवार को 40 स्कूलों के करीब 100 के लगभग वाहनों की जांच की गई। जांच में शिक्षा विभाग से खंड अधिकारी सुमिता रांगी, ट्रैफिक पुलिस की तरफ से एसीपी सुखबीर सिंह, इंस्पेक्टर राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ थे। वाहनों की जांच का कार्य सोहना एसडीएम सोनू भट की देखरेख में चला। जिसके लिए पांच अलग-अलग टीमें बनाई गई। जांच वाहनों की जांच का कार्य सुबह 11 बजे शुरू किया।

### 30 के करीब मापदंड की जांच

निजी स्कूलों के वाहनों की जांच करीब 30 मापदंडों के तहत की गई। जिसमें टूल बॉक्स से लेकर आग बुझाने के यंत्र, फास्टेड बॉक्स, वाहनों में सीसीटीवी कैमरों की हालत, गाड़ी का मॉडल, पासिंग आउट, वाहन बाहरी क्षेत्र के दोनों तरफ स्कूल मालिक, चालक और संस्था का मोबाइल नंबर का अंकित होना, पास की आखिरी जांच का डाटा, वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, पूर्व में चालक का कोई चालान कब कटा, वाहनों के टायर, बैठने की सीट, चालक की सीट बेल्ट, वाहन की गति क्षमता आदि की जांच की गई।

> “ खंड में मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या 82 है। पहले दिन शनिवार को 40 स्कूलों के वाहनों को जांचं में शामिल किया गया है। शेष 42 स्कूलों के वाहनों की जांच रविवार को की जाएगी।
> (**सुमिता रांगी,** खंड शिक्षा अधिकारी)

> “ ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियम के तहत वाहनों की जांच की गई। जिसमें मुख्य रुप से वाहन का पंजीकरण, प्रदूषण, मुख्य रूप से देखा। वाहन चालक द्वारा नशीला पदार्थ का उपयोग करने का आदि की भी पड़ताल की गई।
> (**सुखबीर सिंह,** एसीपी ट्रैफिक)

> “ वाहनों जांच की दो दिन तक चलने वाले इस अभियान की रिपोर्ट जांच पूरी होने के तुरन्त बाद उपायुक्त निशांत यादव को भेजी जाएगी। जांच में पाई जाने वाली खामियों का फैसला उपायुक्त द्वारा किया जाएगा।
> (**सोनू भट**-एसडीएम सोहना)

# अपनी हेल्थ की अनदेखी करती हैं महिलाएं: मुखर्जी

## फोर्टिस अस्पताल ने लांच किया मेनोपॉज क्लीनिक मैत्री

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में क्लीनिक-मैत्री की शुरुआत करतीं भारत सरकार में पूर्व स्वास्थ्य सचिव सुनीता मुखर्जी व मौजूद चिकित्सक।

**महिलाओं** की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के मद्देनजर मेनोपॉज हेल्थकेयर के लिए फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने क्लीनिक-मैत्री शुरू किया है। इस क्लीनिक का उद्घाटन भारत सरकार में पूर्व स्वास्थ्य सचिव सुनीता मुखर्जी ने किया।

अपने संबोधन में सुनीता मुखर्जी ने कहा कि भारत में दुनिया की 50 फीसदी महिला आबादी रहती है, लेकिन वे खुद ही अपनी हेल्थ संबंधी जरूरतों की अनदेखी करती हैं। खासतौर से मेनोपॉज के दौरान वे अक्सर अपने प्रति लापरवाह रहती हैं। इस कमी को भरने के लिए फोर्टिस गुरुग्राम द्वारा मेनोपॉज क्लीनिक लॉन्च करने की पहल सराहनीय है। जो स्पेश्यलाइज्ड प्रीवेंटिव केयर और एजुकेशन की पेशकश करते हुए हर महिला की वैलबींग को प्राथमिकता देगा।

सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनीकोलॉजी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट प्रोफेसर डा. सुनीता मित्तल ने कहा कि रिपोर्टों के अनुसार 40 से 45 साल की आयुवर्ग की महिलाओं में अर्ली मेनोपॉज (सामान्य उम्र से पहले) के लक्षण दिखायी देने लगते हैं। साथ ही हॉट फ्लश, वजन बढने, मूड स्विंग्स, अनियमित ब्लीडिंग, जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं। महिलाओं को कई तरह की हेल्थ समस्याओं का सामना करना पड़ता है, ऐसे में वे इस क्लीनिक में गाइनीकोलॉजिकल हेल्थ, मेनोपॉजल हेल्थ, मेंटल हेल्थ तथा डायट एवं वेट कंट्रोल से लेकर हार्ट और बोन हेल्थ जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर महिलाओं में 45 से 52 साल की उम्र के दौरान मेनोपॉज (रिप्रोडक्टिव आयु समाप्त होने की लाइफ स्टेज) होता है, जो उनकी बायोलॉजिकल एजिंग का एक पड़ाव है। पेरीमेनोपॉज यानि ट्रांजिशनल पीरियड मेनोपॉज से कई साल पहले से लेकर मासिक धर्म बंद होने के बाद एक साल तक रह सकता है।

# उठान कार्य जल्द पकड़ेगा गति: एसडीएम

### किसान नहीं हो परेशान, समय पर होगा भुगतान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना एसडीएम शनिवार को अनाज मंडी में पहुंच फसल उठान को लेकर किसान, आढ़ती और सरकारी एजेंसी अधिकारियों से बाते करते हुए।

**शनिवार** की शाम आसमान में आंधी आने से किसानों से लेकर आढ़ती और सरकारी एजेंसी अधिकारियों के का पसीना छूडा दिया। मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं और सरसों को देख किसान परेशान हो रहा है। शनिवार को एसडीएम ने मंडी का दौरा करने के बाद किसान और आढ़तियों को जल्द ही लदान हो जाने का आश्वासन दिया है।

स्थानीय अनाज मंडी में 60 हजार क्विंटल के लगभग सरसों और 25 से 30 हजार क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। जिसका समय पर उठाव न होने से किसान के माथे पर चिंता की लकीरें खिंची हुई है। जबकि स्थानीय अनाज मंडी में सरकार के खाते में खरीदी गई फसल का उठाव कछूआ गति से हो रहा है। शनिवार की शाम आई आंधी को देख किसान से लेकर आढ़ती और सरकारी एजेंसी अधिकारियों के हाथ पांव-फूल गए।

शनिवार की दोपहर एसडीएम सोनू भट ने अनाज मंडी का दौरा किया। दौरे के दौरान एसडीएम ने खुले आसमान के नीचे पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं के निकट पहुंच आढ़ती, एजेंसी अधिकारी और किसानों से बात की। इस दौरान स्थनीय अनाज मंडी में फसल का उठाव करने वाले ठेकेदार को कार्य तेजी लाने को कहा। किसानों को उनकी द्वारा बेची गई फसल का समय पर भुगतान कराने का आश्वासन दिया है। मौसम को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने का आदेश तुरन्त प्रभाव से एसडीएम ने दे दिए है। हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय अनाज मंडी से सरकार के खाते में खरीदी गई फसल को सही गोदाम की सुविधा न मिलने से परेशानी आ गई है। मंडी में खरीदी गई फसल का उठाव का कारण गोदाम की देरी से मंजूरी मिलना भी बताया जा रहा है। समय पर गोदाम की मंजूरी मिलने पर उठाव की समस्या नहीं आती।

> “ ठेकेदार के पास मजदूर कम होने के कारण लदान जरुरत से कम हो रहा है। शिनवार को चार गाड़ी अनाज का उठाव हुआ है। सोमवार तक लदान की चाल बन जाएगी।
> (**मुकेश कुमारी,** खरीद अधिकारी हेफेड)

> “ किसान को उसकी फसल का पूरा भुगतान मिलेगा। किसान की फसल को सुरक्षित रखा जाएगा और गोदाम में पहुचने के साथ ही भुगतान कराया जाएगा। आढ़ती किसान का सहयोग करें।
> (**सोनू भट,** एसडीएम सोहना)

# जीवा स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी का त्योहार

### विद्यालाय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने दी पर्व की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के प्रांगण में बैसाखी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके साथ.साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को भी समान रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में यह दर्शाया गया कि भारत में विभिन्नताओं में एकता पाई जाती है। भारत में मनाए जाने वाले सभी त्योहार लोगों की समृद्धि एवं खुशियों का प्रतीक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने बताया कि भारत में प्रत्येक ऋतु का अपना एक महत्व होता है, क्योंकि यहां हर ऋतु में अलग.अलग तरह की फसलें होती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां फसलों के पककर तैयार होने पर भी त्योहार मनाने की परंपरा है। बैसाखी का



त्योहार भी रवि की फसल के पककर तैयार होने की खुशी में ही मनाया जाता है। हिंदू रीति के अनुसार इस दिन से हिंदुओं का नववर्ष भी प्रारंभ होता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया ।

कार्यक्रम में विद्यालय की संगीत की अध्यापिका गुरमीत कौर ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया। उनके साथ बच्चों ने भी मनमोहक भजन प्रस्तुत किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं उनके महान कार्यों के विषय में बताया। इस अवसर पर वैसाखी से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने बताया कि विभिन्न राज्यों में किस प्रकार से बैसाखी का त्योहार मनाया जाता है। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। किंडरगार्टन के नन्हे छात्रों ने भी बैसाखी पर कविता प्रस्तुत की। गीत सुनाए, लघु नाटिका एवं एक शानदार नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय में हवन किया गया एवं भगवद्गीता का संक्षिप्त ज्ञान भी दिया गया, जिससे बच्चों में सकारात्मकता उत्पन्न हो।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति सबसे प्रेम करना सिखाती है।

अत: हमें सबसे प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए और सबकी भावनाओं का आदर करना चाहिए। कोई भी कार्य हो, प्रत्येक विषय पर मंथन भी अवश्य करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### विकास का दूसरा नाम कृष्णपाल गुर्जर : धर्मवीर भड़ाना



**फरीदाबाद।** एनआईटी-86 फरीदाबाद की डबुआ अनाज मंडी में 19 अप्रैल को होने वाली विजय संकल्प रैली को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। भाजपा नेता धर्मवीर भड़ाना ने रैली की तैयारी को लेकर पाली क्रेशर जोन में क्रेशर मालिकों और कर्मचारियों के साथ खास बैठक की और बताया कि क्रेशर जोन से सैकड़ो लोग रैली में पहुंचेंगे ।उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा संबोधित की जाने वाली ये रैली एक बड़ा इतिहास रचने जा रही है। उन्होंने बताया कि इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसी विधायक के होने के कारण विकास कार्य ठप पड़ा है और विधानसभा क्षेत्र कई वर्ष पीछे चला गया। अब यहां की जनता बदलाव के लिए तैयार है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि विकास का दूसरा नाम कृष्णपाल गुर्जर है और होडल से लेकर बदरपुर बॉर्डर तक के लोग बोल रहे हैं इस बार केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर पूरे देश में जीत का बड़ा रिकॉर्ड बनाएंगे। उन्होंने कहा कि एनआईटी-86 की जनता भी 25 मई को कमल के फूल के सामने वाली बटन दबाने के लिए बेताब है।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस बल ने निकाला फ्लैग मार्च



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा लोकसभा चुनाव संबंधी दिए गए दिशा-निर्देश के तहत चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एनआईटी जोन में भारी पुलिस बल स्थानीय एवं आईटीबीपी के साथ फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था काम रखना के लिए जागरूक किया। इस फ्लैग मार्च में एसीपी एनआईटी, थाना सेक्टर-58, धौज, कोतवाली, सारन, डबुआ, एसजीएम नगर, सूरजकुंड, एनआईटी व पुलिस चौकी इंचार्ज दयालबाग, ग्रीन फिल्ड, पर्वतीय कॉलोनी, मांगर व पाली के सहित भारी संख्या में फ्लैग मार्च में हिस्सा ले रहे पुलिस कर्मियों ने सुरजकुंड दयालबाग, ग्रीन फील्ड, सेक्टर-46, मेवला महाराजपुर, सेक्टर-45, सेक्टर-21 ए, बी, सी, डी, एनआईटी 1,2,3,4,5 नम्बर, एसजीएम नगर, सैनिक कॉलोनी चौक, डबुआ पर्वतीय कॉलोनी, संजय कॉलोनी, मुजेसर, मोहताबाद, गोठडा, धौज, किला खेडी, राजीव कॉलोनी सीकरी, सेक्टर-58 झाडसेंतली, जाजरु, नंगला जोगियान फ्लैग मार्च तक निकाला गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए फरीदाबाद में फ्लैग मार्च किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एसीपी एनआईटी और आईटीबीपी अर्धसैनिक बल के साथ एनआईटी जोन के थाना सुरजकुंड, कोतवाली, धौंज, मुजेसर, सारन, एसजीएम नगर डबुआ, एनआईटी और सेक्टर-58 एरिया में फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च का मकसद मतदाताओं में विश्वास जगाना और उन्हें भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। दरअसल, फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों व गांव से होकर गुजरा, जिसमें पुलिस के जवान, अर्धसैनिक बल के अधिकारी शामिल थे।

### सराय ख्वाजा विद्यालय में मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की



**फरीदाबाद।** महेंद्रगढ़ जिले के कनीना गांव के जीएल पब्लिक स्कूल की बस दुर्घटना ग्रस्त होने के कारण छह विद्यार्थियों के असामयिक निधन पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस सदस्य छात्र, छात्राओं, अध्यापकों एवम समस्त स्टाफ ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और स्टाफ सदस्यों ने कहा कि यह बहुत ही दुखद एवम हृदय विदारक दुर्घटना घटी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी हृदय विदीर्ण घटना की पुनरावृति न हो। विद्यालय प्रबंधन को भी वित्तीय स्वार्थों से परे सोचना होगा और सुरक्षा मानकों का अनुसरण करते हुए कुशल और निपुण बस चालकों का चयन करें क्यों कि मानवीय त्रुटि से होने वाली दुर्घटना को होने देने से भयंकर परिणाम प्राप्त होते हैं। ऐसी भूलों के लिए उचित एवम कठोर दंड और प्रतिबंधों का प्रावधान किया जाना चाहिए। इतना करने पर भी क्या जिन घरों के कुलदीपक बुझे है, उन्हें लौटाया जा सकता है। ऐसी हृदय विदारक त्रासदी से हम सभी को विशेष रूप से संचालकों और प्रबंधकों को जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से अनुपालन करना ही होगा। शोक की इस घड़ी में शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग तथा प्रशासन भी त्वरित कार्रवाई कर रहा है तथा शोक संतप्त परिवारों के साथ है। सराय ख्वाजा फरीदाबाद विद्यालय के सभी छात्र, छात्राओं और अध्यापकों ने परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि जिन परिवारों पर यह अपार दुख का पहाड़ गिरा हैं, उन्हें इस विशाल दुख को सहन करने का सामर्थ्य प्रदान करें।

### गली में टहल रही महिला के गले से लूटी सोने की चेन

**पलवल।** ओमैक्स सिटी में घर के बाहर सुबह करीब छह बजे गली में घुम रही 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला के गले से एक युवक सोने की चेन को लूटकर फरार हो गया। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित महिला के बेटे की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी में कैद हुए युवक की तलाश शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, ओमेक्स सिटी पलवल निवासी शशीभूषण जांगड़ा ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी माता 74 वर्षीय ओमवती सुबह-सुबह घर के बाहर गली में टहल रही थी। उसी दौरान एक लडक़ा पीछे से आया और उसकी मां के गले से सोने की चेन को लूटकर फरार हो गया। बुजुर्ग महिला जब तक शोर मचा पाती तब तक आरोपी चैन को लेकर बहुत दूर जा चुका था। बुजुर्ग महिला का शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग घरों से बाहर निकल आए और युवक तलाश शुरू कर दी, लेकिन कहीं नहीं मिला। जिसके बाद वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो आरोपी युवक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चैन को लूटकर भागता हुआ दिखाई दे रहा है। बुजुर्ग महिला ने आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन जब तक लोग घरों से निकल सके तब तक आरोपी युवक भाग गया। पीड़ित महिला के बेटे की शिकायत पर कैंप थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे में आ रहे युवक की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 13 वर्षों के बाद दोबारा शुरू होगी सहारनपुर रूट पर बस सेवा

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ डिपो से 13 साल के बाद यूपी स्थित सहारनपुर जिले के लिए दोबारा से रोडवेज बस सेवा को जल्द शुरू किया जाएगा। इसको लेकर डिपो के निरीक्षक की ओर से परमिट ले लिया गया है। सेवा को शुरू करने के लिए जल्द ही रूट सर्वे किया जाएगा। सर्वे होने के बाद किराया तैयार कर बस को रवाना कर दिया जाएगा। यह बस डिपो से वाया दिल्ली मेरठ के रास्ते सहारनपुर को जाएगी। ड्यूटी इंचार्ज जगदीश ने बताया कि उनके पास यात्रियों की मांग आ रही थी कि सहारनपुर के लिए बस सेवा को शुरू किया जाए। इसके बाद महाप्रबंधक लेख राज की ओर से सहारनपुर बस सेवा शुरू करने के लिए आदेश दिए गए। इस रूट के शुरू होने से सहारनपुर के साथ-साथ मेरठ जाने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी।

# स्कूल बसों की नियमित जांच प्रशासन के एजेंडे में शामिल नहीं

### हादसा होने पर ही जागता है प्रशासन, दस दिन में स्कूलों की मांगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महेंद्रगढ़** जिले जैसी घटनाएं पहले भी अन्य कई जगह हुई हैं, जिसके बाद ही जिला प्रशासन द्वारा स्कूल बसों की जांच, ड्राइवर के मेडिकल फिटनेस की जांच, मानकों की जांच आदि की जाती है। लेकिन कुछ दिन बाद ही ऐसी जांच बंद कर दी जाती है। जबकि स्कूली बसों के लिए जितने भी नियम कानून बने हैं, उनकी जांच नियमित होनी चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि जब भी कोई जांच होती भी है तो उसमें कभी भी पेरेंट्स को शामिल नहीं किया गया।

हरियाणा शिक्षा नियमावली व सीबीएसई का एक नियम है कि स्कूल वाले अपनी फीस संरचना, दाखिला पॉलिसी, फीस बढ़ाने का कारण, अध्यापकों को दी जा रही सेलरी, छात्रों को मिल रही सुविधाएं आदि का विवरण अपनी स्कूल की वेबसाइट पर डालेगा और उस जानकारी को अपने नोटिस बोर्ड पर भी चिपकाएगा। शिक्षा विभाग के मुताबिक स्कूल प्रबंधन अपनी स्कूल



की बसों की फिटनेस रिपोर्ट, प्रत्येक रूट की बस के ड्राइवर का नाम, उसका लाइसेंस, उसकी मेडिकल रिपोर्ट, बस में छात्रों की सीट संख्या, स्कूल बसों के लिए कौन-कौन से नियम बना रखे हैं, स्कूल प्रबंधक इन सबकी जानकारी स्कूल की वेबसाइट पर डालनी होती है तथा उसको नोटिस बोर्ड पर भी लगाना होता है।

**हादसे के बाद जागा प्रशासन, शनिवार को भी दिनभर चला चेकिंग अभियान :**

जिला उपायुक्त द्वारा बनाई गई कमेटी ने जहां छह बसों को जब्त किया। वहीं ट्रैफिक पुलिस की टीम ने 220 बसों की जांच के बाद 27 बसों के चालान काटे हैं। वहीं शनिवार को भी दिनभार चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रशासन का दावा है कि आरटीए व ट्रैफिक पुलिस का ये अभियान लगातार जारी रहेगा। जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि ईद की छुट्टी वाले दिन स्कूल खोलने वाले स्कूल संचालकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। जिले में 1159 स्कूलों में 3338 बसें हैं। इनकी जांच के लिए पुलिस, डीईओ और आरटीए की संयुक्त टीम का गठन किया गया है। यह सभी टीमें लगातार बसों की जांच करेंगी।

**इन नियमों का पालन जरूरी:**

- **स्कूल** बसों में सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिएं।
- **चालक-परिचालक** की वर्दी में होने चाहिएं।
- **महिला** सहायक का होना जरूरी है।
- आगे और पीछे नंबर प्लेट ठीक होनी चाहिए।
- **पूरे** दस्तावेज और प्राथमिक चिकित्सा पेटी व उसके अंदर पूरा सामान होना चाहिए।
- **बस** की लाइटें ठीक काम करनी चाहिए।
- **बस** के आगे व पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगी होनी चाहिए।
- **स्कूल** बसों के पीछे आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर लिखे होने चाहिएं।
- **आरटीए** के नियमों के तहत डीजल बस 10 साल, पेट्रोल व सीएनजी बस 15 साल से पुरानी नहीं होनी चाहिए।
- **बस** में आईपी कैमरा और मॉनिटर हो और 15 दिन की रिकॉर्डिंग बस में और 90 दिन की स्कूल में हो।
- **चालक** के पास पांच साल का अनुभव हो।
- **सहायक** के पास वैध लाइसेंस होना चाहिए।
- **रजिस्ट्रेशन** व फिटनेस सर्टिफिकेट हो।
- **बसों** में स्पीड गवर्नेंस, अग्निशमन यंत्र लगे हों।
- **ब्रेक,** हेड व बैक लाइट सही काम कर रही हो।
- **फर्स्ट** एड बॉक्स लगा होना चाहिए।

# महिला ने प्रेमी से कराई अपने पति की हत्या

### अवैध संबंधों में गोली मारी, लाश पेट्रोल डालकर जलाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पत्नी** ने प्रेमी के साथ साजिश रचकर पति की हत्या करवा दी। प्रेमी ने उसके पति को गोली मारी और फिर लाश को पेट्रोल डालकर जला दिया। यही नहीं, पत्नी ने प्रेमी के मोबाइल से वीडियो कॉल के जरिए हत्या की पूरी वारदात देखी। जिसे देखने के बाद पत्नी को तसल्ली हुई कि सच में उसका पति मर गया है। मामले का खुलासा होने के बाद जांच करते हुए पुलिस ने अजरौंदा गांव में हुए इस मामले में आरोपी महिला, उसके प्रेमी और उसके दो अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मृतक राजेश निवासी अजरौंदा के भाई सुनील ने इस पूरे मामले की जानकारी दी। उसने बताया कि उसकी भाभी पूनम और भाई राजेश की तीन बेटियां हैं और आरोपी प्रेमी कोई नहीं बल्कि राजेश के ही सगे मामा का लड़का महेश था। वह कोरोना काल में लॉकडाउन के समय आर्थिक तंगी का हवाला देकर नौकरी के लिए उनके यहां आया था। उसकी नौकरी सुनील ने एक केंपनी में लगवा दी थी। इसके चलते वह उन्हीं के घर पर रहने लगा। इस दौरान भाभी पूनम के साथ उसके अवैध संबंध बन गए। राजेश को इन दोनों पर शक हो गया।



हालांकि, उसने कुछ कहा नहीं। लेकिन, पूनम ने महेश के साथ मिलकर राजेश को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

महेश ने पूनम से वादा भी किया था कि वह शादी कर लेगा। इसी साजिश के तहत महेश उसे बाइक से नंदगांव उत्तर प्रदेश ले गया। महेश ने राजेश से कहा था कि उसे एक आदमी से नंदगांव जाकर 15 हजार रुपसये लेने हैं। साथ ही उसने वे रुपए राजेश को देने के लिए कहा, ताकि वह अपना काम चला सके। राजेश की आर्थिक स्थित भी ठीक नहीं थी। वह पंक्चर लगाता था। उसे पैसों की जरूरत थी इसलिए वह महेश के बहकावे में आ गया। सुनील ने बताया कि नंदगांव जाते ही महेश ने अपने दो अन्य दोस्तों के साथ राजेश को खेतों में ले जाकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

इसके बाद उसने शव को बाइक से काफी दूर तक घसीटा। फिर राजेश को निर्वस्त्र किया और बाइक से पेट्रोल निकालकर खेतों में पड़े एक तिरपाल से ढक कर आग लगा दी। महेश ने राजेश के कपड़े, चप्पल, हेलमेट को अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया। वहीं, जिस हथियार से उसके भाई की हत्या की गई थी, उस हथियार को नंदगांव के पास निठोडा गांव के तालाब में फेंक दिया।

# विद्यालय में हर्ष के साथ हुआ नए सत्र का शुभारंभ

### स्कूल डायरेक्टर दिव्या गोयल ने नन्हे बच्चों को तिलकर लगाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद के सेक्टर-88 के आरपीएस सवाना स्थित एसआरएस अर्ली इयर्स विद्यालय में नए सत्र की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नन्हे बच्चों के लिए मनभावन सजावट की गई और उनके मनपसंद कार्टून चरित्रों छोटा भीम आदि की पोशाक पहने कलाकारों द्वारा बच्चों के आगमन को रोचक बना दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर दिव्या गोयल सहित सभी शिक्षिकाओं ने नन्हे बच्चों का बड़े उत्साह से तिलक लगाकर पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। इस नए सत्र में विद्यालय में बच्चों के लिए एक प्ले जोन का भी निर्माण किया गया है, जिसमे बंजी जंपिंग जैसे अन्य खेलों



की व्यवस्था की गई है। बच्चों में भी नए सत्र में विद्यालय आने का उत्साह दिखा। सबसे ज्यादा उत्साह उन अभिवावकों में दिखा, जिनके बच्चे पहली बार विद्यालय आ रहे थे।

इस अवसर पर एसआरएस अर्ली इयर्स की डायरेक्टर दिव्या गोयल, एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर- 88, ग्रेटर फरीदाबाद के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा और मैनेजर तेजप्रकाश पांडेय व स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही नए सत्र के लिए बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

# ईएसआईसी के डिप्टी डायरेक्टर पर केस दर्ज

### चुनाव कार्यालय ने मांगा था कर्मियों का ब्योरा, न जानकारी, न दिया नोटिस का जवाब

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**चुनाव** ड्यूटी के लिए के लिए मांगी गई कर्मचारियों व अधिकारियों की सूचना समय पर नहीं देने पर ईएसआईसी रीजनल सेंटर सेक्टर-16 फरीदाबाद के उप निदेशक संजय कुमार राणा के खिलाफ थाना सेंट्रल में एफआईआर दर्ज करवाई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह के आदेशों के बाद जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत यह एफआईआर दर्ज की गई है।

इसके साथ ही अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए भारत निर्वाचन आयोग व संबंधित विभाग को भी लिखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने इस संबंध में लघु सचिवालय में राज्य व केंद्र सरकार के अधिकारियों की मीटिंग भी ली।

विक्रम सिंह ने बताया कि ईएसआईसी रीजनल सेंटर सेक्टर-16



को दिनांक 19 फरवरी, 23 फरवरी और एक मार्च को पत्र लिखकर लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों की जानकारी मांगी थी। इसके बाद तीन मार्च को संस्थान के उपनिदेशक (प्रशासन) संजय कुमार राणा को नोटिस भेजकर जानकारी न देने पर जवाब मांगा गया था। इस नोटिस को भी उन्होंने नजर अंदाज कर दिया।

वहीं मीटिंग के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए कि अगर किसी अन्य विभाग ने समय पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मांगी गई जानकारी नहीं दी तो इसी तरह की और इससे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से उनके विभागों से रिटायर होने वाले कर्मचारियों, तबादला होने वाले कर्मचारियों की जानकारी भी सही ढंग से जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हम सभी आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भारत निर्वाचन आयोग के डेपुटेशन पर हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एसएसटी-एफएसटी टीम व अन्य ड्यूटी करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इस बार सौ से अधिक बूथों की संख्या बढ़ रही है और फरीदाबाद जिला में अन्य जिलों की अपेक्षा मतदाताओं की संख्या भी अधिक है। ऐसे में उन्होंने निर्देश दिए कि महिला कर्मचारियों की डयूटी भी इन कार्यों के लिए लगाई जाए। इसके साथ ही कॉन्ट्रेक्ट के कर्मचारियों की सेवाएं भी चुनाव ड्यूटी के लिए जाएंगी।

### एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 16 हजार रुपये

**पलवल।** एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गई महिला का एटीएम कार्ड बदलकर बदमाशों ने 16 हजार रुपये की चपत लगा दी। रुपये निकालते समय दो-तीन युवक बूथ में आ गए और धोखे से एटीएम कार्ड बदल दिया। कैंप थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक पुलिस आरोपियों की पहचान नहीं कर पाई है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुखबीर के अनुसार गांव मांदकोल निवासी अनीता देवी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह रेलवे रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम बूथ से रुपये निकालने के लिए गई थी। जब वह रुपये निकाल रही थी, तभी पीछे से दो-तीन लड़के आकर खड़े हो गए, जिन्होंने उसका एटीएम पिन देख लिया। युवकों ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में खाते से दो बार में 16 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### वाहन चोर तीन आरोपियों को अपराध शाखा की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 प्रभारी पीएसआई शीशपाल की टीम ने वाहन चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में साहिल, आरिफ और मुसैद का नाम शामिल है।

आरोपी साहिल गांव नैहदा नूंह का, आरोपी आरिफ पुन्हाना का, आरोपी मुसैद गांव बामनी जुरेहडा डींग राजस्थान का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम सब इंस्पेक्टर सर्वेश, सिपाही सुभाष, सुनील और नसीब तिलक ने गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से कैली बाईपास रोड से पल्ला धीरज नगर से चोरी मोटरसाइकिल सहित आरोपी साहिल और आरिफ को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ के दौरान अन्य वाहन चोरी की वारादातों का खुलासा हुआ।

# मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए तमाम मूलभूत सुविधाओं का होगा इंतजाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगराधीश** अंकित कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में सभी राजनीतिक पार्टियों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज हो सकती है। सीटीएम अंकित कुमार ने अपने कार्यालय में जिला फरीदाबाद में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ फ्री एंड फेयर चुनाव संपन्न करवाने के लिए किए गए प्रबंधों के बारे में मंत्रणा की।

नगराधीश अंकित कुमार ने कहा निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बिना अनुमति के अगर किसी पार्टी के उम्मीदवार के समर्थक भी खर्चा करते हैं, तो उनके विरूद्ध भी कार्रवाई होगी। वही फाइनल प्रिंट के बाद ही बूथों की लिस्ट राजनीतिक पार्टियों को दी जाएगी। मतदान केंद्रों पर तमाम मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ 1500 मतदाताओं से अधिक मतदाता होने पर अतिरिक्त मतदान केंद्र के लिए प्रपोजल भेजा हुआ है। इसके साथ ही मतदाताओं की सहूलियत के लिए इलेक्शन कमिशन द्वारा दी गई क्यू मैनेजमेंट एप के जरिए मतदाता अपने बूथ पर लगी भीड़ का जायजा ले सकते हैं और उचित समय पर बूथ पर पहुंच कर अपना कीमती मतदान कर सकते है। प्रशासन गर्मी के चलते मतदाताओं के लिए ओआरएस वाला पानी, मतदाताओं के लिए बैठने के लिए व्यवस्था, लाइन में लगे मतदाताओं के लिए शेड व तमाम मेडिकल बंदोबस्त करेगा।

नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी जनसभा बिना परमिशन के नहीं की जाएगी।



वाहन, लाउडस्पीकर आदि सभी की परमीशन प्राप्त करके चुनाव कार्य करवाया जाए। उम्मीदवार द्वारा जिस स्थान पर जन सभा करवाई जाए उस स्थान की जनसभा के बाद सफाई आदि साथ-साथ करवाई जाए। राजनीतिक दलों से यह भी अनुरोध किया जाए कि किसी भी प्रकार की चुनाव सामग्री में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जाना है, क्योंकि प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्णत: पाबंदी है। मतदान वाले दिन पोलिंग बूथ पर सेल्फी लेने और वोट डालते समय विडियो या फोटो खींचने पर पूर्णत: पाबंदी है, यदि ऐसा किया गया तो उस पर चुनाव नियमों के तहत कार्रवाई होगी।

नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार अपनी सभा में एक-दूसरे उम्मीदवार के विरूद्ध गलत भाषण बाजी नहीं करेंगे अर्थात भाषणों में किसी धर्म, जाति या समुदाय के खिलाफ कोई अपशब्द नहीं बोलेंगे और किसी व्यक्ति की निजी बुराई नहीं करेंगे। जुलूस का आयोजन करने वाले दल या प्रत्याशी को पहले ही कार्यक्रम के बारे में पुलिस अधिकारियों को सूचना देनी होगी, ताकि वह शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने का पर्याप्त इंतजाम कर सकें। रैली व रोड शो के समय ट्रैफिक के नियमों का पालन किया जाए। चुनाव प्रचार के लिए किसी भी पशु-पक्षी आदि जीव का इस्तेमाल नहीं किया जाना है।

चुनाव प्रचार में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शामिल नहीं किया जाना है। कोई भी पोलिंग एजेंट पोलिंग स्टेशन के अंदर फोन लेकर नहीं जाएगा। चुनाव के समय कोई भी केंडिडेट पोलिंग स्टेशन के 200 मीटर के अंदर कोई प्रचार सामग्री नहीं लाएगा।

# कोशिश करें कोई मतदाता वोट देने से से वंचित न रहे



**अंबेडकर नगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे मुसहर समुदाय के बीच मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज विधानसभा कटेहरी में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम चाचिक पुर विकास खंड भीटी के मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु कार्यक्रम किया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त ग्राम पंचायत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु ग्राम वासियों के साथ बैठक की गयी। उपस्थित ग्राम वासियों से मतदान प्रतिशत कम होने की जानकारी ली गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपील की गयी की जिस भी परिवार के लोग बाहर रहते हैंए उन्हें मतदान दिवस को मतदान हेतु अवश्य बुलाने का कष्ट करेंए जिससे कि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। दीक्षा गुप्ताए मानसीए मोनी कुमारए आलोक कुमार जो प्रथम बार के युवा मतदाता है तथा बुजुर्ग मतदाता झिनकू ए दहपेलए भानमती को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज कम वोटिंग परसेंटेज वाले बूथ चाचिकपुर में मतदाताओं को सम्बोधित किया और उनसे अधिक से अधिक वोट डालने की अपील और शपथ दिलाई। द्वारा उस मजरे का भ्रमण करए उन परिवारों के लोगों से वार्ता भी की गई जो पूर्णतया बाहर रहकर रोजगार करते हैं।महोदय से आमजनमानस ने वादा किया कि इस बार कम वोटिंग बूथ के ठप्पे से मुक्ति हुई ग्रामवासी हर भरसक प्रयास करेंगे। अवगत कराना है कि सुपर 100 मतदेय स्थल ;जहां पर लोकसभा 2019 में मतदान प्रतिशत न्यूनतम थाद्ध प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के 20 ऐसे मतदेय स्थलों का चयन किया गया जहां लोक सभा सामान्य निर्वाचन 1019 में मतदान न्यूनतम था। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैनए उप जिलाधिकारीए जिला विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारीध्कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।



हरिद्वार में वैसाखी के अवसर पर हर की पौड़ी घाट पर अनुष्ठान कराते श्रद्धालु

## क्रय केन्द्रों पर फसल बेचने से अपने फसल का मिलेगा उचित मूल्यः डीएम

### खेतों में पराली न जलाने की किसानों से की अपील



**गाजीपुर।** जनपद में क्राप कटिंग प्रयोग के आधार पर फसलों की औसत उपज और उत्पादन के ऑकड़े तैयार किये जाते है। जिससे उत्पादन की सटीक आकलन प्राप्त की जाती है। क्राप कटिंग के प्रयोग के आधार पर ओलावृष्टिए भारी वर्षा एंव अन्य नुकसान से फसलों की बीमा की राशि निर्धारित की जाती है। इसी सिलसिले में शनिवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थिति में ग्राम फत्तेउल्लाहपुर के निवासी फेकू राम के खेत का क्रॉप कटिंग कराया गया। जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा एवं भू.अभिलेखो की जांच करते हुए काश्ताकार से बोए हुए फसल की जानकारी ली। क्रॉप कटिंग 43ण3 वर्ग मीटर की गई जिसमें 12ण840 किग्रा गेहूं निकला। इस क्रम में कुल टोटल की दर से 36 कुंतल प्रति हेक्टेयर इस क्राफ्ट कटिंग के दौरान गेहू निकला। जिलाधिकारी ने किसानो को अपने नजदीकी क्रय केन्द्रो पर फसल बेचने की सलाह दी जिससे उन्हे अपने फसल का उचित मूल्य मिल सके। उन्होने किसान बन्धु से आग्रह किया कि किसी भी बिचौलियों के बहकावे न आये। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानो से अपने.अपने खेतो में पराली न जलाने की अपील की। मौके पर तहसीलदार सदरए कानून.गो अपर सांख्यिकी अधिकारी अनुराग जगत श्रीवास्तवए जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार एवं लेखपाल ए एस बी आई ईश्योरेंस प्रतिनिधिए मौजूद रहे।

## विधायक अब्बास अंसारी कड़ी सुरक्षा के बीच कासगंज जेल रवाना



**गाजीपुर।** जनपद में शनिवार की भोर में अब?बास अंसारी को कड़ी सुरक्षा के बीच जिला कारागार से कासगंज जेल के लिए रवाना कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अब?बास अंसारी को मुख?तार अंसारी के फातिहा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए तीन दिन का कस?टडी पेरोल मिला था। जिसके तहत अब?बास अंसारी को 10 अप्रैल को गाजीपुर जेल लाया गयाए इसके बाद उन?हे कालीबाग कब्रिस?तान में फातिहा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ले जाया गया। कल उनकी पत?नी निकहत अंसारी और उनके छोटे भाई उमर अंसारी ने जेल में पहुंचकर मुलाकात की। तीन दिन का पेरोल खत?म होने के बाद आज भोर में उन?हे कासगंज जेल के लिए रवाना कर दिया गया।

## एसयूवी और ट्रक की टक्कर में दो की मौत

**देवरिया** ।देवरिया जिले में मदनपुर थाना अंतर्गत टंडवा गांव के नजदीक एक एसयूवी के एक खड़े ट्रक से टकराने से मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि शुक्रवार की रात बरहज-मदनपुर- रुद्रपुर मार्ग पर देवरिया जिले के खनन अधिकारी जितेंद्र शर्मा वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे। इस दौरान कई ट्रकों की कतार लग गई ।चौधरी ने बताया कि इसी दौरान वाहन तेजी से आया और खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में वाहन सवार संजय सिंह (45), कृष्णा यादव (50) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मनोज यादव गम्भीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में पुलिस अग्रिम विधिक कार्वाई कर रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार पिता-पुत्र की मौत

अमेठी ।अमेठी जिले के कमरौली थाना क्षेत्र में लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। कमरौली थाने के प्रभारी अभिनेश कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर दो लोगों के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# भदोही में दो दिनों से लापता 11वीं की छात्रा का शव मिला, शिक्षक हिरासत में

**भाषा।** भदोही

**भदोही जिले** के गोपीगंज थाना इलाके में दो दिनों से लापता 11वीं की छात्रा का शव शनिवार को पुलिस ने बरामद किया है।एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में एक शिक्षक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) तेजवीर सिंह ने बताया कि आज गोपीगंज क्षेत्र से दो दिनों से गुमशुदा छात्रा का शव गंगा में बेरासपुर घाट से बरामद किया गया। एएसपी ने बताया कि गोपीगंज थाना के एक गांव के व्यक्ति ने बृहस्पतिवार को बेटी के लापता होने की सूचना देते हुए गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने लापता बेटी का मोबाइल फोन भी पुलिस को दिया था। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने बेटी की हत्या का आरोप अध्यापक हर्ष नारायण तिवारी (30) पर लगाया है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनकी बेटी जिस निजी स्कूल में पढ़ती थी, वहीं पर तिवारी पढ़ाता था और कुछ माह पहले ही दूसरे स्कूल में पढ़ाने लगा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बेटी बृहस्पतिवार की भोर में घर से निकली, उस व2392ीत उसके मोबाइल पर हर्ष का फोन आया था। छात्रा के शव पर चोट के कई गंभीर निशान पाए गए हैं ।एएसपी ने बताया कि हर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तिवारी मृत छात्रा का पड़ोसी था ।उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन की जा रही है।

## प्रधानमंत्री और देवताओं के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**भदोही।** भदोही जिले की सुरयावा पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर असंसदीय भाषा के साथ कई हिन्दू देवताओं का कार्टून बनाकर फेसबुक पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में शनिवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। सुरयावा थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राम नगीना यादव ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया मंच एक्स के ज़रिए शिकायत दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया कि सोनू कुमार के फेसबुक पर 26 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र बातें लिख कर पोस्ट किया गया। इसके साथ हनुमान जी का एक कार्टून बनाकर लंका जलाने और भगवान विष्णु का कार्टून के साथ तीर-कमान लिए हुए तीन पोस्ट किया गया था।एसएचओ ने बताया कि जांच में उक्त फेसबुक खाता सुरयावा थाना के पाली गांव निवासी सोनू कुमार का पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों वायरल पोस्ट का स्क्रीनशॉट ले लिया गया है। यादव ने कहा कि सोनू कुमार को शनिवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया और उससे पूछताछ की जा रही है।

## कारोबारी की हत्या में संलिप्त 25 हजार का ईनामी आरोपी मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया

आगरा।आगरा के रसायन कारोबारी दिलीप गुप्ता की हत्या और डकैती के मामले में वांछित तथा 25 हजार रुपए के इनामी उनके घरेलू सहायक लोकेश को पुलिस ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लोकेश को पुलिस ने जिला जेल रोड पर घेरा। खुद को घिरा हुआ देखकर उसने गोलीबारी शुरू कर दी और जवाब में पुलिस की ओर से चलाई गई एक गोली उसके पैर में लगी। पुलिस के मुताबिक लोकेश को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि घरेलू सहायक लोकेश ने कर्ज उतारने के लिए वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने लूट में शामिल मास्टरमाइंड कासिम, राजू कुशवाहा सहित छह लोगो को पूर्व में गिरफ्तार किया था। पुलिस उपायुक्त (नगर)सूरज कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे लोकेश के जेल रोड पर आने की सूचना मिली जिसके आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की और मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि लोकेश के पास से एक तमंचा, डीवीआर, 3320 रुपए नकदी, सोने की चेन बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि शहर के सुल्तानगंज निवासी दिलीप गुप्ता रसायन कारोबारी थे और एक अप्रैल 2024 को डकैती के दौरान उनकी हत्या कर दी गई थी। ताजगंज अंतर्गत हरजूपुरा निवासी लोकेश उनका घरेलू सहायक था और वही तीन आरोपियों को ग्राहक बनाकर गुप्ता के पास लाया था।

## मेरठ में सड़क पर नमाज पढ़ने पर पुलिस की बड़ी कार्वाई, 200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में ईद के मौके पर सड़क पर अदा की गई नमाज के मामले में पुलिस ने 200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने कहा कि घटना के वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्वाई की जाएगी। बृहस्पतिवार को ईदगाह में नमाजियों की संख्या पूरी होने पर लोगों ने सड़क पर बैठ कर नमाज अदा की। शाही ईदगाह में सड़क पर नमाज पढ़ने से रोकने पर नमाजियों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई थी। घटना के अगले दिन यानी 12 अप्रैल को रेलवे रोड थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामऔतार सिंह की तहरीर पर 100 - 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि पुलिस द्वारा मना किए जाने के उपरान्त भी अज्ञात नमाजियों ने सड़क पर नमाज अदा की जिससे सड़क पर यातायात अवरुद्ध हो गया।

## धूमधाम से मनाया गया पीएनबी का स्थापना दिवस

**अयोध्या।** पंजाब नेशनल बैंक का 130वा स्थापना दिवस मंडल कार्यालय अयोध्या मे हर्षोल्लास से मनाया गया । इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक के निदेशक श्री संजीव कुमार सिंघल की गरिमामय उपस्थिति मे मंडल कार्यालय अयोध्या मे वृक्षारोपण किया गया तत्पश्चात श्री सिंघल ने सभागार मे स्थित बैंक के संस्थापक महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किया । इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ सदस्यो को सम्बोधित करते हुये श्री सिंघल ने कहा कि लाला लाजपत राय जी द्वारा स्वदेशी पूंजी से स्थापित पंजाब नैशनल बैंक देश का प्रथम बैंक है । उन्होने कहा कि बैंक आज भी उत्तम ग्राहक सेवा के माध्यम से देश का लोकप्रिय बैंक बना हुआ है तथा विभिन्न उत्पादो के माध्यम से बैंक उत्तर प्रदेश मे समाज के सभी वर्गो के आर्थिक प्रगति मे सहभागिता कर रहा है, बैंक डिजिटल बैंकिंग ; पीण्एनण्बीण् वन द्ध के माध्यम से घर बैठे ही विभिन्न सुविधाये प्रदान कर रहा है । इस अवसर पर मंडल प्रमुख श्री नीरज गुप्ता ने स्टाफसदस्यो ने बैंक के गौरवमयी इतिहास को संजोते हुये सर्वश्रेष्ठ ग्राहक सेवा प्रदान करने संकल्प लिया । इस अवसर पर मंडल कार्यालय अयोध्या के सभी 7 जिलो मे स्थित 97 शाखाओ मे सम्मानित ग्राहको के साथ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया ।

## ुलिस हिरासत में व्यक्ति की मौत, प्रशासन ने दिए जांच के आदेश

लखीमपुर खीरी। जिले के मितौली पुलिस क्षेत्र के पकरिया गांव निवासी एक व्यक्ति की शुक्रवार शाम को कथित तौर पर पुलिस हिरासत में मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी के मुताबिक व्यक्ति को एक मामले में पूछताछ के लिए मितौली पुलिस थाना बुलाया गया था। पुलिस ने बताया कि आशा राम (50) को छह वर्षीय लड़की की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को पुलिस थाना बुलाया गया था। पुलिस के मुताबिक लड़की का शव पिछले सप्ताह बरामद किया गया था।पुलिस ने बताया कि आशा राम ने शुक्रवार देर शाम तेज पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उसे पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हालांकि, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि थाना में पूछताछ के दौरान पुलिस की बर्बरता के कारण उसकी मौत हुई है। घटना से आक्रोशित आशा राम के परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार को शव के साथ कस्ता चौराहे पर प्रदर्शन किया।पुलिस ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह, विभिन्न तहसीलों के पुलिस उपाधीक्षक और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उत्तेजित ग्रामीणों को शांत कराने के लिए मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मांग थी कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए।

## कानूनी गारंटी के रूप में सभी किसानों को एमएसपी देने का काम करेंगेः भदौरिया

**धौरहरा** संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को गति देते हुए शुक्रवार को मितौली क्षेत्र में ताबड़तोड़ जन सभाएं कर मतदाताओं से सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

सपा प्रत्याशी ने मितौली कस्बा सहित क्षेत्र के परसेहराए जमौराए भीखमपुरए डोकरपुरए अवधपुरए सैतापुरए महमदपुर आदि गांवों में नुक्कड़ सभाएं की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। बीते दस सालों से केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार हैए धौरहरा से उसी पार्टी की सांसद भी हैए लेकिन धौरहरा में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है। सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने धौरहरा क्षेत्र के विकास के लिए लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बार सपा को जिताना होगाए समाजवादी पार्टी नाम बदलने में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास रखती हैए समाजवादी पार्टी इस बार कानूनी गारंटी



के रूप के सभी किसानों को एमएसपी देने और कृषि ऋण की निगरानी करने और किसानों को नियमित आधार पर राहत प्रदान करने के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा! उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगो ने किसानों पर थार चढ़ाने का काम किया उन्हें केंद्र की मोदी सरकार ने सम्मान देने का काम किया है। भाजपा के लोग भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम कर रहे हैंए इलेक्टोरल बांड के जरिए वसूली की जा रही हैए जिस कंपनी का कोई कारोबार नहीं हैए उस कंपनी से सरकार ने पैसा वसूला है। इलेक्टोरल बांड से काले धन को सफेद कर दिया। नोटबंदी में भी यही काम किया। इस सरकार ने जितना पैसा वसूला हैए उसकी वजह से ही आज इतनी महंगाई हैए भाजपा ने जिन उद्योगपतियों से पैसा वसूला हैए अब वो अपनी वस्तुओ पर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं और हम लोगो को अनावश्यक मंहगाई की आग में धकेल रहे है !जन सभाओं को पूर्व विधायक सुनील लालाए कस्ता विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष वीरेंद्र वर्माए बेहजम ब्लॉक प्रमुख राम जीवन यादवए जिला पंचायत सदस्य उमा शंकर वर्माए सपा के जोनल प्रभारी धर्मपाल सिंहए महोली विधान सभा के अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने भी संबोधित किया। इन मौकों पर सेक्टर प्रभारी राहुल सिंहए राम खिलावन बाजपेयीए सर्वेश सिंह कनौजियाए सुधीर सिंह यादवए कुलदीप भदौरियाए बलराम सिंहए बालिस्टर प्रसादए महेंद्र अवस्थीए लाल बहादुरए घनश्याम अवस्थीए रवींद्र कुमारए प्रकाश बाबूए रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

# राम नवमी पर मीरजापुर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा, मचेगी धूम

**मीरजापुर।** श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के द्वारा एविश्व हिंदू परिषद मीरजापुर के मागदर्शन में राम नवमी के दिन नगर में भगवान की एक भव्य और वृहद शोभायात्रा निकाली जाती हैं जिसने पूरा नगर भगवामय होता हैं और राम की भक्ति में सराबोर नजर आता हैं। हर मोहल्ले में आकर्षक सजावट अनुष्ठान इत्यादि होते हैं। इस वर्ष 17 अप्रैल दिन बुधवार को संगमोहल स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर 4 बजे निकाली जाएगी जो कि कटरा कोतवालीएकच्ची सड़क ए रतनगंज एतेलियागंजए डंकिनगंजए चिनिहवा इनारा पेहटी का चौराहाएपक्की सरायएघंटाघरए बसनही बाजार, धुंधी कटराएगुरहट्टी, मुकेरीबाजार, गणेशगंज ए भैसहिया टोला होते हुए पुनः संगमोहल पर भगवान की आरती के साथ सम्पन्न होगी।




शोभायात्रा के पूर्व लोगों में जनजागरण के उद्देश्य से एक मोटरसाइकिल यात्रा भी दिनाँक 14 अप्रैल को दोपहर 2 बजे स्टेशन कैम्पस से प्रांजल सिंह के नेतृत्व में निकला जाएगाए और 15 अप्रैल को दोपहर 2 बजे हमारे मातृ शक्तियों और महिलाओं के द्वारा स्कूटी जनगणना यात्रा का भी आयोजन महिला प्रभारी शिखा अग्रवाल और महिला प्रमुख दीपा उमर जी के नेतृत्व में निकालाप् जाएगा।

'विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष राम चन्द्र शुक्ला ने कहा, इस वर्ष यात्रा को और भव्य बनाने के लिए अनेक तैयारियां की जा रही हैं। चौराहों पर आकर्षक तोरण द्वार बनाए जाएंगे तो वही इस बाहर यात्रा में नगर के बाहर से भी झांकिया सम्मिलित होंगीए अयोध्या के राम मंदिर में विराजमान रामलला के विग्रह की भी झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। पूरे नगर को केशरियामय बनाने की योजना हैं।कई चरण में पुलीस प्रशासन के साथ भी यात्रा के संदर्भ में बैठके हुई हैंए जिसमे जलकल और नगरपालिका और बिजली विभाग के भी अधिकारियों के साथ भी समुचित व्यवस्था को लेकर वार्ता हुई हैं।

यात्रा में हमारे 500 वोलेंटियर आई कार्ड और बजरंग दल की पट्टी के साथ चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के लिए लगाए जा रहे हैं।

# राजनीति का अपराधीकरण विकास में सबसे बड़ा बैरियर: मुख्यमंत्री

**● विपक्ष पर मढ़ा आरोप माफिया के सामने नाक रगड़ने वाले सुरक्षा नहीं दे सकते**

सीएम योगी ने मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश सिंह के पक्ष में की जनसभा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/बिजनौर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति का अपराधीकरण और माफिया प्रवृत्ति के तत्वों को प्रश्रय देना विकास में सबसे बड़ा बैरक है। 1980 में मुरादाबाद में भयंकर दंगा हुआ था। दर्जनों लोग मारे गए थे। लोगों ने उस समय से 2017 तक रिपोर्ट दबाकर रखी थी। मैंने इसकी जांच शुरू कराई तो दंगा कराने वालों के चेहरे उजागर हो गए। निर्दोष व्यापारी, हिंदू, सिख मारे गए थे पर कोई पूछने वाला नहीं था। 2016 में सहारनपुर में भी सिख विरोधी दंगा हुआ था पर दंगाई आज जान की भीख मांगते हुए छिपे-छिपे फिर रहे हैं। भाजपा ने विकास व सुशासन का मॉडल दिया है। आज यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा है, यहां सब चंगा है। कर्फ्यू का स्थान अब कांवड़ यात्रा ने ले लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के पक्ष में जनसभा कर उन्हें चुनाव जिताने की अपील की। सीएम योगी ने मुरादाबादवासियों से मोदी को भी तीसरा कार्यकाल देने का आह्वान किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा के एजेंडे में विकास व गरीब कल्याण नहीं था। आस्था से खिलवाड़ करना यह जन्मसिद्ध अधिकार समझते थे। अपराधी व माफिया को गले का हार बनाकर जनता, बेटी-व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। भाजपा की सरकार जो कहती है, करके दिखाती है। अब माफिया-अपराधी जेल में हैं या जहन्नुम में। किसी बेटी-व्यापारी को धमकी देने की कोशिश अब कोई नहीं कर सकता है, क्योंकि उसे परिणाम मालूम है। यह सुरक्षा भाजपा ही दे सकती है। वे लोग यह सुरक्षा नहीं दे सकते हैं, जो माफिया के सामने नाक रगड़ते थे। बड़े-बड़े माफिया जिनकी कभी तूती बोलती थी, आज वे घिघियाते हैं। उनकी हालत देख रहे हैं। कहते हैं कि जान बख्श हो, ठेली पर सब्जी लगाकर पेट भर लेंगे, लेकिन किसी की जमीन पर कब्जा नही करेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि मुरादाबाद का किसान हो या नौजवान, बेटी हो या व्यापारी, हर एक व्यक्ति इसलिए सुरक्षित है, क्योंकि आपके हितों की चिंता करने वाली सरकार दिल्ली और लखनऊ में बैठी है। हम जब अच्छा निर्णय लेते हैं तो अच्छा परिणाम भी आता है, जब बुरा निर्णय लेते हैं तो उसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। सपा का सांसद कहता था कि मैं भारत मां की जय नहीं बोलूंगा। हम कुछ भी ऐसा नहीं बोलेंगे, जो हिंदू समाज को अच्छा लगे पर मैं बता देना चाहता हूं कि भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ की छूट किसी को नहीं दी जा सकती है।

## रामलला की जमीन हो या गरीब की कोई कब्जा नहीं कर पाएगा: योगी

**● कहा, सुरक्षा में सेंध लगाने वाला जेल बाद में जाएगा, पहले तैयार हैं जहन्नुम के रास्ते**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/बरेली



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामलला की भूमि हो या किसी गरीब-व्यापारी और सामान्य नागरिक की जमीन। जो भी भूमाफिया सार्वजनिक जमीनों पर कब्जा करेगा। उसे लेने के देने पड़ेंगे। उससे ब्याज सहित वसूली होगी। उनकी संपत्तियों पर गरीबों के लिए वैसे ही आवास बनाएंगे, जैसे प्रयागराज में बनाया था। जब एक जैसी सरकारें होती हैं, अच्छे लोग चुनकर जाते हैं तो परिणाम भी अच्छा ही आता है। आपने कमल को वोट दिया तो विकास और सुरक्षा भी हो रही है। हमने सुरक्षा का बेहतर वातावरण दिया है। योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी व प्रदेश सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद व बरेली से भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में जनसभा कर उन्हें चुनाव जिताने की अपील की। सीएम ने बैसाखी की बधाई दी। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने वंचित कर दिया था पर अब भारत का कोई भी नागरिक जम्मू-कश्मीर में जाकर जमीन खरीद सकता है। पिछली सरकारें कर्फ्यू लगाती थीं।

## अपराधियों, माफिया व दंगाइयों की फैक्ट्री है सपा: केशव मौर्य



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि समाजवादी पार्टी गुंडे, अपराधियों, माफिया , दंगाईयों की फैक्ट्री है। सपा की सरकार के समय प्रसिद्ध नारा था जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। हर सपाई का था नारा, खाली मकान-प्लॉट हमारा। अखिलेश यादव की सरकार के समय प्रदेश का हर जिला अपराध से पीड़ित था और दंगों की आग में झुलस रहा था। अपराधियों की रहनुमाई के कारण सपा अब सफा हो गई। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के विरोधी हैं। इनका पीडीए परिवार डिवेलप्मेंट अथॉरिटी है। इंडी गठबंधन के सभी नेता एक दूसरे के परिवारों का ही हित साधने में ही बिजी हैं। इनकी सरकार में सर्वाधिक उत्पीड़न पिछड़ों, दलितों का ही हुआ है।

मौर्य ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में प्रदेश में पिछले सात सालो में एक भी दंगा नही हुआ। गुंडे, अपराधी, माफियाओं के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही हो रही है। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प, भयमुक्त वातावरण तथा विकास की ओर तेजी से बढ़ते देश में जनता स्वयं मोदी बनकर चुनाव लड़ रही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रभु श्रीरामलला वर्षो की लम्बी प्रतीक्षा के बाद अपने जन्म स्थान पर विराजमान हुए और कई पीढियों की अभिलाषा पूर्ण हुई। रामभक्तों पर गोली चलाने वाला रामद्रोही परिवार को भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्राण प्रतिष्ठा का निमत्रंण भेजा, लेकिन उस निमत्रंण को ठुकराने का काम सपा व कांग्रेस ने किया। जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगे। राम मंदिर सिर्फ राम मंदिर नहीं है बल्कि राष्ट्र मंदिर है। उन्होंने कहा कि सारे विधायकों के साथ सपा के बहुत से विधायक भी श्री रामलला के दर्शन करना चाहते थे। लेकिन सपा बहादुर अखिलेश यादव ने अपने दल के विधायको को श्रीरामलला के दर्शन करने से रोक दिया और यही कारण है कि समाजवादी पार्टी में अंतर्कलह व्याप्त हुआ और अंतरआत्मा की आवाज पर राज्यसभा चुनाव में सपा विधायकों ने मतदान भी किया। मौर्य ने कहा कि सपा भ्रष्टाचार की जननी है। सपा गरीबों का शोषण करने वाली पार्टी है। सपा मुखिया का मनोबल टूट चुका है। समाजवादी पार्टी बिखर चुकी है। सपा, बसपा व कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। अखिलेश यादव का अपराधियों व भ्रष्टाचारियों से पुराना नाता है। भ्रष्टाचार व अपराध इंडी गठबंधन के पर्याय हो गए है। उत्तर प्रदेश की चुस्त-दुरूस्त कानून व्यवस्था, विकासपरक योजनाओं से जनता को लाभ, अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर निर्माण, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति से चारों दिशाओं में भाजपा की आंधी चल रही है। जिससे भाजपा को सफलता मिलेगी और अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूर्ण होगा।

## भाजपा यूपी की सभी सीटें हारेगी: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/बिजनौर



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को नगीना में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मनोज कुमार और बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी दीपक सैनी के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार जनता के अधिकारों को छीन रही है। ये संविधान खत्म करना चाहते है। भाजपा संविधान की भक्षक है। लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। सत्ता में बैठे लोग पता नहीं कहां से ऐसी भाषा सीख कर आये है। संविधान की शपथ लेकर बड़े पदों पर बैठे भाजपा नेताओं की भाषा डराने वाली है। भाजपा के नेता जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे है वह संविधान की शपथ लेने वाले नेताओं की नहीं है। बड़े पदों पर बैठने वालों की भाषा और व्यवहार विनम्र होना चाहिए तभी हमारा संविधान और लोकतंत्र बचेगा। 2024 लोकसभा चुनाव विशेष परिस्थितियों का चुनाव है। एक तरफ संविधान बचाने वाले समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के लोग है तो दूसरी तरफ संविधान को कमजोर करने वाली भाजपा है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी यूपी में परिवर्तन की हवा चल रही है। समाजवादी पार्टी में पीडीए परिवार भाजपा के एनडीए को हराने जा रहा है। भाजपा यूपी की सभी सीटें हारेगी। भाजपा देश में चार सौ सीटें हारने जा रही है। हार के डर से भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा सरकारी संस्थाओं ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का अपने लिए प्रयोग कर रही है। भाजपा हार रही है इसलिए विरोधियों को संस्थाओं के जरिए डरा रही है। दिल्ली के चुने मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया। झारखण्ड के मुख्यमंत्री रहे हेमन्त सोरेन को जेल भेज दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों सभी को धोखा दिया है। भाजपा सरकार किसानों के खिलाफ तीन काले कृषि कानून लायी थी। काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन में लगभग एक हजार किसानों की जान चली गयी। आज किसानों की फसलों को लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। भाजपा ने वादा करके भी किसानों को एमएसपी की गारन्टी नहीं दी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। भाजपा ने नौजवानों को नौकरी नहीं दी। भाजपा सरकार में हर पेपर लीक हो जाता है। भाजपा जानबूझकर पेपर लीक कराती है। लीक करने वाले भाजपाई है। भाजपा सरकार की नीयत नौजवानों को नौकरी देने की नहीं है। आज नौजवान और किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। नौजवानों, किसानों में भाजपा को लेकर भारी आक्रोश है। किसान, नौजवान लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया कर देगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दस साल में महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गयी है। सभी चीजों के दाम बढ़ गये हैं। हर विभाग में भ्रष्टाचार है। भाजपा ने हर जगह लूट मचा रखी है। नोटबंदी से लेकर इलेक्टोरल बांड तक हर जगह भ्रष्टाचार किया। इलेक्टोरल बांड के नाम पर वसूली की। सरकारी संस्थाओं से छापे डलवाकर और डराकर उद्योगपतियों और कम्पनियों से वसूली की। देश के इतिहास में पहली बार ऐसी वसूली हुई। जिन कम्पनियों की कोई कमाई नहीं उनसे भी चंदा वसूल लिया। वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूल लिया। जिन कम्पनियों ने चंदा वसूला उन्होंने दवाओं, खाने पीने की चीजों समेत सभी के दाम बढ़ा दिया। भाजपा ने चंदा वसूली के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया। भाजपा की वसूली से महंगाई बहुत बढ़ गयी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के नेता चुनाव में तमाम तरह की बातें करेंगे लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, किसानों की आय, किसानों की फसलों के लिए एमएसपी पर कुछ नहीं बोलते हैं।

## भाजपा और कांग्रेस दोनों ही जनविरोधी: मायावती

**● बसपा सुप्रीमो ने हरिद्वार जिले के रुड़की में जनसभा को संबोधित किया**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ हरिद्वार



**बसपा** की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही जनविरोधी हैं। धर्म की आड़ में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न किया गया। सरकार पांच किलो मुफ्त राशन देकर गरीबों के साथ मजाक कर रही है। गरीब को राशन के साथ-साथ रोजगार चाहिए।

शनिवार को हरिद्वार जिले के रुड़की (लिब्बरहेड़ी) में जनसभा को संबोधित करते हुए बसपा सुपीमो ने बसपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने अल्पसंख्यकों के साथ छलावा किया है। मायावती ने भाजपा और कांग्रेस पर बराबर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि दोनों ही दलों ने जातिवादी मानसिकता के साथ काम किया है। इन्होंने लोगों का विकास नहीं किया बल्कि केवल वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया। उन्होने ईवीएम पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि ईवीएम मशीनों में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। फ्री और फेयर चुनाव हुए तो भाजपा का दोबारा केंद्र की सत्ता में लौटना आसान नहीं होगा। देश में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी आदि से जनता त्रस्त है।धर्म के नाम पर लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। आज भ्रष्टाचार चरम पर है। देश की सीमाएं भी सुरक्षित नहीं है। केंद्र की गलत नीतियों और कार्य प्रणाली को लोग आजमा चुके हैं। साम-दाम-दण्ड-भेद हर हथकंडा अपनाकर राजनीतिक दल सत्ता में आने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अपील की कि विरोधी दलों के वादों और घोषणा पत्र के झांसे में नहीं आना है। बसपा घोषणा पत्र जारी नहीं करती केवल कार्य करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस के बहकावे में नहीं आना है। बल्कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय वाली पार्टी बसपा को ही वोट देना है। बसपा सरकार में हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की। कहना था कि बीएसपी प्रत्याशियों को मतदाता वोट की राजनीति से ऊपर उठ जाएंगे। मायावती ने कहा कि उत्तराखंड में प्रकृति के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। कहीं जमीन खिसक रही है तो कहीं पहाड़। उन्होंने कहा कि जब उत्तराखंड यूपी में हुआ करता था और उनकी सरकार थी तो यहां के लोगों को मुलभूत सुविधाएं दी जाती थी। एक व्यवस्थित ढंग से पहाड़ों का विकास किया था। उन्होंने कहा कि यूपी में बसपा की चार बार सरकार रही है।

## विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं: धर्मपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/अलीगढ़



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को अलीगढ़ में ब्रज क्षेत्र के लोकसभा प्रवासियों, विधानसभा प्रभारी व संयोजको के साथ चुनाव प्रबंधन पर मंत्रणा की। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वह सभी संकल्प पूर्ण हो रहे है, जिन संकल्पों के साथ हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बनें थे। वैभवशाली राष्ट्र निर्माण का स्वप्न साकार रूप ले रहा है। 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूर्ण करने के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए हमें अपनी समग्र शक्ति के साथ प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने के लिए जुटना होगा। जिसको जो दायित्व मिला है, उस दायित्व को सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास हम सभी को करना है। विपक्ष के पास मुद्दे नहीं है। इसलिए झूठ, छल, प्रपंच से चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास करेगा। हमें सावधानी से विपक्ष के हर षडयंत्र को समाप्त करना है।

उन्होंने कहा कि जनसभाएं, रैलियां, नुक्कड सभाएं, गोष्ठियां, सम्मेलन सहित जनसम्पर्क के माध्यम से बार-बार और हर बार अबकी बार 400 पार का संदेश लेकर जनता के बीच पहुंचना है। बूथ समिति की मजबूत संरचना तथा सक्रियता संगठन की रणनीति को माइक्रोलेबल पर प्रभावी बनाती है। यही कारण है कि भाजपा का बूथ से लेकर केन्द्रीय स्तर तक का प्रत्येक पदाधिकारी पन्ना प्रमुख के रूप में बूथ समिति का सदस्य है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि विपक्ष अभी प्रत्याशी चयन तथा प्रत्याशी परिवर्तन के दौर में है। जबकि भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों व अभियानों के माध्यम से घर-घर तक संवाद कायम किये हुए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए मतदान पूर्ण होने तक अपने कार्य क्षेत्र में डटे रहे। कल 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती को समरसता दिवस के रूप में मनाना है।

## कांग्रेस ही दे सकती है देश में लोकतंत्र की मजबूती की गारंटी: अविनाश पांडेय



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/सहारनपुर

**लोकसभा** चुनावों में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने निकले कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय सहारनपुर पहुंचे और उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के शेखपुरा कदीम एवं सहारनपुर देहात विधानसभा क्षेत्र के अंबाला रोड पर दो जलसों को संबोधित किया।

राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय ने इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के लिए चुनाव प्रचार में जलसों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हार और जीत का चुनाव नहीं है, वास्तव में यह चुनाव सत्य-असत्य का है। अविनाश पांडे ने कहा कि 2014 से पूर्व की गारंटिया, जिसमें प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार, 15-15 लाख, 2022 तक किसनों की दुगनी आय व सबके लिए आवास आदि के जो वायदे मोदी जी ने किये थे और जिन्हें अमित शाह जी ने बाद में चुनावी जुमलो का नाम दिया, उन झूठी गारंटियों का मुकाबला कांग्रेस के 5 न्याय व 25 गारंटियों से है, जिनमें से कई गारंटियां तो पहले ही कांग्रेस शासित प्रदेशों में लागू की जा चुकी है और आज सच्चाई के रूप में जनता के सामने है।

## विकसित यूपी की छवि प्रस्तुत कर बीजेपी मतदाताओं को कर रही आकर्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**आम** चुनाव 2024 की चुनावी जनसभाओं में इस बार उत्तर प्रदेश का जिक्र 'विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश' के रूप में हो रहा है। पीएम मोदी से लेकर सीएम योगी तक अपनी जनसभाओं में विकसित उत्तर प्रदेश पर विशेष रूप से फोकस कर रहे हैं। इसके माध्यम से प्रदेश की जनता को डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश में हुए बड़े बदलावों के विषय में जानकारी दी जा रही है। उन्हें बताया जा रहा है कि विगत 7 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर अवस्थापना सुविधाओं में जो आमूलचूल कार्य किए हैं, उससे प्रदेश का माहौल बदला है। अच्छी कनेक्टिविटी से प्रभावित होकर देश और दुनिया के निवेशक उत्तर प्रदेश आ रहे हैं। लाखों करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतर रहा है। लाखों रोजगार के अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी ने इसी विकास और बदलाव को आगे भी जारी रखने के लिए इस बार 80 में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। जानकारों की मानें तो इस लक्ष्य को प्रदेश की जनता का भी समर्थन मिल रहा है। कुल मिलाकर इन चुनावों में यह नारा गेमचेंजर बनेगा, इसकी पूरी संभावना है। हर चुनाव में विकास सबसे बड़ा मुद्दा होता है। आम चुनाव 2024 भी इससे अलग नहीं है। ये वो मुद्दा है, जिस पर भाजपा को अपनी विपक्षी पार्टियों पर भारी बढ़त हासिल है। खासतौर पर उत्तर प्रदेश की बात करें तो सीएम योगी ने विगत सात वर्ष में यूपी में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस दौरान प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर, अवस्थापना सुविधाओं और कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार हुआ है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 6 एक्सप्रेसवे संचालित हो रहे हैं, जबकि 7 निर्माणाधीन हैं। इस तरह देश के कुल एक्सप्रेसवे कवर क्षेत्र में अकेले उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत से ज्यादा की हो गई है। यही नहीं, उत्तर प्रदेश, देश में सर्वाधिक हवाई अड्डों वाला राज्य भी है। यहां 4 अंतर्राष्ट्रीय और 11 घरेलू एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं, जबकि 6 निर्माणाधीन हैं। इसके अतिरिक्त, देश में घोषित दो डिफेंस कॉरिडोर में से एक उत्तर प्रदेश में स्थापित हो रहा है। इसमें 6 नोड (अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट) को चिन्हित किया गया है। लखनऊ नोड में ब्रम्होस तथा झांसी नोड में भारत डायनामिक्स की इकाइयां स्थापित हो रही हैं। कानपुर नोड में अडाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस लि. की परियोजना क्रियान्वित हो रही है। इसके साथ ही, 10 केंद्र पोषित व 7 राज्य पोषित कुल 17 नगरों का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास हो रहा है। प्रदेश सरकार नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में औद्योगिक शहर बनाने की दिशा में भी कार्य कर रही है। यूपी की कनेक्टिविटी सिर्फ हाईवे और एयरपोर्ट के माध्यम से ही नहीं बल्कि मेट्रो और जलमार्ग से भी संभव हो पा रही है। प्रदेश में 4 शहरों (गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, कानपुर, आगरा) में मेट्रो दौड़ रही है तो काशी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, झांसी एवं बरेली में मेट्रो परियोजना क्रियान्वित किए जाने की तैयारी हो रही है। इसके साथ ही, लखनऊ में दूसरे चरण के तहत मेट्रो के विस्तार की कार्यवाही की जा रही है। वहीं, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर रैपिड रेल नमो भारत की शुरुआत हो चुकी है जो देश की पहली रीजनल रेल सेवा भी है। वाराणसी में रोप-वे परियोजना पर भी कार्य हो रहा है। इसके साथ ही जलमार्ग की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया गया है। इसके तहत राष्ट्रीय जलमार्ग-1 विजन के अंतर्गत प्रयागराज को हल्दिया बंदरगाह से जोड़ा जा रहा है, जबकि हल्दिया-वाराणसी पथ तथा वाराणसी में गंगा नदी पर मल्टी मोडल टर्मिनल संचालित किया जा रहा है।


## चुनाव में सक्रियता से कार्य कर रहीं हैं प्रवर्तन एजेन्सियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियां काफी सक्रियता से काम कर रही हैं। इनके द्वारा 1 मार्च से 12 अप्रैल, 2024 तक कुल 14367.38 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किए गए। इसमें 2393.09 लाख रुपए नकद धनराशि, 3480.68 लाख रुपये कीमत की शराब, 5361.92 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 1981.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1150.62 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 12 अप्रैल, 2024 को कुल 278.66 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 16.94 लाख रुपये नकद धनराशि, 67.26 लाख रुपये कीमत की 22912.60 लीटर शराब, 70.67 लाख रुपये कीमत की 44833.90 ग्राम ड्रग, 103.12 लाख रुपये कीमत की 1449.65 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 20.66 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। 12 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद बाराबंकी की हैदरगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 250 ग्राम ड्रग तथा जनपद मिर्जापुर की मिर्जापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 65 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। जनपद बांदा की बांदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 55.45 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 792.09 ग्राम बहुमूल्य धातु एवं 10.09 लाख रुपये नकद तथा जनपद गोरखपुर की गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 47.67 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 657.56 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गयी।

# आतंकवादी को जवाब देने का कोई नियम नहीं : जयशंकर

भाषा। पुणे (महाराष्ट्र)



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने कहा कि भारत सीमा पार से होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चूंकि आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते हैं तो उन्हें जवाब देने का भी कोई नियम नहीं हो सकता है। जयशंकर ने 2008 में 26।11 मुंबई आतंकवादी हमलों का जवाब देने को लेकर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के स्तर पर काफी चर्चा के बाद उस वक्त कुछ भी सार्थक परिणाम नहीं निकला, क्योंकि यह माना गया कि पाकिस्तान पर हमला करने की कीमत उस पर हमला न करने से अधिक होगी। जयशंकर ने शुक्रवार को यहां भारत क्यों मायने रखता है: युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी कार्यक्रम में युवाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने पूछा कि अगर अब ऐसा ही हमला होता है और उस पर प्रतिक्रिया नहीं दी जाती तो उसके बाद के हमलों को कैसे रोका जा सकता है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि 2014 के बाद से भारत की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। यह पूछे जाने पर कि ऐसा कौन सा देश है, जिसके साथ भारत को संबंध बनाए रखना मुश्किल लगता है, तो उन्होंने कहा- पाकिस्तान। उन्होंने कहा कि अगर भारत शुरुआत से ही इस बारे में स्पष्ट रुख रखता कि पाकिस्तान आतंकवाद में शामिल है, जिसे भारत किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा तो देश की नीति बिल्कुल भिन्न होती। जयशंकर ने कहा, वर्ष 2014 में मोदी जी आए। लेकिन यह समस्या (आतंकवाद) 2014 में शुरू नहीं हुई। यह मुंबई हमले के साथ शुरू नहीं हुई। यह 1947 में हुई। वर्ष 1947 में पहली बार आक्रमणकारी कश्मीर में आए, उन्होंने कश्मीर में हमला किया। यह आतंकवादी कृत्य था। वे गांव और शहर जला रहे थे।

# संदेशखालि में मौके पर जांच से मानवाधिकारों के उल्लंघन का पता चला : आयोग

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल में संदेशखालि मामले की मौके पर पहुंचकर की गई जांच में अत्याचार की कई घटनाओं को चिह्नित किया और कहा कि यह इंगित करता है कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम में की गई लापरवाही के कारण मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि प्रतिशोध के व्यापक भय के साथ ही ताकत दिखाने के खेल ने एक दुर्जेय बाधा के रूप में काम किया , जिसके कारण लोगों ने शिकायतें दर्ज कराने से परहेज किया। एनएचआरसी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की हैं और प्रत्येक सिफारिश पर पश्चिम बंगाल सरकार से आठ सप्ताह के भीतर कार्वाई रिपोर्ट मांगी है। इसमें कहा गया है, आयोग की मौके पर पहुंचकर की गई जांच से पीड़ितों के साथ हुए अत्याचार की कई घटनाओं का खुलासा हुआ है, जो साफ तौर पर दर्शाता है कि प्रथम दृष्टया ऐसे उल्लंघन को रोकने में लोकसेवक की लापरवाही के कारण मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। बयान में कहा गया है कि इस रिपोर्ट को सूचना के व्यापक प्रसार के लिए एनएचआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। आयोग ने मौके पर पहुंचकर की गई जांच की रिपोर्ट पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को भेजी है और उनसे इन मामलों में की गई कार्वाई की रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि कथित आरोपियों के अत्याचारों के कारण बने माहौल ने पीड़ितों को चुप करा दिया और डराने-धमकाने तथा आतंक ने उन्हें न्याय मांगने के प्रति अनिच्छुक बना दिया।

# राजद का घोषणापत्र जारी, एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा

भाषा। पटना



**बिहार** के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें देश भर में एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी और रक्षाबंधन पर गरीब परिवारों की बहनों को प्रति वर्ष एक लाख रुपए देने का वादा किया गया है। राजद ने अपने घोषणापत्र को परिवर्तन पत्र नाम दिया है। राजद के परिवर्तन पत्र में जनता से 24 वादे किए गए हैं। यादव ने यहां घोषणापत्र जारी करने के दौरान कहा हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं। बिहार के विकास के लिए आज हम जो भी वादा करेंगे उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, हम लोग जो वादा करते हैं उसे पूरा करके दिखाते हैं। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के समय हम लोगों ने जितने भी वादे किए थे उसे अपने 17 महीने के कार्यकाल (बिहार की पिछली महागठबंधन सरकार) के दौरान पूरा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, हमने पांच लाख सरकारी नौकरी की व्यवस्था की। जाति आधारित गणना कराई और आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया। यादव ने कहा कि केंद्र में विपक्षी गुट इंडिया की सरकार बनने पर देश भर में एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को एक करोड़ सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी। राजद नेता ने कहा, इस साल रक्षाबंधन के मौके पर हम गरीब परिवारों की अपनी बहनों को सालाना एक लाख रुपए देना शुरू करेंगे। घोषणापत्र में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने और एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में देने का भी वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में वर्तमान में 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त हैं जिनको भरने के साथ-साथ 70 लाख पद सृजित किए जाएंगे।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने आम्बेडकर के आदर्शों को अपनाने को कहा



भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने संविधान निर्माता डॉ बी आर आम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी को देश के समावेशी विकास के लिए सामूहिक रूप से काम करने के बाबासाहेब के विचारों को अपनाना चाहिए। मुर्मू ने कहा कि सामाजिक बदलाव के पथप्रदर्शक और विविधता पूर्ण व्यक्तित्व बाबासाहेब आम्बेडकर ने एक विधिवेत्ता, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनेता के रूप में देश और समाज में असाधारण योगदान दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था में उनका दृढ़ विश्वास आज भी भारतीय लोकतंत्र और सुशासन की नींव है। उन्होंने कहा कि आम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन समतावादी समाज की स्थापना के लिए और वंचितों के उत्थान के लिए संघर्ष करते हुए खपा दिया। मुर्मू ने कहा, इस अवसर पर हम डॉ आम्बेडकर के विचारों को अपनाएं और हमारे देश के समावेशी विकास के लिए मिलकर काम करें। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे संविधान के रचनाकार और सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्र निर्माताओं में से एक बाबासाहेब भीमराव रामजी आम्बेडकर की जयंती के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं।

# संघ के मूल्य मेरी धमनियों में समाहित : बांसुरी स्वराज

भाषा। नई दिल्ली

**नई दिल्ली** लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं दिवंगत केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज ने कहा कि संघ के मूल्य उनकी धमनियों में समाहित हैं और वह अपनी माँ के कद एवं विरासत के कारण उनकी जगह भरने के बारे में सोच भी नहीं सकतीं।

पीटीआई मुख्यालय में एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में, बांसुरी स्वराज ने बचपन से अपनी माँ के साथ अपने गहरे संबंधों को याद किया और बताया कि उन्होंने हर साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को उनके जन्मदिन पर उनका पसंदीदा केक भेजने की दिवंगत मंत्री की परंपरा को जारी रखा है। सुषमा स्वराज और स्वराज कौशल की इकलौती संतान बांसुरी ने कहा कि उनके लालन-पालन के दौरान घर में एक सख्त नियम था कि उन्हें अपनी माँ से हिंदी में तथा पिता से अंग्रेजी में बात करनी होती थी जिससे वह दोनों



भाषाओं में पारंगत हो गईं। बांसुरी दिल्ली में भाजपा की सबसे कम उम्र की उम्मीदवार हैं जिनकी आयु 40 साल है। उन्होंने कहा कि उनकी परवरिश सामान्य रही, जिसने उन्हें जमीन से जोड़े रखा। भाजपा नेता ने कहा कि उनके माता-पिता और दादा-दादी वाले परिवार का दृष्टिकोण राष्ट्रवादी था। बांसुरी ने कहा, "मैं विनम्रतापूर्वक कहती हूं कि मैं सुषमा स्वराज की वजह से राजनीति में नहीं हूं और मैं यह बात बड़ी जिम्मेदारी के साथ कह रही हूं। मेरी संघ आयु (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्धता) 24 साल पुरानी है। मैंने अपना राजनीतिक जीवन एबीवीपी (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) कार्यकर्ता के रूप में शुरू किया था। उन्होंने कहा, "मैंने पिछले 10 वर्षों से एक वकील के रूप में पार्टी और संगठन की सेवा की है। मेरी माँ के निधन के चार साल बाद मुझे पार्टी में पहली जिम्मेदारी भाजपा की दिल्ली इकाई के कानूनी प्रकोष्ठ की सह-संयोजक के रूप में मिली। वंशवाद की राजनीति के मुद्दे पर बांसुरी स्वराज ने कहा कि वह भी अन्य लोगों की तरह ही समान अवसरों की हकदार हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ इसलिए कि मेरी माँ एक जनप्रतिनिधि थीं, राजनीति मेरे लिए वर्जित नहीं होनी चाहिए। बांसुरी ने कहा, "अगर मैं पार्टी की मालिक होती और इसमें शामिल होने के तुरंत बाद इसकी प्रमुख एवं शीर्ष दावेदार बन जाती, तो यह वंशवाद की राजनीति होती। लेकिन अवसर की समानता सभी के लिए उचित होती है, चाहे वह सुषमा स्वराज की बेटी हो या कोई और। उन्होंने कहा, "मैंने सबकुछ अपनी माँ और पिता से सीखा है। जब आप इकलौते बच्चे होते हैं, तो आप अपने माता-पिता के लिए एक प्रोजेक्ट बन जाते हैं। मुझे लगता है कि वे वास्तव में अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। बांसुरी ने कहा कि उन पर "कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि वह अपनी माँ के कद एवं विरासत के कारण उनकी जगह भरने के बारे में सोच भी नहीं सकतीं। बांसुरी ने कहा, "उनकी जगह भरने की कोशिश करना मूर्खता होगा। सुषमा स्वराज केवल एक ही हो सकती हैं। मेरा प्रयास होगा कि मैं ऐसा कुछ भी न करूं जिससे उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे"

## क्विक न्यूज

### अनुच्छेद 370 के मुद्दे को जिंदा रखेंगे: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के फैसले को बरकरार रखने से यह मुद्दा समाप्त नही हो जाता है और उनकी पार्टी इसे तब तक जीवित रखेगी जब तक कि केंद्र में एक ऐसी सरकार नही आ जाती जो जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने पर चर्चा करने को तैयार हो। अब्दुल्ला ने यहां एक साक्षात्कार मे पीटीआई-भाषा से कहा, यह सरकार हमेशा नही रहेगी। पृथ्वी पर ऐसी कोई ताकत नही है जो प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी को अनंतकाल के लिए पद पर रख सके, पृथ्वी पर ऐसी कोई ताकत नही है जो भाजपा को हमेशा पद पर बनाए रख सके। प्रत्एक सरकार का कार्यकाल निश्चित होता है, कुछ का कार्यकाल लंबा होता है, कुछ का छोटा होता है। ऐसा क्यो मान ले कि भविष्य मे ऐसी कोई सरकार नही आएगी जो अनुच्छेद 370 पर हमसे बात करने को तैयार नही होगी। उत्तरी कश्मीर के बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ रहे अब्दुल्ला ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होने कहा, मुझे विश्वास है कि भविष्य में एक ऐसी सरकार होगी जो जम्मू कश्मीर की विशेष स्थिति के हमारे मुख्य मुद्दो पर हमारे साथ जुड़ने में प्रसन्न होगी और जब तक ऐसा नही होता, हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, हम इसके लिए लड़ते रहेंगे और संघर्ष करते रहेंगे। उच्चतम न्यायालय की मुहर से मामला बंद नही होता, क्योंकि अगर एक मुहर से मामला बंद हो जाता है, तो अनुच्छेद 370 पर इससे पहले मुहर लग गई थी और उच्चतम न्यायालय ने इसके पक्ष में फैसला सुनाया था। हां, हालिया फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इससे हमारी राजनीतिक लड़ाई नही रुकेगी। उन्होंने दावा किया कि कई विपक्षी दलो की इस बारे में एक जैसी राय है।

### रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में आरोपियों को 10 दिन की हिरासत में भेजा गया

**बेंगलुरु** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे मे हुए विस्फोट के मामले मे दो आरोपियो को शनिवार को राष्ट्रीय एजेंसी की 10 दिन की हिरासत मे भेज दिया। मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन अहमद ताहा को आज राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की विशेष अदालत के न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। आरोपियो को एक मार्च को यहां रामेश्वरम कैफे मे हुए विस्फोट मे उनकी कथित भूमिका के लिए ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता से राज्य की राजधानी लाया गया था, जिसमे 10 लोग घायल हो गए थे। एनआईए के मुताबिक, शाजिब ने कैफे मे परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) रखा था और ताहा इसका मास्टरमाइंड था। पिछले महीने एनआईए ने इन दोनो आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वालो को 10-10 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी।

### जम्मू कश्मीर के रियासी में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार एवं विस्फोटक बरामद

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने शनिवार को यहां एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और मौके से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि रियासी के माहौर उपमंडल के लांचा इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त अभियान के दौरान आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए टीम ने तलाशी अभियान चलाया और एक टिफिन बॉक्स में लगा एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) एवं दो पिस्तौल बरामद की। उन्होंने बताया कि आखिरी समाचार मिलने तक यह अभियान जारी था। प्रवक्ता ने बताया कि आईईडी और दो पिस्तौल के अलावा, सुरक्षा बलों की टीम ने तीन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 400 ग्राम बारूद, पिस्तौल की दो मैगजीन एवं 24 गोलियां, ए के असॉल्ट राइफल की 40 गोलियां, आठ बैटरी, 40 मीटर बिजली के तार, पांच मीटर प्लास्टिक की रस्सी भी बरामद की। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मौके से एक स्टील प्लेट, एक गिलास, एक बैग, तीन बेडशीट और कुछ तस्वीरें भी बरामद की गई हैं।

### हरियाणा में यूट्यूबर जोड़े ने आत्महत्या की

**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर जिले मे लिव-इन में रह रहे जोड़े ने एक आवासीय इमारत की सातवी मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाले की पहचान ग्रेविट (25) और नंदिनी (22) के तौर पर की गई है और दोनों यूट्यूबर थे और देहरादून के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि वे पिछले एक महीने से बहादुरगढ़ स्थित आवासीय भवन मे रह रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनो को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक यह पता नही चल पाया है कि उन्होंने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी सादिक ने मादक पदार्थ की कमाई फिल्म और रियल एस्टेट में लगाई: ईडी

भाषा। नई दिल्ली

**तमिलनाडु में** सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) से बर्खास्त पार्टी के पदाधिकारी जाफर सादिक और उनसे जुड़ी संस्थाओं ने कथित तौर पर नशीले पदार्थों की तस्करी से कमाई गई 40 करोड़ रुपए से अधिक की राशि फिल्म उद्योग, आतिथ्य और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में लगा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौ अप्रैल को चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में इस मामले में छापे के बाद एक आधिकारिक बयान में ए दावे किए।सादिक (36) को पिछले महीने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत वाली लगभग 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफेड्रिन की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था।

# कांग्रेस ने भाजपा पर 2014 से लगातार भ्रष्टाचार-रोधी प्रयासों में बाधा डालने का आरोप लगाया

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर विपक्ष पर हमलावर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देशभर में भ्रष्टाचार-रोधी प्रयासों में लगातार बाधा डाली है।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने चुनावी बॉण्ड के माध्यम से भ्रष्टाचार को वैध बना दिया है, राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच एजेंसियों को तैनात करके भ्रष्टाचार-रोधी प्रयासों का राजनीतिकरण किया है तथा भाजपा में शामिल होने वाले राजनीतिज्ञों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया रोक दी है।उन्होंने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री मोदी का भ्रष्टाचार हटाओ का नारा देकर देशभर में घूमना एक विशेष प्रकार का पाखंड है। प्रधानमंत्री मोदी से ज्यादा किसी अन्य ने भ्रष्टाचार को वैध और सामान्य घटना साबित नहीं किया है। मोदी ने अपने चुनावी भाषणों में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जोरदार आवाज उठाई है और दावा किया है कि जहां वह इस समस्या को खत्म करना चाहते हैं, वहीं कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इसके लिए उन्हें निशाना बना रहे हैं तथा भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं।रमेश ने दावा किया कि जुलाई, 2018 में, मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार-निरोधक अधिनियम में संशोधन किया, जिससे भ्रष्टाचार-रोधी निकाय अप्रभावी हो गए। उन्होंने कहा, छह साल बाद, महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार-रोधी 65 प्रतिशत जांच अब भी मंजूरी के लिए लंबित है। उन्होंने कहा, भाजपा ने भ्रष्टाचार-रोधी निकायों को कैसे अप्रभावी बनाया? जुलाई 2018 में, मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसीए) में धारा 17(ए) पेश की।

# भारतीय सेना ने पूरे किए सियाचिन ग्लेशियर में चार दशक

भाषा। नई दिल्ली

**भारी सामानों को** उठाने में सक्षम हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों का उपयोग, सभी सतहों के लिए अनुकूल वाहनों की तैनाती, मार्गों का विशाल नेटवर्क बिछाया जाना उन कई कदमों में शामिल हैं जिन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में भारत की सैन्य कौशल बढ़ाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सियाचिन ग्लेशियर में भारतीय सेना ने अपनी मौजूदगी के 40 साल पूरे किए हैं और पिछले कुछ वर्षों में बुनयादी ढांचा बढ़ने से उसकी अभियानगत क्षमता में काफी सुधार आया है। कराकोरम पर्वत शृंखला में करीब 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर दुनिया में सबसे ऊंचे सैन्ईकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है जहां सैनिकों को बर्फीली और सर्द हवा से जूझना पड़ता



है। भारतीय सेना ने अपने ऑपरेशन मेघदूत के तहत 13 अप्रैल, 1984 में इस ग्लेशियर पर अपना पूर्ण नियंत्रण कायम किया था। एक अधिकारी ने कहा, सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना का नियंत्रण न केवल अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प की गाथा है, बल्कि प्रौद्योगिकी उन्नति और साजो-सामान संबंधी सुधारों की एक असाधारण यात्रा भी है जिसने सबसे दुर्जेय इलाकों में से एक इस क्षेत्र को अदम्य जोश और नवोन्मेष के प्रतीक में बदल दिया। उन्होंने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा कि खासकर पिछले पांच सालों में उठाए गए कदमों ने सियाचिन में तैनात इन जवानों के जीवन स्तर और अभियानगत क्षमताओं में सुधार लाने में लंबी छलांग लगाई है। पिछले साल जनवरी में सेना के इंजीनियर कोर की कैप्टन शिवा चौहान को सियाचिन ग्लेशियर की अग्रिम चौकी पर तैनात किया गया था। एक अहम रणक्षेत्र में एक महिला सैन्य अधिकारी की यह ऐसी पहली अभियानगत तैनाती थी। अधिकारी ने कहा कि सियाचिन में गतिशीलता के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने कहा, मार्गों के विशाल नेटवर्क के विकास तथा सभी क्षेत्रों के लिए अनुकूल वाहनों के उपयोग ने ग्लेशियर में गतिशीलता में काफी सुधार लाया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुल जैसे नवोन्मेषों से सेना प्राकृतिक बाधाओं को पार पाने में समर्थ हुई है।

# पेज 1 का शेष

## इजराइल-भारत...

का व्यापक भू-राजनीतिक तनाव से कोई लेना-देना नहीं है - हालांकि बाद में इसे स्वीकार किया गया। हालाँकि, शनिवार के हमले में, ईरान ने यह कहने के अलावा जब्ती के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया कि एमएससी एरीज का संबंध इज़राइल से था। कई दिनों से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सहित ईरानी अधिकारी सीरिया हमले के लिए इज़राइल को थप्पड़ मारने की धमकी दे रहे हैं।

## ईरान के...

विशेष रूप से बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने एयरलाइनों के लिए नो फ्लाई जोन में और अधिक मार्ग जोड़ दिए हैं। जब से देश पर तालिबान का कब्ज़ा हुआ है तब से वाणिज्यिक विमान अफगानिस्तान से बचते हैं। यूक्रेन में रूस के युद्ध ने दोनों देशों को अधिकांश पश्चिमी एयरलाइनों के लिए नो ओवरफ़्लाइंग ज़ोन बना दिया है; अमेरिकी वाहक पिछले कुछ समय से ईरान से परहेज कर रहे हैं। अब विमानों को ईरान के हवाई क्षेत्र से बचना होगा। दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। ईरान ने हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है और तेल अवीव से ऐसी खबरें आई हैं कि इजराइली सेना किसी भी स्थिति के लिए तैयारी कर रही है। इस बीच, भारत, फ्रांस और रूस सहित अन्य देशों ने अपने नागरिकों को इस क्षेत्र की यात्रा न करने की सलाह दी है, जो गाजा में सात महीने से चल रहे युद्ध के कारण पहले से ही तनावपूर्ण है। 11 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के जवाब में तेहरान द्वारा इजरायली धरती पर हमला किए जाने की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से ईरान और इजरायल की यात्रा नहीं करने को कहा। नवीनतम घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि अब किसी भी भारतीय को निर्माण क्षेत्र में काम करने के लिए इज़राइल जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## केजरीवाल....

केजरीवाल की पत्नी ने उनसे मिलने के लिए आवेदन किया, तो उन्हें बताया गया कि आप उनसे आमने-सामने नहीं बल्कि खिड़की के माध्यम से मिल सकती हैं। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि खूंखार अपराधियों को भी बैरक में मिलने की इजाजत है, लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री को अपनी पत्नी से एक खिड़की के माध्यम से मिलने की अनुमति है, जिसके बीच में एक शीशा लगा हुआ है। आप नेता ने दावा किया कि केजरीवाल के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्हें केवल खिड़की के माध्यम से उनसे मिलने की अनुमति है। यह अमानवीय है। यहां तक कि कट्टर अपराधियों को भी व्यक्तिगत रूप से मिलने की अनुमति है। सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा, यह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मनोबल तोड़ने की कोशिश है। उसी तिहाड़ जेल में कई मुलाकातें होती हैं, लेकिन तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपमानित किया जा रहा है और उन्हें खिड़की के माध्यम से उनके परिवार से मिलवाया जा रहा है। यह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के इशारे पर हो रहा है। मुलाकात जंगला एक लोहे की जाली है जो जेल के अंदर एक कमरे में कैदी को आगंतुक से अलग करती है। एक आगंतुक और एक कैदी एक-दूसरे से बात कर सकते हैं अन्य जाल के विभिन्न किनारों पर बैठकर। उन्होंने कहा, तिहाड़ जेल के इतिहास को देखें, लोगों को आमने-सामने मुलाकात करने की इजाजत है। इसी जेल में सहारा के सुब्रत रॉय इंटरनेट, फोन, ऑफिस सुविधाओं आदि के जरिए मुलाकातें करते थे। इसी जेल में चंद्रा ब्रदर्स नियमित मुलाकातें करते थे और कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते थे। वे जिनसे मिलना चाहते थे, उन्हें मिलने दिया गया। लेकिन इसी तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल का मनोबल तोड़ने की कोशिश की जा रही है। तिहाड़ प्रशासन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। उन्होंने कहा, आज लड़ाई लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है। मैं पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध करूंगा कि वे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के अधिकारों को न छीनें, जो संवैधानिक, लोकतांत्रिक, कानूनी और जेल नियमों के तहत गारंटीकृत हैं। तानाशाह बनने की कोशिश मत करो। इस बीच, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जेल मैनुअल नियम 602 के अनुसार, कैदियों और उनके आगंतुकों को एक स्क्रीन के सामने बैठाया जाता है। केजरीवाल उन लोगों से मिल रहे हैं जो मिलना चाहते हैं और उनके जरिए संदेश भी भेज रहे हैं। सचदेवा ने कहा, हो सकता है कि अगर सिंह दिल्ली के केजरीवाल से नहीं मिल पाए तो उनके लिए कुछ संदेश होगा। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। वह 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं और फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। शुक्रवार को जेल अधिकारियों ने केजरीवाल की अपने पंजाब समकक्ष भगवंत मान के साथ 15 अप्रैल को मुलाकात तय करते हुए कहा कि वह आप संयोजक से मिल सकते हैं, लेकिन मुलाकात जंगला में एक सामान्य आगंतुक के रूप में। एलजी ने आप के इस प्रचार पर भी ध्यान दिया कि महिलाओं के लिए मुफ्त बिजली, पानी और बस यात्रा से संबंधित योजना और सब्सिडी बंद कर दी जाएगी, क्योंकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल न्यायिक हिरासत के तहत जेल में हैं। एलजी ने दिल्ली के लोगों को आश्वासन दिया है कि गरीबों को लाभ पहुंचाने वाली कोई भी सब्सिडी योजना बंद नहीं की जाएगी और उनसे बयानों और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। राजनीतिक निहित स्वार्थों द्वारा फैलाया जा रहा है। लोगों को उन्हें गुमराह करने के किसी भी प्रयास को खारिज कर देना चाहिए।

## भाजपा आज...

सुझाव शामिल हैं। चुनावी घोषणापत्र किसी पार्टी की नीतियों, उद्देश्यों और सत्ता में आने पर प्रस्तावित कार्यों की एक व्यापक घोषणा है जो मतदाताओं के लिए विभिन्न मुद्दों पर पार्टी के रुख को समझने के लिए एक रोडमैप के रूप में कार्य करता है। राजनीतिक दल अपने एजेंडे, प्राथमिकताओं और सामाजिक चुनौतियों के प्रस्तावित समाधानों को संप्रेषित करने के लिए घोषणापत्र जारी करते हैं। घोषणापत्र चुनाव के बाद पार्टियों को जवाबदेह भी बनाते हैं। मतदाता किए गए वादों को देख सकते हैं और आकलन कर सकते हैं कि क्या पार्टी शासन में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करती है। इस बीच, विपक्षी दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पहले ही अपना घोषणापत्र न्याय पत्र शीर्षक से जारी कर दिया है।

## राहुल गांधी...

करने से हुए नुकसान को छिपाने के लिए, हसन ने कांग्रेस के दिग्गज नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को श्राप दिया, जो भाजपा उम्मीदवार के रूप में पथानामथिट्टा से चुनाव लड़ रहे हैं। हसन ने कहा, वे वह व्यक्ति है जो अपने पिता के प्रति कृतघ्न है।

## सीएए और...

सीएए हमारे लिए ताजी हवा के झोंके के रूप में आया है। यह कई लोगों के लिए नागरिकता का मार्ग प्रदान करता है जो दशकों से अधर में रह रहे हैं। पीलीभीत के राजनीतिक विमर्श में सीएए के केंद्र में आने के साथ मोदी के नेतृत्व को अटूट समर्थन मिल रहा है। मोदी के मुखर समर्थक मनोरंजन दास कहते हैं, हम मोदी को वोट देंगे, चाहे उम्मीदवार कोई भी हो। उनका नेतृत्व हमें उज्जवल भविष्य की आशा देता है। राजनीतिक वादों के बावजूद निवासियों में निराशा व्याप्त है। एक निवासी अफसोस जताते हुए कहते हैं, हमारे जीवन को बदलने के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। मनोज बिशाई राजनीतिक बयानबाजी के प्रति संदेह व्यक्त करते हुए इसी भावना को दोहराते हैं। उन्होंने टिप्पणी की, इंदिरा गांधी द्वारा हमारी मदद करने के बाद हमने कांग्रेस को वोट दिया, लेकिन उनके उत्तराधिकारी और स्थानीय कांग्रेस नेता बिल्कुल भी मददगार नहीं रहे। कुछ लोगों के लिए मतदान का अधिकार प्राप्त करने में प्रगति के बावजूद भेदभाव जारी है। 78 वर्षीय नारायण महतो ने अपने बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जो प्रवासी स्थिति के कारण मतदान के अधिकार से वंचित थे। मान्यता और सम्मान की उम्मीद करते हुए वह कहते हैं, पीएम मोदी ने हमें सीएए हथियार दिया है, जो निश्चित रूप से हमारी परेशानियों को खत्म करेगा और हमारे बच्चों को बेहतर जीवन जीने में मदद करेगा। चूँकि पीलीभीत का यह छोटा बंगाल नौकरशाही और राजनीतिक अनिश्चितता से जूझ रहा है, इसलिए सीएए और मोदी के नेतृत्व में उनका विश्वास अटूट बना हुआ है। रामनगरी और उससे आगे के हरे-भरे खेतों और हलचल भरे बाजारों में मान्यता और नागरिकता के लिए उनकी आकांक्षाएं प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच लचीलेपन और आशा के प्रमाण के रूप में खड़ी हैं।

# गेमिंग उद्योग को किसी नियमन की जरूरत नहीं : मोदी

भाषा। नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को कहा कि गेमिंग उद्योग को किसी नियमन की जरूरत नहीं है और इसे मुक्त रहना चाहिए, तभी इसमें तेजी आएगी। ई-गेमिंग उद्योग के भविष्य और उसके समक्ष मौजूद चुनौतियों पर शीर्ष भारतीय ऑनलाइन गेमर्स के साथ बातचीत में, प्रधानमंत्री ने उनसे कुछ सवाल भी पूछे और कुछ खेलों में हाथ भी आजमाया। जब एक गेमर नमन माथुर ने मोदी से पूछा कि क्या गेमिंग सेक्टर के लिए नियमन की कोई आवश्यकता है, तो उन्होंने कहा कि यह आदर्श स्थिति नहीं होगी। प्रधानमंत्री ने कहा, दो चीजें हैं, जो सरकार कर सकती है। या तो आप किसी कानून के तहत पाबंदियां लागू करें या हमारे देश की जरूरतों के मुताबिक उसे समझने और ढालने की कोशिश करें और इसे संगठित व कानूनी ढांचे के तहत लाएं और इसकी प्रतिष्ठा को बुलंद करें। मेरा प्रयास देश को उस स्तर तक ले जाना है कि 2047 तक सरकार मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन से बाहर हो जाए। हमारा जीवन कागजी कार्वाई में फंस गया है। गरीबों को ही सरकार की जरूरत है, मुश्किल समय में सरकार को उनके साथ रहना चाहिए। उन्होंने एक अन्य गेमर अनिमेष अग्रवाल ने कहा कि सरकार को ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग को मुख्यधारा के खेल के रूप में मान्यता देनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा, यह एक कौशल-आधारित गेमिंग है और इसमें जुआ शामिल नहीं है। एक बार जब यह स्थापित हो जाता है और वित्तीय लेनदेन में शामिल लोगों सहित सभी सरकारी निकायों द्वारा समझ लिया जाता है, तो यह वास्तव में फायदेमंद होगा। जैसा कि आपने कहा, उद्योग को विनियमन की आवश्यकता नहीं है। हमें इसे स्वतंत्र रूप से बढ़ने देना चाहिए। थोड़ा सा धक्का दिया जाए, तो उद्योग आगे बढ़ जाएगा। इस पर मोदी ने जवाब दिया, इसे (ईस्पोर्ट्स और गेमिंग) किसी नियमन की जरूरत नहीं है। यह मुक्त रहना चाहिए, तभी यह आगे बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री ने गेमर्स से जानना चाहा कि वे गेमिंग और जुए के बीच संघर्ष से कैसे निपटते हैं। गेमर्स ने प्रधानमंत्री के साथ उद्योग में उपयोग की जाने वाली कुछ शब्दावली जैसे नूब और ग्राइंड पर भी चर्चा की। जैसा कि खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री को समझाया कि नूब किसी नौसिखिया या खेल में बहुत कुशल नहीं होने का संदर्भ है। इस पर मोदी ने हंसते हुए कहा, अगर मैं चुनाव के दौरान इस शब्द का इस्तेमाल करूंगा, तो लोग हैरान होंगे कि मैं किसकी बात कर रहा हूं। अगर मैं यह कहता हूं, तो आप इसे किसी विशेष व्यक्ति के लिए मान लेंगे। गुजरात के कच्छ के एक गेमर तीरथ मेहता ने कहा, लोगों को लगता है कि हम टाइम पास करने के लिए गेम खेलते हैं। हम ऐसे खेल खेलते हैं, जो वास्तव में दूसरों से अलग हैं, लेकिन लोगों को लगता है कि वे लूडो की तरह आसान हैं ... हम ऐसे खेल खेलते हैं, जो शतरंज की तरह जटिल होते हैं और इनमें भी मानसिक और शारीरिक कौशल की जरूरत होती है। लोगों ने अलग-अलग समाधान पेश किए हैं। मेरे पास मिशन लाइफ नामक एक वैकल्पिक समाधान है, जो पर्यावरण को लाभ पहुंचाने के लिए हमारी दैनिक जीवन शैली को बदलने की वकालत करता है। , अब, वैश्विक जलवायु मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक खेल की कल्पना करें, जहां गेमर को सबसे टिकाऊ दृष्टिकोण की पहचान करने के लिए विभिन्न तरीकों और समाधानों का पता लगाना चाहिए। ए कदम क्या हैं? हम इसके माध्यम से कैसे आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने स्वच्छता अभियान का उदाहरण दिया और कहा कि खेलों में इस विषय को भी उठाया जा सकता है। इनके जरिए युवाओं को भारतीय मूल्यों को अपनाने और उनके वास्तविक महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। तीरथ मेहता, अनिमेष अग्रवाल, अंशु बिष्ट, नमन माथुर, मिथिलेश पाटनकर, गणेश गंगाधर और पायल धारे ने मोदी के साथ आधे घंटे तक बातचीत की।

# कांग्रेस के सत्ता में आने पर भ्रष्टाचार बढ़ता है: राजनाथ सिंह

भाषा। दंतेवाड़ा

**केंद्रीय मंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आती है तो भ्रष्टाचार बढ़ जाता है जबकि नरेन्द्र मोदी सरकार के 10 साल के शासनकाल में उनके खिलाफ अनियमितता का एक भी आरोप नहीं लगा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गीदम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में कांग्रेस खत्म हो जाएगी और पार्टी अगले कुछ वर्षों में देश में डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। उन्होंने एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार की वकालत करते हुए कहा कि इससे लोगों के समय के साथ-साथ देश के संसाधनों की भी बचत होगी। सिंह ने कहा, जब भी कांग्रेस सत्ता में आती है तो भ्रष्टाचार बढ़ जाता है। आजादी के बाद से, पार्टी जब भी शासन में रही,



उसे भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा। छत्तीसगढ़ में (2018 में) सत्ता में चुने जाने के बाद भी, उसने गाय-गोबर सहित कई घोटाले किए। उन्होंने कहा, कोई भी नरेन्द्र मोदी सरकार पर उंगली नहीं उठा सकता। केंद्र सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। सिंह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तारीफ करते हुए कहा कि लोग देखेंगे कि राज्य में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के तहत छत्तीसगढ़ कैसे तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। देश के विकास में छत्तीसगढ़ का विकास महत्वपूर्ण है।इन्होंने कहा कि कांग्रेस जंग लगे लोहे के टुकड़े की तरह है और यह रियलिटी शो बिग बॉस के 'घर' जैसा दिखने लगी है क्योंकि सभी नेता एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने में व्यस्त हैं।भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस की हालत इतनी खराब होती जा रही है कि 2024 के बाद अगले 5-10 सालों में जब लोग इसके बारे में बात करेंगे तो उनके बच्चे पूछेंगे कि कांग्रेस कौन है? अगले कुछ वर्षों में कांग्रेस उसी तरह विलुप्त हो जाएगी, जिस तरह धरती से डायनासोर गायब हो गए। उन्होंने कहा, कांग्रेस की हालत रियलिटी शो बिग बॉस के घर जैसी हो गई है, जहां प्रतियोगी एक-दूसरे के कपड़े फाड़ते हैं। कांग्रेस नेता एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

## रांची के बाहरी इलाके में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, पांच गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के बाहरी इलाके में 17 वर्षीय एक लड़की के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात वह अपनी सहेलियों के साथ मेले में गई थी और वहां से एक परिचित के घर चली गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उस घर में पहले से ही कुछ युवक मौजूद थे और उन्होंने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। सतु पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, पीड़िता ने बताया कि वह किसी तरह युवकों के चंगुल से निकलने में सफल रही और उसने घर के बाहर कुछ ग्रामीणों को देखा। उसने उन्हें अपनी आपबीती सुनाई और वे उसे पुलिस थाने ले आए। पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इस घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## फोनपे, ईसेवा और एचएएन में साझेदारी

**नयी दिल्ली।** फोनपे ने यूपीआई को लोकप्रिय बनाने के लिए ईसेवा और होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल (एचएएन) पोखरा के साथ साझेदारी की है। जो कि फेवा नव वर्ष महोत्सव का हिस्सा है। यह महोत्सव 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। नव वर्ष का यह उत्सव न केवल पूरे नेपाल के नागरिकों के बीच लोकप्रिय है, बल्कि उन भारतीय पर्यटकों के बीच भी काफी लोकप्रिय है जो नेपाल की यात्रा करते हैं और उत्सवों का आनंद लेते हैं। प्रमुख ऑन ग्राउंड और डिजिटल ब्रांडिंग, डिजिटल पेमेंट का उपयोग करने का तरीका दिखाने वाले कियोस्क और कई इंटरैक्टिव एक्टिविटीज के साथ, फोनपे, ईसेवा और एचएएन पोखरा मिलकर यूपीआई पेमेंट के आसान उपयोग का प्रदर्शन करेंगे। तीन हजार से अधिक मर्चेंट इस महोत्सव का हिस्सा होंगे।

## हाईस्पीड स्कूटर की मांग

**नोएडा।** दिग्गज कंपनी एसएआर ग्रुप की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी शाखा लेक्ट्रिक्स ईवी ई2डबल्यू लॉन्च किया है। लेक्ट्रिक्स ईवी वाहन से बैटरी को अलग करने और इसे ग्राहकों को सेवा के रूप में प्रदान करने वाला विशेष रूप से भारत का पहला ओईएम है। लेक्ट्रिक्स ईवी में ईवी बिजनेस के प्रेसिडेंट प्रीतेश तलवार ने साझा करते हुए कहा कि यह नया इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन 49,999 रुपये से शुरू होने वाली एक्स.शोरूम कीमत के साथ अद्वितीय वहनीयता प्रदान करता है। उपभोक्ताओं को धीमी गति वाली ईवी की कीमत पर उच्च गति वाली ईवी मिल रही है। यह क्रांतिकारी मूल्य निर्धारण रणनीति सरकारी सब्सिडी पर भारी निर्भरता की आवश्यकता को समाप्त करती हैए जिससे ओईएम और ग्राहकों दोनों के लिए एक स्थायी और आर्थिक रूप से व्यवहारिक समाधान सुनिश्चित होता है। वह आगे कहते हैं कि यह अवधारणा सरल लेकिन बदलाव लाने वाली है . वाहन से बैटरी को अलग करके और इसे एक सेवा के रूप में प्रदान करने से ईवी अनुभव ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ और किफायती हो जाता है।

## मुंबई में सात मंजिला इमारत में लगी आग बुझाई गई, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स मे शनिवार अपराह्न सात मंजिला एक इमारत मे लगी आग पर चार घंटे बाद काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा कि कुटुम्ब अदालत के बगल मे स्थित एक इमारत की तीसरी मंजिल पर अपराह्न करीब सवा तीन बजे लगी आग मे कोई हताहत नही हुआ है। उन्होंने कहा, यह आग 2000-3000 वर्ग फुट के क्षेत्र मे बिजली के तारो और प्रतिष्ठानो, फर्नीचर और कार्यालय मे कंप्यूटर और स्टेशनरी सहित वस्तुओ तक ही सीमित थी।

## तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक का समर्थन करेगी एआईएमआईएम

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के साथ विधानसभा चुनाव के लिए भी हमारा गठबंधन जारी रहेगा। जाहिर तौर पर उन्होंने राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव का उल्लेख किया।। ओवैसी ने कहा, अन्नाद्रमुक ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया है और भविष्य में उसके साथ कभी गठबंधन नहीं करने की प्रतिबद्धता जताई है। पार्टी ने यह भी आश्वासन दिया है कि वह सीएए, एनपीआर और एनआरसी का विरोध करेगी।

# भाजपा आरक्षण की समर्थक, न समाप्त करेंगे न करने देंगे : शाह

भाषा। जयपुर

**केंद्रीय मंत्री** अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दलितों, आदिवासियों व पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का समर्थन करती है। उन्होंने कहा, हम न आरक्षण समाप्त करेंगे, न किसी को समाप्त करने देंगे। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस बारे में झूठी बातें फैलाकर लोगों को गुमराह करती है। अलवर जिले के हरसोली में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह दावा किया। इस सभा का आयोजन अलवर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में किया गया था।शाह ने कहा, मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं... कांग्रेस गलतफहमी फैला रही है विशेषकर दलित व आदिवासी भाइयों में कि भाजपा आरक्षण समाप्त करने वाली है। मेरी बात ध्यान से सुनो। आरक्षण चाहे दलितों को, आदिवासियों का हो या पिछड़ा वर्ग



का... भाजपा इसका समर्थन करती है। हम न आरक्षण समाप्त करेंगे, न किसी को समाप्त करने देंगे। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठी बातें फैलाकर लोगों को गुमराह करती है। उन्होंने कहा, (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी स्वयं आरक्षण के सबसे बड़े समर्थक हैं। शाह ने कांग्रेस को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) विरोधी पार्टी बताते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी ओबीसी की विरोधी पार्टी है। पिछड़ा वर्ग से कांग्रेस पार्टी ने सालों तक अन्याय किया। काका कालेलकर रिपोर्ट को दबाकर रखा। मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाकर रखा। मोदी जी ने आकर ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। केंद्र के सारे दाखिलों में ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम मोदी जी ने किया है। मैं आपको बताता हूं ... हमारे देश को, समग्र दुनिया में हमारा नाम रोशन करने वाले स्वयं मोदी जी, खुद ओबीसी समाज से आते हैं और 27 से ज्यादा ओबीसी मंत्री आज मोदी जी की कैबिनेट में हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको बताता हूं ... हमारे देश को, समग्र दुनिया में हमारा नाम रोशन करने वाले स्वयं मोदी जी, खुद ओबीसी समाज से आते हैं और 27 से ज्यादा ओबीसी मंत्री आज मोदी जी की कैबिनेट में हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए शाह ने कहा, ए चुनाव है तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है जब मैं यह कहता हूं तो वैसे ही नहीं कहता हूं... दस साल में मोदी जी ने असंभव दिखते हुए कई सारे काम किए हैं। दस साल का मोदी जी के पास रेकार्ड है और 25 साल की मोदी जी के पास प्लानिंग है इसलिए मोदी जी को चुनना है। राम मंदिर को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, 70-70 साल तक कांग्रेस पार्टी राम मंदिर को लटकाती रही, भटकाती रही अटकाती रही... राम मंदिर नहीं बना। आपने दूसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया। 2019 से 24 के बीच केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा करने का काम भी किया।

# यदि नरेंद्र मोदी नहीं होते तो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता: राज ठाकरे

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र न**वनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। राज ठाकरे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मनसे नेताओं की एक सूची तैयार करेगी जिनसे महायुति गठबंधन के नेता चुनावी समन्वय के लिए संपर्क कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इन प्रश्नों को टाल दिया कि क्या वह महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राकंपा के सत्तारूढ़ गठबंधन



महायुति के पक्ष में रैलियों को संबोधित करेंगे। राज ठाकरे ने आगामी लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने आज कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं अनुषंगी संगठनों के साथ बैठक की है और उन्हें महायुति समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मनसे नेताओं को उचित सम्मान मिलेगा। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं और राज्य में 19 अप्रैल एवं 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा। राज ठाकरे ने कहा, यदि नरेन्द्र मोदी (केंद्र की सत्ता में) नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भी राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। यह लंबित मुद्दा बना रहता। नवंबर, 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राममंदिर के निर्माण की कानूनी बाधा दूर कर दी थी।

## मणिपुर में सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी, दो लोगों की मौत

भाषा। इंफाल

**मणिपुर** के इंफाल पूर्वी जिले में शनिवार को दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी कांगपोकपी जिले की सीमा के निकट एक स्थान पर हुई। उन्होंने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों के अतिरिक्त जवानों को भेजा गया है। यह घटना टेंग्नौपाल जिले में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी में तीन लोगों के घायल होने के एक दिन बाद हुई है। राज्य में पिछले साल तीन मई को शुरू हुए जातीय संघर्ष के बाद से कम से कम 219 लोग मारे गए हैं। मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के खिलाफ पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद राज्य में हिंसा भड़क गई थी।

# नामांकन पत्र वापस नही लूंगा: भाजपा के बागी नेता ईश्वरप्पा

भाषा। शिवमोगा (कर्नाटक)

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के बागी नेता एवं कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के. एस. ईश्वरप्पा ने उन खबरों को शनिवार को खारिज कर दिया कि वह लोकसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी वापस ले लेंगे।ईश्वरप्पा ने शिवमोगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वह पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा के बड़े बेटे एवं इस सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद बी वाई राघवेंद्र एवं कांग्रेस उम्मीदवार गीता शिवराजकुमार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।भाजपा के बागी नेता ने कहा कि उनका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मजबूत करना है।ईश्वरप्पा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि मैं अपना नामांकन पत्र वापस ले लूंगा। जो लोग मेरा समर्थन कर रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगा कि मैं कभी धोखा नहीं दूंगा और मुकाबले में बना रहूंगा। उन्होंने शुक्रवार को दिखा दिया कि युवा शक्ति, महिला शक्ति और किसान शक्ति उनके साथ हैं।पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रह चुके ईश्वरप्पा अपने बेटे के.ई. कांतेश को हावेरी संसदीय क्षेत्र से टिकट नहीं दिए जाने से नाराज हैं।

# मणिपुर में चुनाव के लिए यह सही समय नहीं: कुकी और मेइती समुदायों के लोगों ने कहा

**इंफालाचुर-चांदपुर।** मणिपुर में कुकी और मेइती समुदायों के बीच भले ही मतभेद हों लेकिन एक बात पर उनके विचार एक जैसे हैं। दोनों समुदायों का मानना है कि अशांत राज्य में लोकसभा चुनाव कराने के लिए यह सही समय नहीं है।पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी और घाटी में रहने वाले मेइती समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़के लगभग एक साल हो गया है। इस हिंसा में न केवल 200 से अधिक लोगों की जान गई है, बल्कि लगभग 50 हजार लोग विस्थापित भी हुए हैं।मणिपुर में दो




लोकसभा सीट के लिए 19 और 26 अप्रैल को मतदान होगा। आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर के कुछ क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान होगा, जबकि बाहरी मणिपुर के शेष क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। अलग-अलग रह रहे और भविष्य में सह-अस्तित्व से इनकार करने वाले कुकी तथा मेइती समुदायों के कई लोगों का सवाल है कि इस समय चुनाव क्यों और इससे क्या फर्क पड़ेगा?पिछले साल हिंसा का केंद्र रहे चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में समन्वयक कुकी समुदाय के लहैनीलम ने कहा, "हमारी मांग स्पष्ट है - हम कुकी ज़ो समुदाय के लिए एक अलग प्रशासन चाहते हैं। वर्षों से विकास केवल घाटी में हुआ है, हमारे क्षेत्रों में नहीं और पिछले साल जो हुआ उसके बाद हम एक साथ (कुकी और मेइती) नहीं रह सकते... कोई सवाल या संभावना नहीं है।

# लोस चुनाव में भाजपा 200 सीट भी नहीं जीतेगी : ममता

भाषा। जलपाईगुड़ी

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 200 सीट पर भी जीत दर्ज नहीं कर सकेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी जा रही गारंटी को झूठा करार दिया। बनर्जी ने यहां पार्टी उम्मीदवार निर्मल चंद्र रॉय के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाया गए संविधान को नष्ट कर रही है।उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रैली में कहा, भाजपा 200 सीट भी



नहीं जीतेगी। उन्होंने उत्तर बंगाल के लिए क्या किया है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के झांसे में नहीं आएं। ए कुछ और नहीं बल्कि चुनावी जुमला हैं। बंगाल को उसका बकाया नहीं देना मोदी की गारंटी है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग) ने आगामी चुनाव में 400 से अधिक लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है। बनर्जी ने कहा, आपने (भाजपा ने 2021) विधानसभा चुनाव से पहले कहा था कि वे बंगाल में 200 से अधिक सीट जीतेंगे, लेकिन आपकी गाड़ी 70 पर रुक गई। फिलहाल 70 में से 10 पहले ही हमारे साथ जुड़ चुके हैं। अब इस संसदीय चुनाव में आप 400 सीट जीतने का दावा कर रहे हैं। मैं आपसे कहती हूं कि पहले 200 सीट पर जीत हासिल करें। बनर्जी ने भाजपा नेताओं को चुनाव के दौरान आने वाले पक्षी बताया। उन्होंने कहा, आपने (भाजपा ने) देश के संविधान को नष्ट कर दिया है जिसे बाबासाहेब आंबेडकर ने बनाया था। आपने पूरा देश बेच दिया है। बनर्जी ने बेंगलुरु विस्फोट मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी के तुरंत बाद पश्चिम बंगाल को आतंकवादियों की पनाहगाह कहने के लिए भाजपा नेता अमित मालवीय का नाम लिए बिना उनकी आलोचना की। उन्होंने बंगाल को भारत का सबसे सुरक्षित स्थल बताया।

## वायनाड में राहुल गांधी के चुनाव प्रचार में किसी झंडे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा: एम एम हसन

भाषा। वायनाड (केरल)

**केरल प्रदेश** कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के कार्यवाहक प्रमुख एम एम हसन ने शनिवार को यहां कहा कि वायनाड लोकसभा क्षेत्र में राहुल गांधी के चुनाव प्रचार के दौरान किसी झंडे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। हसन ने कहा कि पर्वतीय निर्वाचन क्षेत्र में अगले सप्ताह होने वाले गांधी के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस या उसके सहयोगियों के किसी भी झंडे का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया गया है ।

## क्विक न्यूज

### आज पूरी दुनिया की निगाहें भारत की तरफ: वीके सिंह

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह ने देश की आर्थिक वृद्धि दर का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि आज पूरी दुनिया की निगाहें भारत की तरफ है।वह जयपुर में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। देश की आर्थिक वृद्धि दर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमारी आर्थिक गति 6.8 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ रही है और इसके आसपास दुनिया का कोई देश नही है। अमेरिका भी तीन (प्रतिशत) के करीब है चीन तीन (प्रतिशत) से थोड़ा ऊपर है, इसलिए पूरे विश्व की निगाहे भारत की तरफ है और ए तभी संभव हुआ जब एक मजबूत सरकार केंद्र मे है। सिंह ने कहा, एक अच्छा नेतृत्व केंद्र मे है। और एक ऐसा प्रधानमंत्री है जो सब चीजों पर ध्यान देता है और उसमें व्यक्तिगत तौर पर पूरा समय देता है ताकि देश एक अच्छे रास्ते के ऊपर चल पड़े।केंद्र मे भाजपा नीत सरकार के दस साल के कार्यकाल मे बुनियादी ढांचा क्षेत्र मे हुए विकास का जिक्र करते हुए सड़क सुरक्षा एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि जहां तक राष्ट्रीय राजमार्ग का सवाल है तो देश मे साल 2014 तक नब्बे हजार किलोमीटर सड़कें थी। अब तकरीबन 1.60 लाख किलोमीटर की सड़के है। उन्होंने कहा, देश मे 2014 तक 74 हवाई अड्डे थे आज 144 है। और भी बन रहे है और हमारी कोशिश है कि आने वाले समय मे यह संख्या 200 तक जल्दी पहुंचे। स्टार्टअप का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, युवा वर्ग के लिए बहुत काम हुआ है। उनको अवसर देने वाली बात है... वो है स्टार्टअप का एक इकोसिस्टम बनाना। 2015 मे हमारे पास सिर्फ 415 स्टार्टअप थे। आज यूनिकॉर्न की संख्या के लिहाज से हम पूरी दुनिया मे तीसरे नंबर पर है। स्टार्टअप की संख्या के लिहाज से हम दुनिया मे दूसरे नंबर पर है। रोज नए बनने वाले स्टार्टअप की संख्या के लिहाज से हम दुनिया मे नंबर एक है। उन्होंने कहा, आज युवा को मौका मिल रहा है कि अपनी प्रतिभा को स्टार्टअप मे लगाकर अपने दिमाग से अपनी कमाई कर सके और ए जब एक बार सिस्टम बन जाता है तो देश पनपना शुरू होता है।

### मतदाता सूची की देखरेख आयोग करता है मैं नही : ओवैसी

**हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी की हैदराबाद से लोकसभा उम्मीदवार के माधवी लता के निर्वाचन क्षेत्र मे लगभग छह लाख फर्जी वोटों के आरोप को खारिज करते हुए एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के मुद्दे का ध्यान रखता है। हैदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे ओवैसी ने आश्चर्य जताया कि इस मामले मे उनकी क्या भूमिका है। एआईएमआईएम नेता ने कहा कि नाम जोड़ने और अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की प्रक्रिया हर साल चुनाव आयोग द्वारा की जाती है, जिसके वह अध्यक्ष नही है। वह माधवी लता के इस आरोप के बारे मे पत्रकारो के एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि ओवैसी छह लाख फर्जी वोटो की मदद से जीतते है। उन्होंने कहा कि यह आरोप चुनाव आयोग के लिए अपशब्द कहने के समान है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, इस तरह बोलकर आप हैदराबाद के मतदाताओं का अपमान कर रहे है, जिसमें पिछड़े वर्ग के भाई और दलित, अल्पसंख्यक मुस्लिम, ईसाई शामिल है जो वोट देते है। उनके मतो की वजह से हर पार्टी को वोट मिल रहे है और एआईएमआईएम सफल है। हैदराबाद मे एक कांग्रेस नेता की कथित टिप्पणियो के बारे मे पूछे जाने पर कि उन्हें एआईएमआईएम से दोस्ती करनी होगी, ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी का लोकसभा चुनाव के लिए तेलंगाना मे किसी भी पार्टी के साथ कोई गठबंधन नही है। उनकी पार्टी ने उत्तर प्रदेश मे पीडीएम का गठन किया है और महाराष्ट्र मे उनके सांसद इम्तियाज जलील इस मुद्दे पर बातचीत कर रहे है। ओवैसी ने शुक्रवार को अपना अभियान शुरू किया और बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र मे घर-घर जाकर प्रचार किया।

### कालचक्र उत्कृष्ट कहानियों का संग्रह : जोशी

**मुंबई।** ज़ी टीवी के शो फिर सुबह होगी से अपनी शुरुआत करने वाली गुल्की जोशी ने हमेशा से ही अभिनेत्री के रूप में अपनी ख़ास पहचान स्थापित की है । चाहे वह मैडम सर जैसा टेलीविजन हिट हों, भौकाल जैसे वेब शो हो या रंगमंच जहां उन्होंने कई नाटकों में अभिनय किया है , वे दर्शकों को प्रभावित करने में कभी असफल नहीं हुईं। ज़ी थिएटर के टेलीप्ले कालचक्र में वह एक स्वार्थी बहू की भूमिका निभाती हैं, जो अपने ससुराल वालों से नाराज़ रहती है और उनके साथ दुर्व्यवहार करती है। प्रशंसित मराठी नाटककार जयवंत दलवी द्वारा लिखित, कालचक्र जीवन के चक्रऔर बुढ़ापे की वीरानी का एक दिल छू लेने वाला अध्ययन है। गुल्की का मानना है कि कालचक्र में दिखाए जाने वाले विषय जैसे कि जटिल मानवीय रिश्ते, व्यक्तिगत इच्छाएं और एक परिवार के भीतर स्वतंत्रता और जिम्मेदारियों के बीच का नाजुक संतुलन किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन की याद दिलाएंगे । वह कहती हैं, कालचक्र की बारीकियां हर तरह के दर्शकों को पसंद आएँगी , क्योंकि यह कहानी जिन मुद्दों को उठाती है, वे सार्वभौमिक हैं। पीढ़ीगत संघर्ष हर जगह एक जैसा है और उसे देखने का हमारा नजरिया भी एक जैसा ही होता है। एक अभिनेत्री के रूप में गुल्की का थिएटर से विशेष जुड़ाव रहा है और वे कहती हैं,कला के क्षेत्र में मेरी यात्रा शानदार रही है। मैंने थिएटर से शुरुआत की और फिर टेलीविजन और अन्य प्लेटफार्मों पर भी काम किया ।

### गोल्ड एंड डायमंड्स का रिकॉर्ड वार्षिक कारोबार

**कोड़िकोड।** दुनिया के छठे सबसे बड़े आभूषण समूह और डेलॉइट की लक्जरी उत्पादों की वैश्विक रैंकिंग में 19वां स्थान हासिल करने वाले मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने पिछले वित्त वर्ष में 51,218 करोड़ रुपये के वार्षिक खुदरा वैश्विक कारोबार के साथ नई उपलब्धि हासिल करने का ऐलान किया है। यह उल्लेखनीय वृद्धि दुनिया भर में एक विश्वसनीय आभूषण ब्रांड के रूप में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के तेजी से उभार को दिखाती है। वर्तमान में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स 13 देशों में 345 स्टोर का परिचालन करती है। कंपनी की योजना न्यूजीलैंड, मिस्र, बांग्लादेश और यूरोप में अधिक जगहों पर नए स्टोर खोलने की है। अगले एक साल में 100 नए स्टोर की शुरुआत के लक्ष्य के साथ कंपनी की योजना अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे मौजूदा बाजारों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत बनाना है। कंपनी की योजना 7000 और कर्मचारियों की नियुक्ति करना है। इससे कंपनी के कर्मचारियों की कुल संख्या बढ़कर 28,000 हो जाएगी। दुनिया के 26 देशों में कंपनी के 21,000 कर्मचारी काम करते हैं जो विभिन्न भाषाएं बोलने में सक्षम हैं। कंपनी की सफलता को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, एक जिम्मेदार आभूषण विक्रेता के रूप अपनी स्थिति बनाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

### मलजल शोधन संयंत्र की सफाई के दौरान चार श्रमिकों की मौत पर महाराष्ट्र सरकार से रिपोर्ट तलब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मुंबई में कथित रूप से सुरक्षा उपकरण के बिना मलजल शोधन संयंत्र की सफाई करने के दौरान हुई चार लोगों की मौत की खबर को लेकर महाराष्ट्र सरकार एवं राज्य के पुलिस प्रमुख को नोटिस भेजा है। आयोग ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी है, जिसमें खतरनाक सफाई के बारे में उच्चतम न्यायालय तथा एनएचआरसी द्वारा क्रमशः जारी किए गए दिशानिर्देश एवं परामर्श के क्रियान्वयन की स्थिति का ब्योरा देने को कहा गया है। एनएचआरसी ने विरार के एक रिहायशी क्षेत्र में एक निजी मलजल शोधन संयंत्र की सफाई के दौरान जहरीली गैसो के कारण दम घुटने से चार लोगो की हुई मौत की खबर का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग के मुताबिक, प्राथमिक जांच से खुलासा हुआ है कि वसई क्षेत्र के रहने वाले ए सभी श्रमिक बिना किसी सुरक्षा उपकरण के मलजल संयंत्र में गए थे। आयोग ने कहा कि यदि यह खबर सच है, तो यह मानवाधिकार का उल्लंघन है। इस मामले में ठेकेदार की ओर से लापरवाही स्पष्ट है कि पीड़ितों को कानून और निर्धारित मानदंडों के साथ-साथ एनएचआरसी की सलाह का उल्लंघन करते हुए बिना किसी सुरक्षा एहतियात के ऐसे खतरनाक काम को करने के लिए भेजा गया था।

# वेस्ट बैंक में मिला आतंकवादी हमले में मारे गए लापता इजराइली किशोर का शव

**एपी।** अल-मुगायिर

**इजराइल की** सेना ने शनिवार को कहा कि एक लापता इजराइली किशोर के आतंकी हमले में मारे जाने के बाद उसका शव वेस्ट बैंक में पाया गया है। इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्र में हिंसा बढ़ गई है, जहां महीनों से तनाव व्याप्त है। बीनयामिन अचीमैर (14) के लापता होने के बाद शुक्रवार और शनिवार को फलस्तीनी गांव पर एक बड़ा हमला किया गया था। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि अल-मुगायिर गांव पर शुक्रवार को हुए हमले में एक फलस्तीनी व्यक्ति मारा गया और 25 अन्य घायल हुए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली सैनिकों ने शनिवार को 26 वर्षीय व्यक्ति के शव को ले जा रही एंबुलेंस को कई घंटे विलंबित किया। बस्ती में रहने वाले दर्जनों निवासी शनिवार को गांव के बाहरी इलाके में लौटे और दो मकानों एवं कई कार को आग के हवाले कर दिया। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गांव के तीन लोग घायल हो गए, जबकि एक अन्य की हालत नाजुक है। फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफा के अनुसार, पड़ोसी गांव दोउमा में इजराइली बस्ती के निवासियों ने कई मकानों में आग लगा दी। लस्तीनी रेड क्रिसेंट ने कहा कि लोग गोली लगने से घायल हुए हैं लेकिन मानवीय सहायता संगठन ने यह नहीं बताया कि गोलीबारी किसने की। गाजा में इजराइल-हमास युद्ध सात अक्टूबर को भड़कने के बाद से वेस्ट बैंक में तनाव गहरा गया है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, दक्षिणी इजराइल में करीब ।,200 लोगों के हमास के हमले में मारे जाने और 250 लोगों को बंधक बनाए जाने के बाद इजराइल ने युद्ध की घोषणा की थी। तब से इजराइल के हमलों में 33,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

हालांकि, इजराइली किशोर की हत्या की जिम्मेदारी अभी किसी ने नहीं ली है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हत्या की निंदा की है। उन्होंने अपने कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा, हम हत्यारों और उनके मददगारों को नहीं बख्शेंगे, जैसा कि हम इजराइल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ करते हैं। इससे पहले, 2014 में, वेस्ट बैंक में तीन इजराइली किशोरों के अपहरण और हत्या ने तनाव बढ़ा दिया था और अंततः गाजा में 50 दिनों तक इजरायल-हमास युद्ध चला था।

# 'फलस्तीन संकट ने 'संयुक्त राष्ट्र में सुधारों के लिए अवसर दिया'

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण अफ्रीका** की विदेश मंत्री नालेदी पंडोर ने कहा है कि फलस्तीन संकट ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधिक और प्रभावी बनाने तथा भविष्य में संघर्षों से निर्दोष लोगों को बचाने के लिए एक अवसर प्रदान किया है।

यहां ब्रिक्सटन में आयोजित ईद मिलन समारोह में बृहस्पतिवार को मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं पंडोर ने गाजा में इजराइली आक्रमण की आलोचना करते हुए इसे इजराइल और इसके सहयोगी देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। उन्होंने कहा, युद्ध और इजराइल के नरसंहार के इरादे एवं हजारों फलस्तीनियों की हत्या को रोकने और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के प्रति सम्मान दिखाने में संयुक्त राष्ट्र की विफलता ने हम सभी को संकेत दिया है कि दुनिया न्याय और मानवाधिकारों के संदर्भ में और निचले स्तर पर पहुंच गई है।

# अंतरिक्ष की सैर करने वाले पहले भारतीय पर्यटक बनेंगे गोपी

**भाषा।** वाशिंगटन

**उद्यमी एवं** पायलट गोपी थोटाकुरा अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले भारतीय होंगे। वह अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन एनएस-25 मिशन पर एक पर्यटक के रूप में अंतरिक्ष की सैर करने जाएंगे।

वह इस मिशन पर जाने वाले छह अंतरिक्ष यात्रियों में से एक होंगे। इसके साथ ही वह पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे।

एयरोस्पेस कंपनी ने बताया कि अभी अंतरिक्ष में जाने की तारीख की घोषणा नहीं की गई है।

यह न्यू शेपर्ड कार्यक्रम के लिए मनुष्य को अंतरिक्ष में ले जाने वाली सातवीं उड़ान और उसके इतिहास में 25वीं उड़ान होगी। अभी तक इस कार्यक्रम के तहत 31 मनुष्यों को कार्मन रेखा से ऊपर ले जाया गया है जो पृथ्वी के वायुमंडल और



अंतरिक्ष के बीच प्रस्तावित पारंपरिक रेखा है।

न्यू शेपर्ड ब्लू ओरिजिन द्वारा अंतरिक्ष पर्यटन के लिए विकसित पूरी तरह से पुनः इस्तेमाल होने वाला उप-कक्षीय प्रक्षेपण यान है।

ब्लू ओरिजिन के अनुसार, गोपी एक पायलट और विमान चालक हैं जिन्होंने वाहन चलाने से पहले उड़ान भरना सीख लिया था।

वह हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के समीप स्थित समग्र कल्याण और व्यावहारिक स्वास्थ्य के लिए एक वैश्विक केंद्र प्रीजर्व लाइफ कोर्प के सह-संस्थापक हैं।

वह वाणिज्यिक रूप से विमान उड़ाने के अलावा एयरोबेटिक विमान और सीप्लेन के साथ ही गर्म हवा के गुब्बारे भी उड़ा चुके हैं। वह अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा विमान पायलट के तौर पर भी काम कर चुके हैं।

रोमांचक यात्राओं के शौकीन थोटाकुरा ने हाल में तंजानिया के माउंट किलिमंजारो ज्वालामुखी की भी चढ़ाई की थी। आंध्र प्रदेश में जन्मे थोटाकुरा ने एम्ब्री-रिडल एयरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी से स्नातक किया है।

उनके साथ मैसन एंजेल, स्लिवेन चिरोन, केनेथ एल. हेस, कैरोल शालेर और वायुसेना के पूर्व कैप्टन एड ड्वाइट अंतरिक्ष में जाने वाले अन्य पर्यटकों में शामिल हैं।

# पाकिस्तान में जीवन-यापन की लागत पूरे एशिया में सबसे अधिकः एडीबी

**इस्लामाबाद ( भाषा )।** पाकिस्तान में 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर के साथ जीवन-यापन की लागत पूरे एशिया में सबसे अधिक है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मनीला में बृहस्पतिवार को जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था 1.9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि एशियाई विकास परिदृश्य ने अगले वित्त वर्ष के लिए एक निराशाजनक तस्वीर पेश की है, और इस दौरान 15 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर और 2.8 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है।एडीबी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पूरे एशिया में सबसे अधिक है। इस तरह एशिया में सबसे अधिक महंगाई पाकिस्तान में है। पाकिस्तान लंबे समय से मुद्रास्फीतिजनित मंदी के दौर में है और विश्व बैंक ने भी पिछले सप्ताह कहा था कि महंगाई के कारण यहां एक करोड़ लोग गरीबी के जाल में फंस सकते हैं। पाकिस्तान में लगभग 9.8 करोड़ लोग पहले से ही गरीबी में जी रहे हैं।

## एफबीआई ने वांछित भारतीय की गिरफ्तारी में ढाई लाख डॉलर का इनाम रखा

**न्यूयॉर्क ( भाषा )।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने 2015 में अपनी पत्नी की हत्या को लेकर अमेरिका में वांछित अत्यधिक खतरनाक भारतीय नागरिक की गिरफ्तारी में मदद पहुंचाने वाली सूचना के लिए अब 2,50,000 अमेरिकी डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल(33), मेरीलैंड के हनोवर में एक दुकान पर अपनी पत्नी पलक पटेल पर एक वस्तु से कई बार वार कर उसकी कथित तौर पर हत्या करने के मामले में वांछित है। वे दोनों डोनट की दुकान पर काम करते थे। चेतनभाई पटेल एफबीआई के 10सर्वाधिक वांछित भगोड़ों की सूची में है और संघीय एजेंसी ने उसकी गिरफ्तारी में सहायक सूचना देने वाले को 2,50,000 अमेरिकी डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। शुरुआत में, एफबीआई ने पटेल के बारे में सूचना देने वाले को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की थी। जांचकर्ताओं का मानना है कि पटेल ने 12 अप्रैल 2015 की आधी रात से ठीक पहले दुकान के पिछले कमरे में अपनी पत्नी की हत्या कर दी, जो उस समय 21 वर्ष की थी। पटेल ने कथित तौर पर अपनी पत्नी पर कई बार चाकू से वार किया और पीछे के दरवाजे से भाग गया। एफबीआई के अनुसार, जांचकर्ताओं का मानना है कि पलक भारत लौटना चाहती थीं लेकिन उनका पति इसके खिलाफ था।

## पाकिस्तान में बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन बच्चों की मौत

**पेशावर ( भाषा ):** पाकिस्तान के अशांत पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक बारुदी सुरंग में विस्फोट में कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

यह घटना ईद के तीसरे दिन कबायली दक्षिण वजीरिस्तान जिले के वाना शहर में हुई।

एक जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि ए बच्चे मंडोकई इलाके में दो स्थानीय टीम के बीच वॉलीबॉल का एक मैच देखने जा रहे थे तभी उनमें से एक का पैर बारुदी सुरंग पर पड़ा जिससे बड़ा विस्फोट हुआ।

उन्होंने बताया कि तीन बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को एक स्थानीय अस्पताल में तत्काल उपचार उपलब्ध कराया गया।

# क्वात्रा ने अमेरिकी रक्षा उप मंत्री हिक्स के साथ वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत के** विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में हुई प्रगति पर विस्तृत समीक्षा करने के लिए अमेरिकी रक्षा उप मंत्री कैथलीन हिक्स और कई अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान क्वात्रा और हिक्स ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के अपने साझा प्रयासों पर चर्चा की।

क्वात्रा इस सप्ताह अमेरिका में हैं, जहां वह अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए उद्योग जगत के प्रमुखों के साथ बातचीत करेंगे।

पेंटागन प्रवक्ता एरिक पैहोन ने कहा कि हिक्स और क्वात्रा ने अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की प्राथमिकताओं पर चर्चा की, साथ ही दोनों ने अमेरिका-भारत रक्षा औद्योगिक सहयोग के अमल के तरीकों पर भी चर्चा की।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार दोनों अधिकारियों ने स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समर्थन में प्रमुख रक्षा साझेदारी में ऐतिहासिक तेजी को भी रेखांकित किया।

इसमें कहा गया है कि उन्होंने लड़ाकू जेट इंजन और बख्तरबंद वाहनों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के प्रयासों की सराहना की। साथ ही अमेरिकी और भारतीय शोधकर्ताओं, उद्यमियों और निवेशकों के बीच नवाचार और साझेदारी को बढ़ावा देने में भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र (इंडस-एक्स) की निरंतर सफलता की सराहना की।

पैहोन ने कहा कि क्वात्रा और हिक्स ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के साझा प्रयासों पर प्रकाश डाला साथ ही सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए अमेरिका-भारत सैन्य भागीदारी के दायरे के विस्तार के महत्व पर भी चर्चा की।

बयान में कहा गया है कि उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर भी चर्चा की और क्षेत्र में चीन के आक्रामक बर्ताव के बीच स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए निकटता से काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

भारतीय दूतावास द्वारा जारी बयान में कहा गया, यह यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित रूप से होने वाली उच्च स्तरीय बातचीत के क्रम में है और हमारी बढ़ती और भविष्योन्मुखी साझेदारी को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है।

बयान के अनुसार 10 से 12 अप्रैल की अपनी यात्रा के दौरान क्वात्रा ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में हुई प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

क्वात्रा ने प्रबंधन एवं संसाधन के लिए उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा, उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, रक्षा विभाग और ऊर्जा मंत्रालय के प्रमुख अधिकारियों के साथ भी चर्चा की।

दूतावास ने कहा, इन चर्चाओं में भारत-अमेरिका संबंधों, बढ़ते रक्षा और वाणिज्यिक संबंधों, लचीली आपूर्ति श्रृंखला और समकालीन क्षेत्रीय विकास के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई।

# बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने 11 लोगों की हत्या की

**भाषा।** कराची (पाकिस्तान)

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों ने कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी, जिसमें नौ लोग पंजाब प्रांत के थे। प्राधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने क्वेटा से ताफ्तान जा रही एक बस को एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोका था और बंदूक का डर दिखाकर नौ पुरुषों का अपहरण किया तथा बाद में उनकी हत्या कर दी।

उन्होंने बताया, बाद में इन नौ पुरुषों के शव नजदीकी पर्वतीय इलाके में एक पुल के समीप मिले और उनके शरीर पर गोलियों के निशान पाए गए।

उन्होंने बताया, यह बस क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी तभी सशस्त्र हमलावरों ने बस रुकवाई और यात्रियों की पहचान करने के बाद नौ पुरुषों को अगवा करके पर्वतीय इलाकों में ले गए। घटना में मारे गए लोग पंजाब प्रांत में वजीराबाद, मंडी बहुद्दीन और गुजरांवाला के रहने वाले थे।

एक अन्य घटना में इसी राजमार्ग पर एक कार पर गोलीबारी की गई जिसमें दो यात्रियों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

इन हमलों की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्राधिकारियों से घटना की एक रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने लोगों की मौत पर शोक भी जताया और कहा कि आतंकवादियों को सजा दिलाई जाएगी।

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि नोश्की राजमार्ग पर 11 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें जल्द ही पकड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इन आतंकवादियों का उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति भंग करना है।

गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि सरकार इस मुश्किल वक्त में मृतक के परिवारों के साथ है। अभी तक किसी भी प्रतिबंधित संगठन ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस साल हाल के हफ्तों में प्रतिबंधित संगठनों और आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमलों की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत दो पाकिस्तानी सैनिक, वांछित आतंकवादी मारा गया

**पेशावर ( भाषा ):** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक अभियान के दौरान एक वांछित आतंकवादी को मार गिराया गया जबकि पाकिस्तानी सेना के दो सैनिक भी मारे गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर प्रांत के बुनेर जिले में एक अभियान चलाया जिसमें आतंकवादी सलीम उर्फ रब्बानी मारा गया, जबकि दो अन्य आतंकवादी मुठभेड़ में घायल हो गए। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार रब्बानी के सिर पर 50 लाख रुपए का इनाम था और वह सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों से जबरन वसूली और लक्षित हत्याओं में शामिल था।

मुठभेड़ में दो अन्य आतंकवादी घायल भी हो गए। अभियान में पाकिस्तान सेना के दो जवान भी मारे गए। सेना के बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पाकिस्तान में हाल के महीनों में आतंकवादी घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2024 की पहली तिमाही के दौरान 92 प्रतिशत से अधिक मौतें और 86 प्रतिशत हमले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत और बलूचिस्तान में हुए।

# जर्मनी में इस्लामिक चरमपंथी हमले की योजना बनाने के आरोप में चार गिरफ्तार

**एपी।** बर्लिन

**जर्मनी में** इस्लामिक चरमपंथी हमला करने की योजना बनाने के संदेह में चार किशोरों को गिरफ्तार किया गया है। प्राधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

डुसेल्डोर्फ शहर के अभियोजकों ने बताया कि तीन संदिग्धों में 15 और 16 साल की दो लड़कियां तथा 15 साल का लड़का शामिल है जो पश्चिमी नॉर्थ राइन-वेस्टफालिया राज्य के विभिन्न हिस्सों से ताल्लुक रखते हैं। यह जर्मनी का सबसे घनी आबादी वाला राज्य है। एक अदालत ने ईस्टर सप्ताहांत में उनके लिए वारंट जारी किया था जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने बताया कि चौथा संदिग्ध 16 वर्षीय लड़का है जिसे दक्षिणपश्चिमी बाडेन-वुर्टेमबर्ग राज्य से गिरफ्तार किया गया।

अभियोजकों ने एक बयान में कहा कि पश्चिमी जर्मनी में हिरासत में लिए गए तीन लोगों पर खुद को इस्लाम से प्रेरित आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए तैयार घोषित करने और इस तरह के हमले की योजना बनाने का संदेह है। उन्होंने बताया कि वे संदिग्धों की कम उम्र तथा जांच जारी रहने के कारण और जानकारियां नहीं दे सकते हैं।

नॉर्थ राइन-वेस्टफालिया के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी एवं राज्य के गृह मंत्री हर्बर्ट रुल ने बताया कि 16 वर्षीय लड़की के जर्मनी छोड़कर इस्लामिक स्टेट में शामिल होने की संदिग्ध योजना का पता लगने के बाद इस मामले की जांच शुरू की गई। डीपीए ने बताया कि लड़की के मोबाइल फोन में चैट पर उसके गृह नगर इसरलोह्न में गिरजाघरों और सभाओं के साथ ही डोर्टमुंड, डुसेल्डोर्फ या कोलोग्ने में संभावित हमलों के बारे में पता चला जिसके बाद अन्य संदिग्धों को पकड़ा गया।

# नेपाल ने विक्रम संवत के अनुसार नववर्ष मनाया

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल ने** परंपरागत विक्रम संवत 2081 के कैलेंडर के अनुसार शनिवार को नववर्ष का जश्न खूब धूमधाम से मनाया और इस दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक एवं तीर्थयात्री हिमालई राष्ट्र के दर्शनीय स्थलों एवं मंदिरों में पहुंचे।

विक्रम संवत का नाम भारतीय राजा विक्रमादित्य के नाम पर रखा गया है और यह नेपाल में आधिकारिक कैलेंडर है।

देशभर के लोगों ने नेपाली कैलेंडर के अनुसार वैशाख के पहले दिन शनिवार को नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया। नेपाली नव वर्ष पर लोग अपने घरों को साफ करते हैं, स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करते हैं और मंदिरों में जाते हैं। इस मौके पर पशुपतिनाथ समेत काठमांडू और उसके आसपास के कई मंदिरों में लोगों की भारी भीड़ रही।

काठमांडू और उसके आसपास के रेस्तरां, बार, नाइट क्लब, पिकनिक स्थलों, मंदिरों, पर्वतीय स्थलों और कई अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी काफी भीड़ देखी गई।

नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने इस अवसर पर शुभकामना संदेश में कहा, हमारा प्रयास होना चाहिए कि घरेलू उत्पादन और उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाए, ताकि राष्ट्रीय पूंजी बढ़ सके और मजबूत अर्थव्यवस्था स्थापित की जा सके। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने अपने संदेश में आर्थिक सुधारों के माध्यम से राष्ट्र के विकास के लिए एक मजबूत आधार बनाने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा, सभी नेपालियों का अंतिम लक्ष्य समृद्धि लाना और एकता, आपसी सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण भावना को बढ़ावा देकर देश की छवि को बेहतर बनाना है।

# एआई द्वारा उत्पन्न जोखिमों को समझने के लिए कुछ चीजों पर नजर रखें

**द कन्वरसेशन।** लंदन

**अग्रणी वैज्ञानिक,** प्रौद्योगिकीविद और दार्शनिक अकसर नवाचार की दिशा के बारे में बेहद भयानक अनुमान लगाते रहे हैं और आइंस्टीन भी इससे अछूते नहीं थे, एनरिको फर्मी द्वारा शिकागो में पहले विखंडन रिएक्टर का निर्माण पूरा करने से ठीक दस साल पहले, उन्होंने दावा किया था, ऐसा कोई संकेत नहीं है कि परमाणु ऊर्जा कभी भी प्राप्त की जा सकेगी। इसके तुरंत बाद, ज्यादातर विद्वान आसन्न परमाणु विनाश की आशंकाओं पर बात करने लगे।

इसी तरह, आज के विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि कृत्रिम सामान्य बुद्धिमत्ता (एजीआई) का विनाश निकट है। अन्य लोग जवाब देते हैं कि बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) पहले ही अपनी शक्तियों के चरम पर पहुंच चुके हैं।

डेविड कॉलिंग्रिज की प्रभावशाली थीसिस के साथ बहस करना मुश्किल है कि नई प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न जोखिमों की भविष्यवाणी करने का प्रयास एक मूर्खतापूर्ण काम है। यह देखते हुए कि हमारे प्रमुख वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीविद आमतौर पर तकनीकी विकास के बारे में इतने गलत हैं, हमारे नीति निर्माताओं के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उभरते तकनीकी जोखिमों को प्रभावी ढंग से विनियमित करने का क्या मौका है?

हमें कॉलिंग्रिज की चेतावनी पर ध्यान देना चाहिए कि प्रौद्योगिकी अनिश्चित तरीकों से विकसित होती है। हालाँकि, एआई जोखिम का एक वर्ग है जिसके बारे में आमतौर पर पहले से पता चल जाता है। ए एक विशेष तरीके से अपने स्वामित्व वाले एआई मॉडल से लाभ के लिए कंपनी के आर्थिक प्रोत्साहन और एआई मॉडल का मुद्रीकरण और तैनाती कैसे की जानी चाहिए, इसमें समाज के हितों के बीच गलत संरेखण से उत्पन्न होने वाले जोखिम हैं। इस तरह के गलत संरेखण को नजरअंदाज करने का सबसे सुरक्षित तरीका एआई मॉडल क्षमताओं के बारे में तकनीकी प्रश्नों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करना है, जो उस सामाजिक-आर्थिक माहौल से अलग है जिसमें ए मॉडल संचालित होंगे और लाभ के लिए डिजाइन किए जाएंगे।

एआई से होने वाले आर्थिक जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करना केवल एकाधिकार, आत्म-वरीयता या बिग टेक प्रभुत्व को रोकने के बारे में नहीं है। यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि नवाचार को सुविधाजनक बनाने वाला आर्थिक वातावरण कठिनता से अनुमान लगाए जा सकने वाले तकनीकी जोखिमों को प्रोत्साहित नहीं कर रहा है क्योंकि कंपनियां लाभ या बाजार प्रभुत्व की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ती हैं और चीजों को तोड़ देती हैं।

यह इस बात को सुनिश्चित करने के बारे में भी है कि समयपूर्व समेकन को रोककर एआई से मूल्य व्यापक रूप से साझा किया जाता है। यदि उभरते हुए एआई उपकरण सभी के लिए सुलभ हों, तो हम और अधिक नवाचार देखेंगे, जैसे कि नई फर्मों, स्टार्ट-अप और एआई उपकरणों का एक फैला हुआ पारिस्थितिकी तंत्र उत्पन्न हो सकता है।

ओपनएआई पहले से ही 2 अरब अमेरिकी डॉलर की वार्षिक बिक्री और लाखों उपयोगकर्ताओं के साथ एक प्रमुख खिलाड़ी बन रहा है। इसके जीपीटी स्टोर और डेवलपर टूल को इसे बनाने वालों को मूल्य लौटाने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नवाचार का पारिस्थितिकी तंत्र व्यवहार्य और व्यापक रहे।

### अधिक लाभ के लिए गुणवत्ता में गिरावट

यह विचार उपयोगी है कि कैसे एल्गोरिथम प्रौद्योगिकियां जो पुराने एग्रीगेटर प्लेटफार्मों (जैसे कि अमेज़ॅन, गूगल और फेसबुक सहित अन्य) को शुरू में उपयोगकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए तैनात किया गया था, को अंततः प्लेटफ़ॉर्म के लिए लाभ बढ़ाने के लिए पुनः प्रोग्राम किया गया था।

सोशल मीडिया, सर्च और अनुशंसा एल्गोरिदम द्वारा उत्पन्न समस्याएं कभी भी एक इंजीनियरिंग मुद्दा नहीं थीं, बल्कि एल्गोरिदम की सुरक्षित, प्रभावी और न्यायसंगत तैनाती के साथ संरेखित नहीं होने वाले वित्तीय प्रोत्साहन (लाभ वृद्धि) में से एक थी। जैसा कि कहा जाता है: इतिहास खुद को दोहराता नहीं है, लेकिन वह दोहराता है।

यह समझने के लिए कि प्लेटफ़ॉर्म स्वयं को मूल्य कैसे आवंटित करते हैं और हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं, हमने प्लेटफ़ॉर्म पर उपयोगकर्ताओं और उत्पादकों से तथाकथित आर्थिक किराया निकालने में एल्गोरिदम की भूमिका और डिजिटल बाज़ारों की अनूठी सूचनात्मक व्यवस्था की जांच की। आर्थिक सिद्धांत में, किराया सुपर-सामान्य मुनाफा है (ऐसा मुनाफा जो प्रतिस्पर्धी बाजार में प्राप्त होने वाली राशि से अधिक हो) और कुछ दुर्लभ संसाधनों पर नियंत्रण को दर्शाता है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि, प्रतिस्पर्धी बाजार में कुछ उत्पादन करने (जैसे कि कई निर्माता कार बनाते और बेचते हैं) से अर्जित रिटर्न के बजाय, किराया स्वामित्व या कुछ हद तक एकाधिकार शक्ति का शुद्ध रिटर्न है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के लिए, डिजिटल रेंट निकालने में आम तौर पर उपयोगकर्ता को दिखाई गई जानकारी की गुणवत्ता को कम करना शामिल होता है।

इन प्लेटफार्मों ने बाज़ारों को अधिक कुशल बनाया और उपयोगकर्ताओं और उत्पाद आपूर्तिकर्ताओं दोनों को भारी मूल्य प्रदान किया। लेकिन समय के साथ, उपयोगकर्ता मूल्य प्रदान करने के उनके शुरुआती वादे और विकास धीमा होने के कारण लाभ मार्जिन का विस्तार करने की आवश्यकता के बीच एक गलत संरेखण ने खराब प्लेटफ़ॉर्म व्यवहार को प्रेरित किया है। अमेज़ॅन का विज्ञापन व्यवसाय एक उदाहरण है।

अमेज़ॅन पर हमारे शोध में, हमने पाया कि उपयोगकर्ता अभी भी पृष्ठ के शीर्ष पर उत्पाद परिणामों पर क्लिक करते हैं, भले ही वे अब सर्वोत्तम परिणाम न हों, बल्कि भुगतान किए गए विज्ञापन प्लेसमेंट हों। अमेज़ॅन अपने एल्गोरिदम में उपयोगकर्ताओं द्वारा रखे गए आदतन भरोसे का दुरुपयोग करता है, और इसके बजाय उपयोगकर्ता का ध्यान और क्लिक निम्न गुणवत्ता, प्रायोजित जानकारी पर केंद्रित करता है, जिससे उसे अत्यधिक लाभ होता है। गूगल, मेटा और वस्तुतः अन्य सभी प्रमुख ऑनलाइन एग्रीगेटर्स, समय के साथ, अपने उपयोगकर्ताओं और सामग्री और उत्पाद आपूर्तिकर्ताओं या एप्लिकेशन डेवलपर्स के अपने पारिस्थितिकी तंत्र के मूल वादे पर अपने आर्थिक हितों को प्राथमिकता देने लगे हैं। विज्ञान कथा लेखक और कार्यकर्ता कोरी डॉक्टरो इसे बिग टेक प्लेटफार्मों का एनशिटिफिकेशन कहते हैं।

लेकिन सभी किराए ख़राब नहीं होते. अर्थशास्त्री जोसेफ शुम्पीटर के अनुसार, किसी फर्म द्वारा नवप्रवर्तन से प्राप्त किराया समाज के लिए फायदेमंद हो सकता है। बिग टेक के प्लेटफॉर्म अत्यधिक नवोन्वेषी, श्रेष्ठ, एल्गोरिथम संबंधी सफलताओं के माध्यम से आगे बढ़े। एआई में मौजूदा बाजार के नेता भी ऐसा ही कर रहे हैं।

इसलिए जबकि शुम्पेटेरियन किराए वास्तविक और उचित हैं, समय के साथ, और बाहरी वित्तीय दबाव में, बाजार के नेताओं ने लाभ बनाए रखने के लिए विज्ञापनदाताओं, आपूर्तिकर्ताओं और उपयोगकर्ताओं के पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा बनाए गए मूल्य का एक बड़ा हिस्सा हासिल करने के लिए अपनी एल्गोरिदमिक बाजार शक्ति का उपयोग करना शुरू कर दिया।

जोखिम और नवप्रवर्तन के संदर्भ में यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि बिग टेक द्वारा एल्गोरिथम प्रौद्योगिकियों की यह किराया-निकालने वाली प्रक्रिया एक अनजाना जोखिम नहीं है, जैसा कि कॉलिंग्रिज द्वारा पहचाना गया है। यह एक पूर्वानुमानित आर्थिक जोखिम है। किसी के नियंत्रण में दुर्लभ संसाधनों के शोषण के माध्यम से लाभ की खोज एक कहानी है जो वाणिज्य जितनी ही पुरानी है।

# किंग्स पर राजस्थान की शाही जीत

**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को तीन विकेट से शिकस्त दी। पंजाब को पारी को आठ विकेट पर 147 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने एक गेंद शेष रहते सात विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 39 रन का योगदान दिया। शिमरोन हेटमायर ने आखिरी ओवरों में 10 गेंद में नाबाद 27 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। पंजाब के लिए कगिसो रबाडा और सैम कुरेन ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को आठ विकेट पर 147 रन पर रोक दिया। महाराज ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें आवेश खान (34 रन पर दो विकेट), ट्रेंट बोल्ट (22 रन पर एक विकेट),

**● रॉयल्स ने पंजाब को 3 विकेट से किया पराजित**

युजवेंद्र चहल (31 रन पर एक विकेट) और कुलदीप सेन (35 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। पंजाब की टीम 13वें ओवर में 70 रन पर पांचवां विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी लेकिन आशुतोष शर्मा (16 गेंद में 31 रन), जितेश शर्मा (24 गेंद में 29 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (14 गेंद में 21 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को चुनौती देने लायक स्कोर तक पहुंचाया। आशुतोष ने अपनी पारी में तीन छक्के और एक चौका जड़ा तो वहीं जितेश ने एक चौका और दो छक्के लगाए। लिविंगस्टोन ने दो चौके और एक छक्का लगाया। पंजाब को चोटिल कप्तान शिखर धवन की कमी खली। उनकी जगह टीम में आए अथर्व तायडे ने दूसरे ओवर में कुलदीप सेन का स्वागत लगातार दो चौके से कर



आक्रामक तेवर दिखाए लेकिन चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए आवेश ने उनकी 12 गेंद में 15 रन की पारी को खत्म किया। पावरप्ले में पंजाब की टीम एक विकेट पर 38 रन ही बना सकी। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए चहल ने प्रभसिमरन सिंह (10 रन) को चलता किया तो अगले ओवर में महाराज ने जॉनी बेयरस्टो (15) का शिकार किया। पंजाब ने नौवें ओवर में मुश्किल से रनों का अर्धशतक पूरा किया। धवन की जगह टीम की कमान संभाल रहे सैम कुरेन भी बल्ले से कुछ कमाल नहीं कर सके। वह महाराज का दूसरा शिकार बने। जिससे पंजाब का स्कोर एक विकेट पर 41 रन से चार विकेट पर 52 रन हो गया। शानदार लय में चल रहे शशांक सिंह और लय तलाश रहे जितेश शर्मा ने 12वें ओवर में महाराज के खिलाफ एक-एक चौके लगाकर रन गति तेज करने की कोशिश की। शशांका हालांकि नौ रन बनाकर सेन की गेंद पर ध्रुव जुरेल को कैच देकर पवेलियन लौट गए। पंजाब के बल्लेबाज अगले कुछ ओवर में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे लेकिन जितेश ने 15वें ओवर में चहल के खिलाफ छक्का जड़ा जबकि अगले ओवर में उन्होंने सेन के खिलाफ गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाया।

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स पारी:** तायडे का सेन बो आवेश 15, बेयरस्टो का हेटमायर बो महाराज 15,प्रभसिमरन का जुरेल बो चहल 10, कुरेन का जुरेल बो महाराज 06, जितेश का पराग बो आवेश 29, शशांक का जुरेल बो सेन 09,लिविंगस्टोन रन आउट (कोटियान । सैमसन) 21, आशुतोष का महाराज बो बोल्ट 31,बराड़ नाबाद 03 ,**अतिरिक्त:** 08,**कुल योग:** (20 ओवर में आठ विकेट पर) 147 रन,**विकेट पतन:**1-27, 2-41, 3-47, 4-52, 5-70, 6-103, 7-122, 8-147,**गेंदबाजी:** बोल्ट 4-0-22-1,सेन 4-0-35-1,आवेश 4-0-34-2,चहल 4-0-31-1,महाराज 4-0-23-2

# आस्ट्रेलिया से पांचवां हाकी टेस्ट भी हारा भारत

**● श्रृंखला में सूपड़ा साफ**

**भाषा।** पर्थ

भारतीय पुरूष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में आस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 5-0 से जीत ली। पिछले चार मैचों में भारत को 1-5, 2-4,1-2,1-3 से पराजय का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे। आस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किए। भारत ने मैच में आक्रामक शुरूआत की। जुगराज सिंह ने आस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाए। भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कामयाबी दिलाई। हरमनप्रीत का यह श्रृंखला में तीसरा गोल था।



आस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया। हाफटाइम के बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया। भारत को 37वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया। आस्ट्रेलिया ने एक मिनट बाद विलोट के गोल के दम पर बढ़त बना ली। इसके एक मिनट बाद ब्रांड ने एडी ओकेंडेन के पास पर तीसरा गोल भी दाग दिया। भारत को 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अमित रोहिदास गोल नहीं कर सके। मेजबान टीम को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर को भारतीय डिफेंस ने बचाया। भारत के लिए दूसरा गोल धामी ने आखिरी सीटी बजने से सात मिनट पहले रिवर्स हिट पर दागा। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था। इसके बाद हालांकि आस्ट्रेलियाई डिफेंडरों ने कोई गलती नहीं की और भारत बराबरी का गोल नहीं दाग सका।

## भारतीय मूल के अमेरिकी भाटिया और थीगाला ने कट में प्रवेश किया

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी अक्षय भाटिया और साहित थीगाला ने तेज हवाओं के बीच अच्छा प्रदर्शन करते हुए 88वें आगस्टा मास्टर्स गोल्फ के दूसरे दिन कट में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया संयुक्त 30वें और थीगाला संयुक्त 35वें स्थान पर है। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफ्लेर ने तीन बर्डी और तीन बोगी लगाकर इवन पार 72 स्कोर किया। वह ब्रायसन डि चैम्ब्यू और मैक्स होमा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। वही टाइगर वुड्स ने रिकॉर्ड लगातार 24वी बार कट में प्रवेश किया। वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं।

## कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय अभी भी दौड़ में बरकरार

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवे दौर मे जब अपने अभियान का फिर से आगाज करेंगे तो रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि को पीछे छोड़ने पर फोकस रहेगा। प्रज्ञानानंदा का सामना फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से है जबकि गुकेश की टक्कर हमवतन विदित गुजराती से होगी। नेपोम्नियाश्चि 4 . 5 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि उनसे आधा अंक पीछे प्रज्ञानानंदा, गुकेश और अमेरिका के फेबियानो कारूआना हैं। अलीरजा 2 . 5 अंक लेकर सातवें स्थान पर है जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव उनसे आधा अंक पीछे है। महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नही कर सकी है। कोनेरू हम्पी और आर वैशाली के 2 . 5 अंक है जबकि चीन की झोंग्ई तान पांच अंक लेकर शीर्ष पर है।

## नामधारी एफसी से खत्म किया आई लीग अभियान

**श्रीनगर।** मनवीर सिंह के दो गोल की दम पर नामधारी एफसी ने आई लीग फुटबॉल 2023-24 सत्र के अपने आखिरी मैच में रीयल कश्मीर एफसी को 4-1 से शिकस्त दी। पहली बार इस लीग मे खेल रहे नामधारी एफसी ने इस तरह अपने अभियान का अंत 24 मैचों में सात जीत और छह ड्रॉ से 27 अंक के साथ किया। स्टीफन एक्का (20 वां मिनट) और इमानोल अराना सदाबा (24 वां मिनट) के गोल से नामधारी एफसी की टीम मध्यांतर से पहले 2-0 से आगे थी। मनवीर ने मैच के 60वे और 90वे मिनट में गोल किए। मैच के 67वे मिनट में डिफेंडर हैदर यूसुफ को फाउल के कारण रेड कार्ड दिखाया गया जिससे रीयल कश्मीर की टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। उसके लिए लाल रामदीन सांगा राल्टे (86 वां मिनट) ने गोल किया। रीयल कश्मीर एफसी 24 मैचों में 40 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

## रुतुराज धोनी की तरह ही धैर्यवान, बल्लेबाजी को धीमा कहना अनुचितः फ्लेमिंग

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने शनिवार को यहां कहा कि टीम के नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ कई मायने में करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी के समान है। उन्होंने इसके साथ ही इस सलामी बल्लेबाजी का बचाव करते हुए कहा कि उनकी बल्लेबाजी को धीमा कहना अनुचित है। गायकवाड़ को आईपीएल के मौजूदा सत्र से पहले धोनी की जगह कप्तान नियुक्त किया गया था। टीम को उनके नेतृत्व में मिश्रित सफलता मिली है। उन्होंने घरेलू मैदान पर 10 मैच जीते हैं लेकिन घर से बाहर खेले दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में 117.42 की स्ट्राइक रेट के साथ 155 रन बनाए हैं। फ्लेमिंग ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमें इससे (टीम के कप्तान) कोई फर्क नहीं है. वह उतना ही अच्छा है जितना हो सकता है। मैं जानता हूं कि पिछला कप्तान बहुत अच्छा था।

# चेन्नई और मुंबई के मुकाबले में नजरें धोनी पर



**भाषा।** मुंबई

**गत चैम्पियन** चेन्नई सुपर किंग्स और मेजबान मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को आमने सामने होंगी तो नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा। चेन्नई सुपर किंग्स पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी। नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह पहली बार खेलेंगे। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आएगा। मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं। पांच पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी टूर्नामेंट की दो सबसे कामयाब टीमों के कप्तान इस बार बदले हैं। मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता जस की तस रहने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के गेंदबाजों के लिए कठिन चुनौती होगा। खराब शुरूआत के बाद पंड्या की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ डाला। चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है। ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिए अहम रहेगी। दूसरी ओर चेन्नई की कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धोनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी। उन्हें जसप्रीत बुमराह (10 विकेट) से भी बचकर रहना होगा। चेन्नई की गेंदबाजी की कमान मुस्ताफिजूर रहमान, जडेजा, शार्दुल ठाकुर और तुषार देशपांडे के हाथों में होगी।

## घरेलू मैदान पर लखनऊ को हराने उतरेगी केकेआर



**कोलकाता।** दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने गढ ईडन गार्डंस पर रविवार को आईपीएल के मैच मे मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। यह ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है। मेंटोर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेआफ मे जगह बनाने के लिए निर्णायक साबित हो सकते है। दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई है। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित हो गा। चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात विकेट से हराया। नारायण (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे। इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नही खेल सकेंगे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नही कर सके है और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाए। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नही पहुंच पाए और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेगलोर के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच मे वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों मे सातवें और पांचवे नंबर पर उतरे।

## एशियाई चैंपियनशिपः राधिका के रजत, शिवानी के कांस्य

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप मे भारतीय पहलवान राधिका ने शनिवार को यहां महिलाओं की 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप मे राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप मे रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को चित किया। स्वर्ण पदक के मुकाबले मे वह जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गई। शिवानी पवार (50 किलो) क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गई लेकिन इस चीन की पहलवान के फाइनल में पहुंचने के बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले मे जगह बना ली। उन्होने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता। तमन्ना (55 किलो) को क्वालीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9 -0 से हराया लेकिन कियूका के फाइनल मे पहुंचने से वह पदक की दौड़ में शामिल हो गई। वह हालांकि मौके का फायदा उठाने में नाकाम रही और रेपेचेज मुकाबले में चीन की मिन झांग से 0-4 से हार गई।

## स्पोर्ट्स व्हीकल की मांग बढ़ी

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 2024 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में शानदार व्यवसायिक प्रदर्शन दर्ज किया है। बीएमडब्ल्यू ग्ररुप इंडिया ने 3680 कारों ( बीएमडब्ल्यू और मिनी) और 1810 मोटरसाइकिलों (बीएमडब्ल्यू मोटोराड) डिलीवरी की। बीएमडब्ल्यू की 3510 यूनिट और मिनी की 170 यूनिट की बिक्री हुई। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अपने स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल, लग्जरी क्लास और इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए ज्यादा माँग के दम पर क्यू 1 में 51 प्रतिशत वृद्धि (बीएमडब्ल्यू और मिनी) दर्ज की। बीएमडब्ल्यू एक्स 7, बीएमडब्ल्यू एक्स 3, बीएमडब्ल्यू एक्स1 और बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज जैसे मॉडल्स पूर्णतह बिक गए। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने साल की पहली तिमाही में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। पहले के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए क्यू 1 में कार की बिक्री में 51 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई। उत्पादों की सबसे अधिक विविधतापूर्ण रेंज की बदौलत लग?री इलेक्ट्रिक कार मार्केट में हमारा अडिग नेतृत्व निर्विवाद रूप से बरकरार है। हम लग्जरी बाजार में धूम मचाने जा रहे हैं।

## बिली जीन किंग कपः भारत न्यूजीलैंड से 1-2 से हार कर प्ले-ऑफ में जगह बनाने से चूका

**चांगशा (चीन)।** अनुभवी टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना दूसरा एकल गंवाने के बाद अपनी जोड़ीदार प्रार्थना थोंबारे के साथ निर्णायक युगल मैच हार गईं जिससे भारत शनिवार को यहां न्यूजीलैंड से1-2 से पिछड़कर बिली जीन किंग कप के प्ले-ऑफ जगह बनाने के ऐतिहासिक मौके से चूक गया। भारत टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहकर एशियाओशिनिया ग्रुप एक में बना रहा। रुतुजा भोसले ने शुरूआती एकल में मोनिका बैरी पर 6-2, 7-6 से जीत दर्ज कर भारत को आगे कर दिया। अंकिता दूसरे एकल मुकाबले में दुनिया के 169 वी रैंकिंग की खिलाड़ी लुलु सुन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 2-6, 0-6 से हार गई। अंकिता अगर यह मैच जीत जाती तो भारत पहली बार इस टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बना लेता।

## गौरव गिल ओटागो रैली के पहले दिन शीर्ष तीन में

**नई दिल्ली /** भारत के सबसे तेज रैली ड्राइवर गौरव गिल न्यूजीलैड मे ओटागो रैली के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन मे जगह बनाने में सफल रहे। जेके टायर के गिल और न्यूजीलैड के उनके सह-चालक जेरेड हडसन तालिका मे शीर्ष पर काबिज जैक हॉक्सवुड से 30 सेकंड जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद रॉबी स्टोक्स से 11 सेकंड पीछे है। गिल और हडसन 2022 एपीआरसी चैपियन और 10 बार के ओटागो रैली विजेता हेडन पैडन की हुंडई आई20 एन रैली2 मशीन चला रहे थे। रैली के 16 चरण मे से पहले दिन ड्राइवरो ने आठ विशेष चरणो से होकर गुजरना था। गिल पांचवे चरण मे एक गलती कर बैठे जिससे उन्होने 15 सेकंड गंवा दिया।

## जापान बिली जीन किंग कप के फाइनल में

**लंदन।** जापान ने कजाखस्तान को हराकर बिली जीन किंग कप के फाइनल्स मे प्रवेश कर लिया जबकि नाओमी ओसाका को दूसरा एकल मैच खेलने की जरूरत ही नही पड़ी। जापान पहले दिन शुक्रवार को 2-0 से आगे था। नाओ हिबिनो ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-4, 3-6, 7- 6 से हराकर टीम को फाइनल्स मे जगह दिलाई जो नवंबर मे स्पेन मे खेला जाएगा। शुक्रवार को ओसाका ने पुतिनत्सेवा को मात दी थी। ओसाका को बाद मे अन्ना दानिलिना से खेलना था लेकिन उस मैच की जरूरत ही नही पड़ी।

## स्वियातेक ने पोलैंड को किंग कप फाइनल में पहुंचाया

**लंदन।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज इगा स्वियातेक ने शनिवार को स्विट्जरलैंड की सेलीन नेफ को 6-4, 6-3 से हराकर पोलैंड को पांच मैचो के क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ बिली जीन किंग कप फाइनल में पहुंचा दिया। फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली स्वियातेक ने शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के बील में इनडोर हार्ड कोर्ट पर अपना पहला एकल मैच भी जीता था। जापान ने कजाखस्तान को हराकर बिली जीन किंग कप के फाइनल्स में प्रवेश कर लिया जबकि नाओमी ओसाका को दूसरा एकल मैच खेलने की जरूरत ही नही पड़ी। जापान पहले दिन शुक्रवार को 2-0 से आगे था। नाओ हिबिनो ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-4, 3-6, 7-6 से हराकर टीम को फाइनल्स मे जगह दिलाई जो नवंबर मे स्पेन मे खेला जाएगा। शुक्रवार को ओसाका ने पुतिनत्सेवा को मात दी थी।

## आविष्कार ने किया साहसी युवाओं का सम्मान

**देवरिया।** आविष्कार ग्रुप का हिस्सा आविष्कार फाउंडेशन ने अपनी प्रमुख यंग उद्यमिता कार्यक्रम की तीसरी चरण को कुशीनगर में आयोजित किया । जागृति एंटरप्राइज सेंटर.पूर्वांचल देवरिया में एक इवेंट में विजेताओं को सम्मानित और पुरस्कृत किया। सरकारी स्कूलों के समूह सेए कस्तूरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने अपने फ्रूट जैम, व्यवसाय विचार के लिए सुशीला राय महिलाओं में उद्यमिता के लिए सम्मान प्राप्त किया। केन्द्रीय विद्यालय गंगरानी ने अपने अर्थटोट विचार के लिए चंद्रशेखर आजाद प्रेरणा, साहस और दृढ़ता के लिए सम्मान प्राप्त किया। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय सिरसिया ने अपने श्सेनेटरी नैपकिन व्यवसाय विचार के लिए रानी लक्ष्मीबाई नेतृत्व के लिए सम्मान प्राप्त किया। सरकारी कॉलेजों की टीमों में से बुद्धा पीजी कॉलेज ने अपने महिला कार प्रशिक्षण, यात्राए और राइडिंग सेवा सेंटर, विचार के लिए सुशीला राय महिलाओं में उद्यमिता के लिएसम्मान प्राप्त किया। फाउंडेशन के आर्थिक उद्यमिता से सामाजिक न्याय के विशाल लक्ष्य के साथ यह तीसरा कार्यक्रम थाए जो वाराणसी और गाजीपुर में अपने पायलट पहल की सफलता के बाद हुआ। युवाओं में उद्यमिता की जिज्ञासा को बढ़ावा देने और पूर्वी यूपी में एक फलनशील पारिस्थितिकी की ओर मूल बुनियादें रखने के दृष्टिकोण के साथ कुशीनगर से 10 सरकारी स्कूलों और 5 सरकारी कॉलेजों के 1500 छात्रों की भागीदारी से यंग उद्यमिता प्रोग्राम ने प्रभावी और टिकाऊ व्यवसाय योजनाओं का निर्माण और प्रस्तुति किया।15 फाइनलिस्ट्स ने अपने विचारों को महान ज्यूरी के समक्ष प्रस्तुत किया।

# मुक्केबाजी में आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पंघाल टीम में

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्व** चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह नहीं मिली। भारत के हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डुन्ने को भी पद छोड़ना पड़ा। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किलो) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2019 रजत पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2024 स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह पक्की करने का यह आखिरी मौका है। राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच (57 किलो) को भी टीम में जगह मिली है।



## पलक, सैन्यम के फाइनल में पहुंचने से भारत को पेरिस ओलंपिक के लिए 20वें कोटा की उम्मीद

**नई दिल्ली।** मौजूदा एशियाई खेलो की चैंपियन पलक और सैन्यम ने शनिवार को रियो डी जनेरियो मे आईएसएसएफ के आखिरी ओलंपिक क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल मे पहुंचकर भारतीय निशानेबाजी टीम को पेरिस खेलो के लिए कोटा स्थान की राह पर बनाए रखा। फाइनल रविवार को होगा। पहले क्वालिफिकेशन रिले में पलक और दूसरे में सैन्यम ने 578 का समान स्कोर बनाकर छठा और सातवां क्वालिफिकेशन स्थान हासिल किया, जिससे भारत को पास दो उपलब्ध कोटा स्थानों में से एक हासिल करने का मौका होगा।


# ऐरी टी-20 में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने

**●नेपाल के आक्रामक बल्लेबाज हैं ऐरी**

**अल अमेरात (कतर)।** नेपाल के आक्रामक बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी शनिवार को यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। एरी ने यहां चल रहे एसीसी मेन्स प्रीमियर कप टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान मेजबान कतर के खिलाफ यह कारनामा किया। ऐरी से पहले भारतीय दिग्गज युवराज सिंह (टी20 विश्व कप 2007 के दौरान स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ) और वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड (2021 में श्रीलंका के अकिला धनंजय के खिलाफ) एक ओवर में छह छक्के लगा चुके हैं। चौबीस साल के ऐरी 21 गेंद की पारी में सात छक्के और तीन चौकों की मदद से 64 रन पर नाबाद रहे। उनकी इस ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से नेपाल ने सात विकेट पर 210 रन बनाए। कतर की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 178 रन बना सकी। नेपाल ने इस मैच को 32 रन जीता। नेपाल ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में मलेशिया को पांच विकेट से हराया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐरी एक ओवर में छह छक्के जड़ने वाले पांचवें बल्लेबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका के हर्शल गिब्स और अमेरिका के जसकरन मल्होत्रा ने एकदिवसीय में एक ओवर में छह छक्के लगाए हैं। एरी इससे पहले भी लगातार छह छक्के लगा चुके हैं। पिछले साल सितंबर में हांगझोऊ एशियाई खेलों के दौरान उनका यह कारनामा दो ओवरों में पूरा हुआ था। नेपाल ने इस टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में तीन विकेट पर 314 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया था।



## एलएसजी के सीइओ बिष्ट व यूपीसीए के मीडिया मैनेजर फहीम को एलएसजेए ने किया सम्मानित





**लखनऊ।** लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिव्य नौटियाल एवं सचिव एस एम अरशद की मौजूदगी में लखनऊ सुपर जाइंट्स के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट एवं उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ -यूपीसीए के मीडिया मैनेजर मोहम्मद फहीम को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट द्वारा इकाना स्टेडियम में सम्मानित किया गया दोनों ही महान हस्तियों को दुशाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ मीडिया जगत के सभी दिग्गजमौजूद थे। ज्ञात हो कि लखनऊ सुपर जायंट्स का होम ग्राउंड एकाना स्टेडियम है जहां पर लखनऊ अपने सात मैच इकाना स्टेडियम पर खेलेगी जिसकी जिम्मेदारी लखनऊ सुपरजाइंट्स के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट के कंधों पर है । लखनऊ सुपर जाइंट्स ने अभी तक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है यूपीसीए के मीडिया मैनेजर मोहम्मद फहीम द्वारा किए गए शानदार कार्य को देखते हुए उनका भी सम्मान किया गया। इकाना स्टेडियम के मीडिया सेंटर में आयोजित सम्मान के दौरान लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष गुलशन द्विवेदी एवं चेयरमैन शरद दीप को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टाइम्स आफ इंडिया के पूर्व जर्नलिस्ट संतोष सूरी, असीम मुखर्जी के अलावा आदित्य श्रीवास्तव, मिहिर श्रीवास्तव, अहसन रिजवी, विमल पांडे, नदीम अहमद , रबाब हैदर , आलोक श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव,अनवारूल हक,राघवेंद्र प्रताप सिंह,रघुवीर प्रसाद शर्मा ,अनिल सैनी,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# राहुल, लैंगर की हौसलाअफजाई से प्रेरणा मिली : बडोनी

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी ने कहा कि कप्तान केएल राहुल और कोच जस्टिन लैंगर ने खराब प्रदर्शन के बावजूद उन पर भरोसा बनाए रखा जिससे वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर सके। बडोनी ने 35 गेंद में 55 रन बनाए जिसकी मदद से लखनऊ ने सात विकेट पर 167 रन बनाए। दिल्ली ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। बडोनी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , सत्र की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन मैं नेट पर अच्छा खेल रहा था। मैं केएल राहुल और जस्टिन लैंगर को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने लगातारी मेरी हौसलाअफजाई की। मैं बल्लेबाजी करते समय देर तक टिककर आक्रामक खेलने के बारे में सोच रहा था। मुझे लगता है कि हम 20 रन पीछे रह गए। मैने राहुल से काफी बात की और उन्होंने हमेशा मेरा



हौसला बढ़ाया है। वह कहते हैं कि तुम सर्वश्रेष्ठ हो और फिनिशर की भूमिका निभा सकते हो। जस्टिन से भी मेरा अच्छा तालमेल है। मैं पिछले साल आस्ट्रेलिया गया था और उन्होंने भी कई चीजें सिखाई। मैने वहां जस्टिन के साथ दस दिन का शिविर किया जिससे काफी मदद मिली। दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आम्रे का मानना है कि पहली बार आईपीएल में खेल रहे जैक फ्रेसर मैकगुर्क की पारी से टीम को जीत दर्ज करने में आसानी हुई। आस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के इस बल्लेबाज ने 35 गेंद में 55 रन बनाए। जैक ने शानदार पारी खेली। वह टीम का एक्स फैक्टर है और उसमें छक्के जड़ने की जबर्दस्त क्षमता है। इस प्रारूप में यह काफी अहम है। हमने पिछले दो मैचों में अच्छा खेला लेकिन यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है।

## गंभीर ने स्टार्क का बचाव किया, व्यक्तिगत प्रदर्शन से ज्यादा टीम की सफलता पर फोकस करने पर जोर

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने व्यक्तिगत प्रदर्शन से अधिक टीम की सफलता पर फोकस करने पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि इस आईपीएल मे खराब फॉर्म के कारण मिचेल स्टार्क को बुरा गेंदबाज नही कहा जा सकता। आस्ट्रेलिया के स्टार्क को केकेआर ने 24 करोड़ 75 लाख रूपए में खरीदा था जो अभी तक 77 की औसत से दो ही विकेट ले सके है और चारों मैचो मे 11 से अधिक की औसत से रन दिए। गंभीर ने उनका बचाव करते हुए कहा , खराब आंकड़े मायने नही रखते। टी20 क्रिकेट मे गेंदबाजों की धुनाई होती ही है। हमने चार में से तीन मैच जीते है। लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच से पहले गंभीर ने कहा , टीम खेल मे जीत मायने रखती है। हमने चार मे से तीन मैच जीते है। मै किसी के प्रदर्शन से खुश क्यो नही होऊंगा। अच्छा बुरा दिन खेल मे आता है लेकिन टीम की जीत अहम है। उन्होने कहा , पहले चार मैच मे हमें अच्छे परिणाम मिले। हमे पता है कि स्टार्क क्या कर सकता है।चार मैच उसे बुरा गेंदबाज या अच्छा गेंदबाज नही बनाते। हमे पता है कि वह क्या कर सकता है। उन्होने कहा , व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे मे बात करने की कोई वजह नही है। मेरा मानना है कि स्टार्क ने अच्छा खेला है। वह जल्दी ही असर छोड़ेगा क्योंकि इसके लिए ही उसे चुना गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।